CMYK

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 14 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 90 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ ही लोग भंग कर रहे शांति: उमर अब्दुल्ला पेज 2



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज आज से खेल टाइम्स




और कितना गिरेंगे टीवी चैनल सम्पादकीय



पाकिस्तान में आर्मी चीफ आसिम मुनीर को मिली तीनों सेनाओं की कमांड पेज 12

## दिल्ली लालकिला ब्लास्ट में बड़ा खुलासा, अहम सुराग मिले

# बाबरी विध्वंस का बदला लेना चाहते थे आतंकी

- देशभर में 32 कारों के जरिये धमाके की रची गई थी साजिश, लालकिले के पास कार ब्लास्ट इसी योजना का हिस्सा था
- आतंकियों ने सेशन एप यूज किया, रजिस्ट्रेशन के लिए फोन नंबर, ईमेल जरूरी नहीं, मैसेज ट्रेसिंग मुश्किल काम
- तुर्की से हुई थी ब्लास्ट की प्लानिंग, सेशन एप से आतंकियों को मिले निर्देश, तुर्की ने आरोपों को नकारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लालकिले के पास 10 नवम्बर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसम्बर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई-20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं।

जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें बरामद हो चुकी हैं। 10 नवम्बर को जिस आई-20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के रेड फोर्ट के पास हुए हमले में शामिल आतंकियों ने एन्क्रिप्टेड एप्स का इस्तेमाल किया था। एन्क्रिप्टेड एप्स यानी मैसेज सिर्फ सेंडर और रिसीवर ही पढ़ सकते हैं। इसमें तीन बड़े एप्स का नाम सामने आया है। टेलीग्राम, सिग्नल और सेशन। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी डाक्टर मुजम्मिल ने पूछताछ में कबूल किया कि उन्होंने इन्हीं एप्स की मदद से अपने हैंडलर्स से बात की थी। टीओआई की एक रिपोर्ट के -शेष पृष्ठ दो पर

### डीएनए टेस्ट से डा. उमर के विस्फोटक वाली कार में होने की हुई पुष्टि



**नई दिल्ली।** डीएनए परीक्षण से पुष्टि हो गई है कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास जिस कार में विस्फोट में हुआ था उसे डा. उमर नबी ही चला रहा था क्योंकि उसके स्टीयरिंग व्हील में मिले पैर के हिस्से और नबी की मां के डीएनए नमूने आपस में मिल रहे हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार नबी की मां के डीएनए नमूने और नबी के पैर के डीएनए आपस में मैच हो रहे हैं। जांचकर्ताओं को यह सफलता तब मिली जब डा. नबी का पैर कार के स्टीयरिंग व्हील और एक्सीलेटर के बीच फंसा हुआ पाया गया। इससे संकेत मिलता है कि विस्फोट के समय वह कार चला रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुल 21 जैविक नमूने जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) भेजे गए थे।

### डा. उमर और मुजम्मिल के कमरों से मिलीं डायरियां

**नई दिल्ली।** कार विस्फोट मामले की जांच कर रही एजेंसियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित डा. उमर नबी और डा. मुजम्मिल के कमरों से उनकी डायरियां बरामद की हैं। सूत्र ने बताया कि ये डायरियां अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर के अंदर से बरामद की गईं। इनमें से एक डा. उमर के कमरा नंबर चार से और दूसरी डा. मुजम्मिल के कमरा नंबर 13 से बरामद की गईं। इसके अलावा, पुलिस ने डा. मुजम्मिल द्वारा इस्तेमाल किए गए एक कमरे से एक और डायरी भी जब्त की है। यह वही जगह है जहां से पहले 360 किग्रा विस्फोटक जब्त किया गया था। यह कमरा अल फलाह विश्वविद्यालय से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। बरामद डायरियों और नोटबुक्स में कोड शब्द हैं, जिनमें आठ नवम्बर से 12 नवम्बर के बीच की तारीखों का जिक्र है। डायरियों में 'ऑपरेशन' शब्द कई बार लिखा है।

### दोषियों को मिलेगी सख्त सजा: शाह

**अहमदाबाद/नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर आर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया। जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

# पायलट पर नहीं डाली गई हादसे की जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपना पक्ष रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई जारी है। इस बीच केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि प्राथमिक जांच रिपोर्ट में एयर इंडिया के पायलट को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं बताया गया है।

नागर विमानन मंत्रालय ने कोर्ट में कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम को अंतर्राष्ट्रीय चलन के तहत गठित किया गया था। यह जांच अभी भी जारी है। गौरतलब है कि गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने के चंद सेकंड बाद दुर्घटना का शिकार हो गया था। इस घटना में 265 लोगों की जान चली गई थी। एएआईबी के अंतर्गत हुई जांच में इस मामले में कई अहम पहलुओं का खुलासा हुआ था। हालांकि, इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद विमान को उड़ाने वाले एक पायलट के पिता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर दिया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत गठित की गई है और इसका गठन कानूनी प्रावधानों के तहत किया गया है। जस्टिस बागची ने कहा कि एएआईबी की जांच किसी पर दोषारोपण के लिए नहीं होती, बल्कि इसका मकसद दुर्घटना के कारणों का पता लगाना होता है, ताकि भविष्य में -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली धमाके के बाद बढ़ा धमकियों का सिलसिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद से ही पूरे देश की एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसके बावजूद पिछले दो दिनों से लगातार एयरपोर्ट से लेकर कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं। कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रही उड़ान को बम की धमकी मिली। इसके बाद दिल्ली में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में मौजूद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया।

### चैतन्य बघेल की 61 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी के रायपुर आंचलिक कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जारी जांच के सिलसिले में आरोपी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये मूल्य की अचल/चल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं।

# पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं नौ की मौत, पांच जिंदा जले

## ट्रक का ब्रेक फेल होने से कार-कंटेनर में लगी आग

पुणे, वार्ता



**पुणे के बाहरी** इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक सबसे पहले एक कार में टकराया। कार आगे जा रहे कंटेनर से भिड़ गई और उसमें आग लग गई। कंटेनर भी जल गया।

हादसे में कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए। ट्रक ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनर और ट्रक के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकंड में ही लपटों में घिर गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हादसे में घायल हुए सभी लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि सतारा से पुणे की ओर आ रहे दोनों ट्रकों के बीच कार फंस गई थी। हादसे के कारण नवले ब्रिज पर लंबा जाम लग गया है। इसके अलावा ट्रक में भी आग लग गई इससे ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका। उसकी भी मौत हो गई। पीछे एक यात्री वाहन था, वह भी आग की चपेट में आ गया। उसमें 17-18 लोग सवार थे। सभी घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ कारें और अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपये की मदद देने का ऐलान किया है।

# 1962 के युद्ध के बाद बंद न्योमा एयरबेस फिर शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ चीन बॉर्डर के पास लद्दाख में 13000 फीट ऊंचाई पर बना, एयरफोर्स चीफ ने लैंड किया एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन की सीमा के पास न्योमा एयरबेस को बुधवार को फिर से शुरू किया गया। भारतीय वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल एपी सिंह ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से सी-130जे ट्रांसपोर्ट एयरक्रॉफ्ट उड़ाकर न्योमा एयरबेस में लैंडिंग की। उनके साथ पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा भी थे।

न्योमा एयरबेस 13,710 फीट की ऊंचाई पर है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। यह चीन की सीमा एलएसी से करीब 25 किलोमीटर दूर है और इसमें 2.7 किलोमीटर लंबा रनवे है। यह एयरबेस 1962 में शुरू हुआ था, लेकिन भारत-चीन युद्ध के बाद बंद कर दिया गया था। 2023 में इसे फिर से आधुनिक एयरबेस बनाने का काम शुरू हुआ और अब 12 नवम्बर को इसे दोबारा खोला गया है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मुध-न्योमा एयरबेस का उद्घाटन किया। यहां से लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हलीकॉप्टर उड़ान भर सकते हैं। इसे करीब 218 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां से सैनिकों और हथियारों को तेजी से एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने में मदद मिलेगी। मुध-न्योमा नाम बेस के पास स्थित मुध गांव से लिया गया है। न्योमा लद्दाख में वायुसेना का चौथा बेस है। अन्य 3 एयरबेस लेह, कारगिल और थोईस में स्थित हैं। इनमें कारगिल एयरबेस लगभग 10,500 फीट पर स्थित है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना स्पेशल ऑपरेशन एयरक्रॉफ्ट और हेलीकॉप्टरों के लिए उत्तरी लद्दाख में शिथि दौलत बेग ओल्डी में मिट्टी से बने रनवे का इस्तेमाल करती है। यह 16,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा एयरफील्ड है। रक्षा मंत्रालय एलएसी से सटे सभी हवाई ठिकानों और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स (एएलजी) का आधुनिकीकरण कर रहा है। इसी कड़ी में दौलत बेग ओल्डी एएलजी में भी आधारभूत ढांचा मजबूत किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सितम्बर 2023 में न्योमा एयरबेस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। इसे बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने पूरा किया।



## संक्षिप्त समाचार

### मां ने दुधमुंहे पुत्र को चुल्हे में जलाया फिर लगाई फांसी

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र में एक महिला ने रात में सोते समय अपने दस माह के पुत्र को चुल्हे की आग में डालकर जला दिया और फिर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आसनडीह ग्राम पंचायत के जोबेदह गांव में पतिराज की 28 वर्षीय पत्नी राजपति बुधवार शाम अपने मायके से अपने घर ससुराल आई थी। रात्रि में सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए थे। रात्रि में पत्नी राजपति भी अपने 10 माह के बेटे को लेकर एक कमरे में सोने चली गई जबकी बघ बेटा अपने मामा के साथ सोने चला गया था। सभी लोगों के सोने के बाद वह अपने छोटे बेटे को जलते चूल्हे में डालकर जला दिया और खुद घर के अंदर बड़ेर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। गुरूवार की सुबह जब परिजन सो कर उठे, तो घटना देखकर स्तब्ध रह गए। राजपति का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था, जबकि दस वर्षीय बालक का शव चूल्हे में पड़ा हुआ था। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया।

### कश्मीर में तापमान में गिरावट जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर में बुधवार रात का तापमान शून्य से नीचे गिर गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रातों में से एक थी। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री कम दर्ज किया गया, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। श्रीनगर में तापमान साल के इस समय के सामान्य तापमान से 3.4 डिग्री कम रहा। जम्मू में कल अधि. कतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया।

## पांच राज्यों की समीक्षा बैठक में बोली बसपा प्रमुख मायावती

# सरकार की नीतियों से श्रमिक संकट में

**लखनऊ, वार्ता**



■ दिल्ली, राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में दिया मार्गदर्शन

बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण श्रमिक वर्ग का जीवन संकट में है, जबकि उनके कल्याण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

सुश्री मायावती ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में पार्टी संगठन की तैयारियों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, जनसंपर्क को अधिक व्यापक बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर पार्टी की सक्रियता को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई के कारण लोगों का जीवन स्तर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकारें जनहित के वास्तविक मुद्दों से हटकर राजनीति में उलझी हुई हैं, जिसके कारण आम लोगों की समस्याएं अनसुलझी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरह बाकी राज्यों की स्थिति भी चिता. जनक है और इस वजह से जनता में गहरा असंतोष है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के कारण जनता बेहद परेशान है। इन राज्यों में सामाजिक एवं जातिगत तनाव और घटनाओं पर उन्होंने सरकारों को कठोर कार्रवाई करने की नसीहत दी। बसपा अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि वे जन-आंदोलन को और मजबूत करें तथा बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक करने के लिए प्रभावी अभियान चलाएं। उन्होंने पार्टी के 'जनहित सर्वोपरि' सिद्धांत को लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि बसपा ही वह विकल्प है जो जनता को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर दिलाने में सक्षम है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 6 दिसम्बर को परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण (महापरिनिर्वाण) दिवस दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। यह आयोजन पार्टी के मिशनरी स्वरूप के अनुरूप होगा, जिसमें किसी प्रकार का राजनीतिक दिखावा नहीं बल्कि सामाजिक समर्पण मुख्य केंद्र में रहेगा। इस दौरान पार्टी ने सभी राज्यों के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में 'बहुजन समाज' को मजबूत करने और शोषित वर्ग को राजनी. तिक शक्ति दिलाने के प्रयासों को तेज करें।

### लालकिला के पास हमले को किस प्रकार ले रही है सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम के बाद 'ऑपरेशन सिदूर' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने कहा था कि किसी भी आतंकी हमले को 'एक्ट ऑफ वॉर' माना जाएगा इसलिए देश जानना चाहता है कि लालकिला के पास हुए हमले को वह किस तरह से ले रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उसने आपरेशन सिंदूर के दौरान इस तरह के हमलों को 'एक्ट ऑफ वॉर' मानने की बात कही थी ।अब वह इस हमले को लेकर क्या कर रही है, यह बात सरकार को देश के लोगों को बतानी चाहिए। उन्होंने कहा ष्हम यह जानना चाहते हैं कि सरकार इस हमले को किस तरह से देख रही है, क्योंकि इस हमले को बाहरी ताकतों के द्वारा समर्थन, शक्ति और प्रेरणा मिल रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी के 343 ओडीओपी स्टॉल लगेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ 2750 प्रतिभागी लेंगे मेले में भाग

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की थीम पर आधारित 44वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले 2025 का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में 14 से 27 नवम्बर तक किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश 44वें अतंर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी 'लोकल टू ग्लोबल' की आर्थिक रणनीति को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापर के केंद्र के तौर पर विक. सित करना, साथ ही प्रदेश के स्थानीय उत्पादों की पहुंच वैश्विक बाजार तक स्थापित करना है।

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा इस मेले को राज्य की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना, युवा स्टार्टअप्स और बढ़ती हुई महिला उद्यमिता को प्रदर्शित करने के लिए भी की जाएगी। भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में उत्तर प्रदेश एक साझीदार राज्य के रूप में शामिल हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'लोकल टू ग्लोबल' की मुहीम को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राज्य के 2,750 से अधिक प्रदर्शक भागीदारी करेंगे। साथ ही इस मेले में 343 स्टॉल ओडीओपी योजना के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे। व्यापार मेले में राज्य की ओर से लगाए जा रहे ओडीओपी स्टॉल्स में आगरा का पेठा, बनारसी हस्तशिल्प, भदोही की कार्पेट, मेरठ के खेल सामान, कानपुर के चमड़े के उत्पाद, फिरोजाबाद के ग्लासवेयर और सहारनपुर की लकड़ी की कलाकृतियों जैसे उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

# समय से उपलब्ध कराएं विसरा रिपोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



■ हाईकोर्ट ने सीएस व डीजीपी को दिए निर्देश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, डीजीपी और प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को विसरा की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि विवेचना अधिकारियों को समय पर विसरा रिपोर्ट मिलनी चाहिए। विसरा रिपोर्ट के बिना चार्जशीट दाखिल करने पर कहा कि अध. ूरी विवेचना करके मौत का कारण जाने बिना चार्जशीट दाखिल करना सही नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी रामरतन निवासी फर्रुखाबाद की जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं से विसरा रिपोर्ट जांच एजेंसियों तक पहुंचने में हो रही देरी को चिंताजनक बताया।

साथ ही मुख्य सचिव, डीजीपी और महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को स्थिति की जांच करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि विसरा रिपोर्ट समय की बर्बादी किए बिना जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि जांच के दौरान पूर्ण, उचित और प्रभावी मूल्यांकन संभव हो सके। कोर्ट ने कहा कि मृतक का विसरा फरवरी 2024 में झांसी स्थित प्रयोगशाला भेजा गया था। सितंबर 2024 में तैयार किया गया, लेकिन रिपोर्ट पहली फरवरी 2025 तक जांच अधिक. ारी को नहीं मिली। इसके बाद ही केस डायरी में संलग्न की गई, जबकि आरोप पत्र 13 सितंबर 2024 को ही दाखिल किया जा चुका था। विसरा रिपोर्ट मिलने से पहले 11 नवंबर 2024 को मामले का संज्ञान ले लिया गया था। आरोप-पत्र दाखिल कर दिया गया, इससे स्पष्ट होता है कि जहां तक मृत्यु के कारण का प्रश्न है, वह निर्णायक नहीं था। इस देरी से यह भी पता चलता है कि जांच किसी न किसी रूप में अधूरी थी। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे महत्वपूर्ण साक्ष्य समय रहते जांच एजेंसी के पास होना चाहिए।

# हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ लोग भंग कर रहे शांति



**जम्मू, वार्ता**

कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

अब्दुल्ला ने गुरुवार को यहां पत्राकारों से बातचीत में कहा कि यह विस्फोट बेहद निंदनीय है। किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है। घटना की जांच होनी चाहिए, लेकिन हमें यह भी याद रखना होगा कि हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं है और केवल कुछ ही लोग हैं जो शांति और भाईचारा खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं के बाद जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है, बल्कि सामा. जिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### शाहीन सईद का अतीत टटोलने प्रयागराज पहुंची सुरक्षा एजेंसियां

**प्रयागराज।** दिल्ली बम ब्लास्ट के मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार शाम प्रयागराज के मोती लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज में आकर संदिग्ध आतंकी शाहीन सईद से संबंधित दस्तावेज खंगाले। बम ब्लास्ट के बाद गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन सईद का प्रयागराज मेडिकल कॉलेज से भी नाता रहा है। बताया जा रहा है की वर्ष 1996 में डॉक्टर शाहीन सईद ने एमबीबीएस में प्रवेश लिया था और मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रहते हुए 2002 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी।

### जम्मू-कश्मीर में सीआईके की 13 स्थानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर द्धसीआईकेत्र शाखा गुरुवार को दिल्ली बम विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में घाटी में लगभग 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके और आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) संयुक्त रूप से यह छापेमारी अभियान चला रहे हैं, ताकि बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य विस्फोट की साजिश से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों और जैश-ए-मुहम्मद की संलिप्तता का पता लगाना है।



सेंसेक्स 84478.67
निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजार: सपाट बंद हुए प्रमुख सूचकांक

## बिकवाली हावी रहने से रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद हुए

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को कुल मिलाकर बिकवाली हावी रही, हालांकि प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में लगभग सपाट बंद हुए। बीएसईई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.16 अंक (0.01 प्रतिशत) की मामूली बढ़त से 84,478.67 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 3.35 अंक यानी 0. 01 फीसदी चढ़कर 25,879.15 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक लगातार चौथे दिन हरे निशान में बंद हुए हैं। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली देखी गई। निफ्टी में मिडकैप और स्मॉलकैप के सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.34 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया। बैंकिंग, एफएमसीजी, आईटी और ऑटो सेक्टरों ने बाजार पर ज्यादा दबाव बनाया। वहीं धातु, फार्मा और रियलिटी सेक्टरों में आज तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,732 के शेयर टूट गए, जबकि 1,367 में तेजी रही। शेष 62 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और शेष 12 के हरे निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 3.81 प्रतिशत उछला। आईसीआईसीआई बैंक में 1.99 प्रतिशत और पावर ग्रिड तथा एलएंडटी दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 3.63 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स का शेयर 2.26 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.45, ट्रेंट का 1.19, टाटा स्टील का 1.15, बीईएल का 1.10 और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.06 प्रतिशत टूट गया। इनके अलावा टीसीएस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, टेक महिंद्रा, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.73 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.56 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.43 प्रतिशत चढ़ा।

### सोने और चांदी की कीमतों में फिर तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने की कीमतें फिर से 1.27 लाख प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि साल के अंत तक सोना +4,300 से +4,600 प्रति औंस तक जा सकता है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निवेशकों की मजबूत खरीदारी देखने को मिली। यह बढ़त अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण आई है। भारत में गुरुवार दोपहर 2.26 बजे तक एमसीएक्स पर सोना 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,27,666 पर कारोबार कर रहा था। ज्वेलरी बाजार में एक किलो चांदी की बिक्री 159,000 रूपये प्रति किलो है। इस तरह एक किलो हॉल मार्क वाले चांदी के आभूषणों बिक्री 157,000 रूपये प्रति किलो हो रही है।

## चावल, गेहूं, खाद्य तेलों में नरमी, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों में भी नरमी रही। चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया जबकि दालों में उतार-चढ़ाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा दो रिंगिट चढ़कर 4,126 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.67 प्रतिशत के मजबूती के साथ 50.96 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,839.05 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 14 रुपये टूटकर 2,853.53 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में छह रुपये की गिरावट रही और यह 3,303.64 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में आज नरमी देखी गई। मूंगफली तेल की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सरसों तेल सात रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल के दाम 45 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। पाम ऑयल 33 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति भी 61 रुपये और सूरजमुखी तेल 25 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये और उड़द दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वहीं चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे . दाल-दलहन: दाल चना 7890.56 रुपये, मसूर काली 8161.11 रुपये, मूंग दाल 10092.93 रुपये, उड़द दाल 10379.58 रुपये, तुअर दाल 10592.74 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.53 रुपये और चावल 3839.05 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326. 75 रुपये और गुड़ 5010.47 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17683.07 रुपये, मूंगफली तेल 17675.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15633.72 रुपये, सोया तेल 13703.51 रुपये, पाम ऑयल 12457.93 रुपये और वनस्पति 14421.96 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बाबरी विध्वंस....**

मुताबिक जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद जैसे टेरर ग्रुप्स से जुड़े 4 आतंकी 2022 में तुर्की गए थे। वो यहां उकासा कोडनेम वाले हैंडलर से मिले। शुरुआती बातचीत टेलीग्राम पर हुई, लेकिन ग्रुप ने स्ट्रैटेजिकली कोऑर्डिनेशन को ज्यादा सिक्योर सिग्नल और सेशन एप्स पर शिफ्ट कर दिया, ताकि कोई भी उन्हें ट्रेस न कर पाए। सेशन एक प्राइवेट मैसेंजर एप है, जो पूरी तरह डिसेंट्रलाइज्ड है। ये एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन यूज करता है। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स मूल रूप से यूजर्स की प्राइवेसी के लिए बनाए गए थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में आतंकी ग्रुप्स, रेडिकल संगठन और अपरा. धियों की पहली पसंद बन गए हैं। इसी बीच दिल्ली ब्लास्ट की जांच कर रही एजेंसियों को एक बड़ा सुराग मिला है। एक एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का तुर्की की राजधानी अंकारा में बैठे एक विदेशी हैंडलर से सीधा संपर्क था। जांच में पता चला है कि वह अंकारा से ही आरोपियों की एक्टिविटी, फंडिंग और कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने से जुड़ी पूरी कार्रवाई संभाल रहा था। प्लानिंग के लिए सेशन एप का इस्तेमाल किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि इस हैंडलर की पहचान कोडनेम 'उकासा' से हुई है। उकासा अरबी भाषा का शब्द है। इसका मतलब मकड़ी होता है। संभव है कि यह उसका असली नाम नहीं बल्कि पहचान छिपाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। हालांकि तुर्की ने इसे दुष्प्रचार बताया है। तुर्की ने दिल्ली धमाके के आतंकियों और तुर्की के हैंडलर से कनेक्शन की खबरों को झूठा बताया है। तुर्की सरकार ने कहा कि इस तरह की झूठी रिपोर्टों का मकसद दोनों देशों के आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाना है।

**पायलट पर....**

ऐसी घटना दोबारा न हो। एक एनजीओ की तरफ से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इतने बड़े पैमाने की दुर्घटना की जांच कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की तरह की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पायलट संघ ने भी चिंता व्यक्त की है कि इन विमानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता और इनमें यात्रा करने वाले लोगों के जान को बड़ा खतरा है। उधर जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि इन कार्यवाहियों को एक एयरलाइन बनाम दूसरी एयरलाइन की लड़ाई नहीं बनना चाहिए और सॉलिसिटर जनरल से मृतक के पिता की ओर से दाखिल याचिका पर जवाब दायर करने को कहा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी।

# भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे भगवान बिरसा मुंडा: सीएम योगी

**लखनऊ, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने अभियान चलाया, जिस पर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने जनजाति समुदाय को नारा दिया कि अपना देश-अपना राज। देश हमारा है, तो राज भी हमारा ही होना चाहिए, विद. ेशी हुकूमत भारत में राज न करे।

धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने 15 नवम्बर को जनजाति दिवस के रूप में आयोजित करने की प्रेरणा दी। योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को ढोल-नगाड़ों की थाप से जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया और यहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मेजबान उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के जनजाति कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति भी दी। सीएम योगी ने इस वर्ष की विशेषता बताते हुए इसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पहली से 15 नवम्बर तक देश में जनजाति गौरव पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। सरकार द्वारा जनजाति समुदाय को समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने व सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है। योगी ने कहा कि सांस्कृतिक समागम में 22 राज्यों के कलाकारों को जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कलाकार सहभागिता की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश पार्टनर स्टेट है। गुजरात, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, मिजोरम, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल, असम, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखंड व पंजाब के कलाकार उत्तर प्रदेश में आकर जनजाति भागीदारी उत्सव में सहभागी बन रहे हैं। यहां हस्तशिल्प व कला प्रदर्शनी, व्यंजन मेला और जनजाति साहित्य को समर्पित साहित्यिक व विकास मंच भी है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की आबादी यूपी में कम है। पहले सरकारी नौकरी के विज्ञापन निकालते थे, तो अनुसूचित जाति की पूरी सीटें नहीं भरी पाती थीं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हादसे में महिला की दर्दनाक मौत

## शादी समारोह से लौट रहे ग्रामीण हादसे का शिकार






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शादी समारोह से लौट रहे ग्रामीणों की ई-रिक्शा में पीछे से डंपर ने टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा में सवार महिला की मौत हो गई और पांच अन्य सवारियां घायल हो गई। हादसे के बाद डंपर पलट गया और उसका चालक मौके से फरार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नारायणपुर निवासी ग्रामीण आज शाम करीब पांच बजे भागूवाला में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद ई-रिक्शा से वापस लौट रहे थे। इस बीच नारायणपुर वाले रास्ते पर पीछे से आ रहे खनन सामग्री के डंपर संख्या यूके 07 सीबी 7077 ने ई-रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा चालक लियाकत (50 वर्ष) पुत्र बसाहत निवासी ग्राम मोहनपुर, श्रीमती खातून (50 वर्ष) पत्नी यूनुस, रेशमा (22 वर्ष) पुत्री यासीन, आसमा (30 वर्ष) पुत्री यासीन एवं रानी (25 वर्ष) निवासीगण ग्राम नारायणवाला गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए ले जाने के दौरान श्रीमती खातून की मौत हो गई। जबकि अन्य घायलों का इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद डंपर भी सड़क किनारे पलट गया। डंपर का चालक मौके से फौरन ही फरार हो गया। सूचना मिलने के बाद मंडावली पुलिस मौके पर पहुंच गई और डंपर को अपने कब्जे में ले लिया।

जिला प्रशासन की लापरवाही व कई विभागों में रिश्वतखोरी का डंका बजने की वजह से मंडावली, नगीना देहात और नजीबाबाद थाना क्षेत्र में जमकर अवैध खनन हो रहा है। इन थाना क्षेत्रों में खनन भाफिया हर माह अरबों रुपए कमा रहे है। इनसे करोड़ों की रिश्वत ली जा रही है।

### एक नजर

## सर्व खाप पंचायत में पहुंचने का आह्वान



**नहटौर।** मुजफ्फरनगर के सोरम में आयोजित सर्व खाप पंचायत में ज्यादा से ज्यादा लोगों से पहुंचने का आह्वान किया गया। भाकियू टिकैत के जिला प्रवक्ता चौधरी राजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर के सोरम में 16 नवंबर से तीन दिवसीय सर्व खाप की पंचायत है। पंचायत में क्षेत्र से अधिक से अधिक लोग पहुंचे। यह एक सामाजिक पंचायत है इसमें किसी भी पार्टी किसी भी दल के व्यक्ति अपनी पहचान लगाकर भी पंचायत में जा सकते हैं। यह सर्वजातीय सम्मेलन है। इसमें जो समाज में कुरीति चल रही है। उसमें सब लोगों से विचार विमर्श करके मंथन करके कुछ निर्णय लिए जाने है। 16 नवंबर को बिजनौर नुमाइश ग्राउंड पर नौ बजे एकत्र होकर सोरम के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के जानवरों से हो सुरक्षा



**कालागढ़।** ग्राम इस्लामनगर पंचायत क्षेत्र में जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। फसलों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा बना हुआ है। इसी समस्या को देखते हुए शिवसेना ने वन विभाग से पंचायत क्षेत्र में सोलर फेंसिंग लगाने की मांग की है। शिवसेना पदाधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में हाथी, तेंदुआ, सूअर और अन्य जंगली जानवरों की आवाजाही आम बात हो गई है। रात के समय खेतों में काम करना या बाहर निकलना ग्रामीणों के लिए खतरे से खाली नहीं रहता। ग्रामीणों की फसलें भी लगातार बर्बाद हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते वन विभाग द्वारा सोलर फेंसिंग की व्यवस्था नहीं की गई, तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बहाल हो सके। मौके पर शिवसेना जिलाध्यक्ष बिजनौर संजय राणा, परशुराम, सचिन बिष्ट, आरिफ, अवधेश, साजिद, संजय सिंह चौहान, विकास, नईम अंसारी, सतनाम सिंह, शमशाद साइकिल वाले आदि लोग मौजूद रहे ।

## आज लगेगा रोजगार मेला

**बिजनौर।** प्रदेश सरकार की मनसा के अनुरूप जनपद के प्रत्येक बेरा. `जगार युवक एवं युवतियों को उनकी योग्यता एवं इच्छा अनुसार रोजगार दिलाए जाने के उद्देश्य से जनपद बिजनौर में निरंतर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रात: दस बजे से आरजीएनपी इंटर कॉलेज राजा का ताजपुर में जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दर्जनों कंपनियां प्रतिभाग कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधान सहायक राकेश शर्मा एवं प्रभारी सेवायोजन अधिकारी पंकज चौधरी ने संयुक्त से अधिक से अधिक युवक एवं युवतियों को रोजगार मेले में सम्मिलित होने की अपील की है।

# खुशी ने दीक्षांत समारोह में जीता स्वर्ण पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आर.एस.एम. कॉलेज की बी.एससी. (कृषि ऑनर्स) की होनहार छात्रा खुशी गुप्ता ने अपने मेहनत और लगन के दम पर बड़ा मुकाम हासिल किया है। खुशी ने

### अखिल भारतीय परीक्षा में पूरे देश में हासिल की 16वीं रैंक

महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली के 23वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्राप्त किया है। उन्हें यह सम्मान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने हाथों से पहनाकर दिया। खुशी को यह मेडल यूनिवर्सिटी स्तर पर सबसे बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए मिला है। राज्यपाल के हाथों सम्मान पाने पर खुशी के चेहरे पर गर्व और खुशी दोनों झलक रहे थे।

खुशी की इस उपलब्धि से आर.एस.एम. कॉलेज का नाम एक बार फिर रोशन हो गया है। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने खुशी को बधाई देते हुए कहा कि खुशी ने साबित किया है कि मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खुशी ने न सिर्फ कॉलेज बल्कि पूरे धामपुर और बिजनौर जिले का मान बढ़ाया है। मीडिया प्रभारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि खुशी गुप्ता पहले भी अपनी मेहनत और प्रतिभा से नाम कमा चुकी हैं। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की अखिल भारतीय परीक्षा में पूरे देश में 16वीं रैंक हासिल की थी। इसके बाद उन्हें गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में एम.एससी. (कृषि) में एडमिशन मिला। उन्होंने कहा कि खुशी जैसे छात्र ही कॉलेज की पहचान होते हैं, जो अपनी लगन और मेहनत से जिले का नाम ऊँचा करते हैं। खुशी की इस उपलब्धि से आर.एस.एम. कॉलेज और बिजनौर जनपद गर्व महसूस कर रहा है। कॉलेज परिवार ने खुशी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## करंट लगने से मौत



**स्योहारा।** कस्बे में रेलवे फाटक के पास गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें ट्रक के क्लीनर की करंट लगने से मौत हो गई। ट्रक संख्या UP 23 AT 0469 नूरपुर से गन्ना लादकर अवध शुगर मिल, स्योहारा जा रहा था। रास्ते में ट्रक से कुछ गन्ना नीचे गिर गया। इस पर ट्रक का क्लीनर फैजान (24 वर्ष) पुत्र पीरु, निवासी मधुपुरा थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर, गन्ना सही करने के लिए ट्रक के ऊपर चढ़ गया। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही उच्च वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आने से फैजान गंभीर रूप से झुलस गया। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्योहारा ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

# दिल्ली बम धमाके के बाद धामपुर में पुलिस खुफिया विभाग अलर्ट मोड पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद पूरे प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर आ गए हैं। इसी क्रम में धामपुर पुलिस एवं स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। सुरक्षा इनपुट मिलने के बाद धामपुर क्षेत्र में पुलिस ने बीती रात सघन जांच अभियान चलाया और नगर के एक मदरसे में ठहरे अन्य राज्यों से आए जमात के लोगों से पूछताछ की।

मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली में धमाके की घटना के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस को उच्च स्तर से अलर्ट जारी किया गया है। इसी के तहत धामपुर पुलिस ने देर रात मदरसे में रुके हरियाणा, राजस्थान और अन्य राज्यों से आए लगभग एक दर्जन जमातियों की पहचान कर उनसे पूछताछ की। हालांकि जांच में कोई संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस ने सभी को तत्काल नगर छोड़ने की सख्त हिदायत दी।

### एक दर्जन बाहरी जमातियों को मदरसा छोड़ने की हिदायत

बताया गया कि पुलिस की हिदायत के बाद सभी जमाती देर रात ही धामपुर से रवाना हो गए। इस दौरान पुलिस एवं एलआईयू की टीम ने मदरसे के संचालकों से भी बातचीत की और उनके यहां ठहरने वाले बाहरी लोगों का पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े सूत्र बताते हैं कि दिल्ली की घटना को देखते हुए पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है। पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है और संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी निगाह रखी जा रही है। इसके अलावा धार्मिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

खुफिया विभाग के सूत्रों के मुताबिक, किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाव के लिए हर स्तर पर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। धामपुर में यह कदम इस बात का संकेत है कि स्थानीय प्रशासन राजधानी दिल्ली की घटना के बाद सुरक्षा को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता। पुलिस और खुफिया विभाग अब क्षेत्र में हर गतिविधि पर करीबी नजर बनाए हुए हैं।

## लापता युवक सकुशल बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** साढ़े तीन माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता युवक अर्पित गुप्ता को पुलिस ने पंजाब से सकुशल बरामद कर लिया है। युवक की बरामदगी से पुलिस व परिजनों ने राहत की सांस ली है।

### परिजनों ने ली राहत की सांस

कस्बे के मौहल्ला लालसराय निवासी अर्पित गुप्ता लगभग साढ़े तीन महीने पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। उसकी बाइक नगीना थाने की चितौड़गढ़ पुलिस चौकी पर खड़ी मिली थी। युवक 31 जुलाई को एक मोबाइल कंपनी के कार्य से थाना नगीना देहात क्षेत्र में गया था। परिजनों ने थाना नगीना देहात में युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तभी से थाना नगीना देहात व बढ़ापुर पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बुधवार को अर्पित की लोकेशन गांव चुन्नी बडाला, जनपद फतेहपुर साहिब पंजाब की मिली थी। बढ़ापुर और नगीना देहात पुलिस लोकेशन ट्रेस करती हुई मौके पर पहुंची, तो अर्पित एक ढाबे पर कार्य करता हुआ मिला।

अर्पित ने बताया कि उसका दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। वह ट्रेन से लुधियाना पहुंचा। लुधियाना में वह लेबर चौक पर बैठा हुआ था। तभी कुछ लोग उसे अपने साथ ढाबे पर ले गए। पुलिस देर रात उसको लेकर घर पहुंची, तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# आरवीआईटी में यातायात पर सेमिनार

## यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें: सीओ संग्राम सिंह






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालजी बिजनौर परिसर में यातायात सुरक्षा एवं साइबर क्राइम जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि श्री संग्राम सिंह, सीओ सिटी बिजनौर प्रमुख वक्ता के रूप में रहे । इनके साथ पुलिस चौकी झालू के कुलदीप कुमार उपस्थित रहे ।

संग्राम सिंह ने अपने सम्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा से जुड़ी जानकारी साझा की जैसे की हेलमेट लगाना, सीट बेल्ट लगाना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना आदि यातायात के नियमों का पालन करना । साइबर क्राइम से बचने के लिए छात्रों को उचित टूल्स एवं टिप्स बताए । उन्होंने संचार साथी एप के बारे में जानक. ारी दी इस एप में एक नाम से कितने नंबर चल रहे है उनका पता लगाया जा सकता है। किसी भी धोखाधड़ी कॉल की रिपोर्ट की जा सकती है । एआईके द्वारा हो रहे सोशल स्कम जैसे कि किसी की भी फोटो एडिटिंग, विडियो एडिटिंग कर सोशल मीडिया पर अपलोड करना के बचने के उपाये बताए ।

संस्थान के प्रबन्धक निदेशक श्री सनी देशवाल, फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. हितेश कुमार व तकनीकी पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. नितिन अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करना व साइबर क्राइम से बचने के लिए स्वमं व अपने परिवार को जागरूक करने का आह्वान किया ।

### एक नजर

## हादसे में एक युवक घायल



**नांगल सोती।** नांगल- चंदक मार्ग पर गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्राले और कार की टक्कर में चिकित्सक घायल हो गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए बिजनौर भेजा। बुधवार की रात्रि लगभग नौ बजे नांगल की ओर से गन्ने से भरा एक ट्रैक्टर ट्राला बरकातपुर चीनी मिल जा रहा था। चंदक की ओर से आ रही कार और ट्रैक्टर ट्राले में सौफतपुर के समीप आमने-सामने की टक्कर हो गई है, जिसमें कार चालक थाना मंडावर के गांव माचकी निवासी चिकित्सक राहुल कुमार घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहुल कुमार का नांगल बस स्टैंड पर क्लीनिक है। मौके पर पहुंची पुलिस व राहगीरों ने चिकित्सक को उपचार के लिए बिजनौर भेजा है।

## छात्राओं ने प्रतियोगिता में मारी बाजी



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने जिला स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर में 12 नवम्बर को आयोजित 'महियसी महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता' में 'वर्तमान जीवन प्रणाली एवं पनपता अवसाद' विषय पर धामपुर की छात्राओं ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कक्षा 10 की छात्राएं आयशा और मीनाक्षी सैनी ने प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय लौटने पर प्रधानाचार्या रेखा देवी ने दोनों छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शिक्षिकाएं उषा रानी, नीतू, अंजलि, विनोद शर्मा, सुषमा शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

## धामपुर में हनुमान चालीसा व भजन संध्या



**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति (पंजीकृत) के तत्वावधान में और बाबा श्री नीम करौरी कृपा कुंज के संस्थापक श्री रामदास जी महाराज के सान्निध्य में श्रीमती वंदना गौड़ एवं श्री आशीष कुमार के निवास पर उनके पुत्र दर्श विशिष्ठ के जन्मदिन के अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक भक्तगण उपस्थित रहे। समारोह में पंडित पवन कौशिक महाराज ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर परिवार के संरक्षक योगेन्द्र कुमार शर्मा, सुषमा शर्मा, मुख्य यजमान आशीष कुमार, वंदना गौड़ सहित कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिकाएं, समाजसेवी और बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। मुख्य सेवकों में सुभाष कौशिक, पंकज, एड. यतेन्द्र शर्मा, तरुण शर्मा शास्त्री, मेघराज प्रजापति, डॉ. अनुज वर्मा, मयंक सिंघल, चेतन सैनी, अनिल चौधरी आदि शामिल रहे। समिति की ओर से तरुण शर्मा शास्त्री एवं पंकज भटनागर ने आयोजनकर्ता परिवार को भगवान राम के नाम वाला स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**धामपुर।** आरएसएम महाविद्याल में मिशन शक्ति एनएसएस (छात्र एवं छात्रा ईकाई) के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के पावन अवसर पर मनाये जाने वाले पखवाड़े के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर रश्मि रावल ने की। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी एवं मुंडा जनजाति के लोकनायक थे। इस जनजाति के आदिवासियों के लिए उनके द्वारा किये गये अहम योगदानों के कारण उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया। प्रतियोगिता में भूमिकांशी, बी.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, जिया साह, एम.एस-सी तृतीय सेमेस्टर एवं राजकुमार, बी.एस-सी. (कृषि) प्रथम सेमेस्टर ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा स्पर्धा रानी, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासियों के महान नायक थे। कार्यक्रम में डॉ. एस.एस. कटियार, प्रो. शौराज सिंह, प्रो. रमाकान्त, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. ओ.पी. मौर्य, श्री जितेन्द्र चौधरी, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. विवेक, डॉ. गोपाल, कृष्ण तिवारी यादव, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. आकाश, डॉ. अर्चना गहलौत, डॉ. विनय दुआ एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नहटौर में छोटा हाथी वाहन चोरी

**नहटौर।** मौहल्ला नौधा निवासी मौहम्मद शमशीर अपना छोटा हाथी वाहन को धामपुर मार्ग पर मौहल्ला नौधा में माहगीरों वाली मस्जिद के पास बुधवार की रात को लॉक लगाकर खड़ा करके घर चला गया था। करीब तीन घंटे बाद आकर देखा, तो छोटा हाथी वाहन गायब था। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। छोटा हाथी वाहन का लॉक खोलकर एक युवक ले जाता हुआ नजर आ रहा है। आसपास छोटा हाथी वाहन की तलाश की गई, लेकिन कोई अता पता नहीं लग सका है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मिशन शक्ति अभियान में महिला सुरक्षा पर फोकस

## सुरक्षा को लेकर नगीना में जागरूकता का नया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्रान्तर्गत मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत एल आर एस एकैडमी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकार डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत एलआरएस अकैडमी में महिलाओं व छात्राओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी विशेष अभियान चलाया गया जिसमें सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेन्शन योजना, वृद्धा अवस्था पेन्शन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमन्त्री आवास योजना, उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान इत्यादि से अवगत कराया गया तथा इसके अतिरिक्त महिलाओं को उनकी सुरक्षा के सम्मान के प्रति जागरुक किया गया।



पुलिस अधिकारियों द्वारा अपील की गई कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करे और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कराए। पुलिस द्वारा शिकायतकर्ता का नाम पते को गोपनीय रखे जाने की बात कही गई। कार्यक्रम में महिला थाना नगीना की मिशन शक्ति टीम के अधिकारी व कर्मचारीगण शामिल रहे।

अभियान के दौरान महिलओ को साइबर सुरक्षा और नारी सुरक्षा संबंधी जागरूकता दी गई। महिलाओ व बालिकाओ को साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय, ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्हें साइबर धमकी या उत्पीडन की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन व ऑनलाइन पोर्टल्स की जानकारी दी गई।

साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना आदि की जानकारी भी प्रदान की गई। महिलाओ एव बालिकाओ की सुरक्षा हतु उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

## टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस की समाप्ति तक जारी रहेगा आंदोलन: चंद्रहास सिंह



### बैठक में महारैली में शामिल होने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध एवं पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 25 नवंबर को दिल्ली होने वाली महारैली की सफलता को लेकर जिला संरक्षक अतुल कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता एवं ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के संचालन में राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में बैठक आयोजित हुई बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि सरकार को टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस के काले कानून वापस लेने होंगे। पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है जिसके लिए अटेवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में निरंतर संघर्षरत है संघर्ष के क्रम में आगामी 25 नवंबर को दिल्ली में महारैली आयोजित की जाएगी जिसमें देश के लाखों शिक्षक एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर अतुल कुमार रस्तोगी एसपी गंगवार करणवीर सिंह राजेंद्र कुमार डॉ सुनील कुमार अलका रानी छवि गर्ग निर्मला यादव प्रदीप कुमार सिंह जयप्रकाश पटेल भूपेंद्र चौधरी तेजपाल सिंह मोहम्मद अनस नरेश कुमार जितेंद्र पाल सिंह आदि ने संबोधित करते व दिल्ली में होने वाली महारैली को सफल करने का आवाह्न किया।

# क्षेत्राधिकारी ने नगीना थाने का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने थाना नगीना का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर और कार्यालय का गहनता से जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्रैमासिक जांच कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



क्षेत्राधिकारी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, बैरक, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, शौचालय और महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या/बलवा से संबंधित रजिस्टर और बीट सूचना रजिस्टर जैसे महत्वपूर्ण अभिलेखों की बारीकी से जांच की। संबंधित कर्मचारियों को इन अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस कर्मियों से शस्त्र अभ्यास कराया गया। शस्त्रागार में शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों, लावारिस एवं जब्त वाहनों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। मिशन शक्ति केंद्र पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को महिला फरियादियों की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुनकर तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद, क्षेत्राधिकारी नगीना ने थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना और उनके तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति अच्छा व्यवहार रखने और लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। इस निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी अवनीत मान सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नगीना के एक ही गांव के लड़का लड़की के भागने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम-प्रसंग के कारण लड़का-लड़की के भाग जाने का मामला सामने आया है। लड़की के परिजन ने गुरुवार को थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव से प्रेम-प्रसंग में लड़का-लड़की के भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर गुरुवार को थाने में लड़की के परिजन शिकायत करने पहुंचे। जहां पुलिस ने लड़की की मां द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर शिकायत दर्ज कर ली है। नगीना थाना अध्यक्ष ने कहा कि लड़का लड़की भाग जाने को लेकर शिकायत मिली है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धर्मशानंगली निवासी एक महिला द्वारा थाना नगीना में तहरीर देकर शिकायत की गई कि दोपहर लगभग 12 बजे उसकी दो बेटियां जिनमें से एक की उमर लगभग 21 वर्ष है अपनी छोटी बहन के साथ नगीना किसी काम से आयी उसके बाद बड़ी बहन ने छोटी बहन से सेब खरीदने को कहा। छोटी बहन सेब खरीदने रेलवे स्टेशन के पास एक होटल के सामने गई और पीछे मुडकर देखा तो बड़ी बहन नही थी जबकि 10 मिनट पहले छोटी बहन ने गांव के ही एक लडके को कालाखेडी के फाटक के पास बाईक पर देखा था। मां ने बताया कि उक्त लड़क लगभग 6-7 महीने से उसके घर के पास दुसरे तीसरे दिन चककर काटता था और कभी कभी प्रार्थीनी की बेटी से जबरदस्ती बात करने की कोशिश करता था। आरोपी का परिवार रावली महदुद थाना रोशनाबाद मे किसी फेक्ट्री में काम करता है।

पिछले एक महीने से पूरा परिवार अपने गांव धर्मशानंगली आया हुआ था और चार दिन पहले सभी यहां से रावली महदुद चले गये। आरोपी के परिवार मे मां, बाप, छोटा भाई, व दो बहने हैं। शिकायतकर्ता महिला द्वारा बताया गया कि उसकी बेटी की शादी इसी महीने 27 नवंबर को ठाकुरद्वारा के पास बलिया गांव में होनी थी। महिला ने बताया कि उसकी बेटी ने हरा सूट व सफेद दुपटटा पहन रखा है।

# बच्चों को दुनियावी तालीम अवश्य दे: मुख्तार अहमद

## बच्चों का बचपन एक खाली जमीन की तरह





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** काबिले मुबारकबाद हैं वे सभी तलबा व तालिबात जिन्होंने मदरसा तहफीजुल कुरान के जेरे एहतमाम आयोजित इस्लामिक क्विज (इस्लामिक जनरल नॉलेज) प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर मजहबी मालूमात में दिलचस्पी और बेदारी का सबूत पेश किया। कार्यक्रम में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सचिव और मरकज वाली मस्जिद के खतीब इमाम मौलाना मुख्तार अहमद कासमी ने नसीहत करते हुए कहा कि आज की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि हम अपने बच्चों को असरी (दुनियावी) तालीम के साथ इस्लामी तालीम भी अवश्य दिलाएँ। उन्होंने कहा कि बच्चों का बचपन एक खाली जमीन की तरह होता है, जिसमें जो कुछ बोया जाता है, वही आगे जाकर उनकी शख्सियत का हिस्सा बनता है।

मौलाना कासमी ने कहा कि बच्चों ने पूरे एहतमाद (विश्वास) के साथ इस्लामिक क्विज के जवाब दिए हैं। अल्लाह तआला इन बच्चों और बच्चियों की उम्र में बरकत अता फरमाए और इन्हें आगे चलकर दीन के दाई बनकर कौम व मिल्लत की खिदमत करने की तौफीक दे।

कार्यक्रम में कासमी फाउंडेशन के बानी व सदर, बुजुर्ग आलिमे-दीन मौलाना याकूब नकश्बंदी ने तलबा व तालिबात को खिताब करते हुए कहा कि उम्र का यह कीमती मरहला दोबारा नहीं आता। यह जिंदगी का वह दौर है जब इंसान अपने आप को संवार सकता है। उन्होंने कहा कि "अगर आप चमकते चाँद की किरणों की तरह दुनिया को मुनव्वर करना चाहते हैं तो आपको इल्म हासिल करने के लिए मुसलसल जद्दोजहद, मेहनत और काविश जारी रखनी होगी। मौलाना याकूब कासमी ने आगे कहा कि हमारे मदारिस और स्कूलों के जिम्मेदारों को चाहिए कि बच्चों के मुस्तकबिल (भविष्य) को रोशन बनाने के लिए इस तरह के इस्लामिक क्विज व तकरीर (भाषण) प्रतियोगिताओं का आयोजन नियमित रूप से करें। इस मौके पर मौलाना जियाउर्रहमान कासमी ने बच्चों को नसीहत करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और शौक के साथ तालीम हासिल करें और मुल्क व कौम की खिदमत का जज्बा रखते हुए आला तालीम की तरफ बढ़ें। मदरसे के मोहतमिम कारी अली हुसैन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद इलाके के स्कूलों व मदरसों के तलबा व तालिबात में इस्लामी मालूमात में इजाफा करना है।

मदरसे के नाजिम मुफ्ती मोहम्मद आजम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 400 बच्चों ने शिरकत की। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार तलबा व तालिबात को पहला व दूसरा स्थान प्राप्त करने पर नगद इनाम, मेडल और सनद देकर सम्मानित किया गया।

अन्य प्रतिभागियों को भी मेडल व प्रमाणपत्र देकर हौसला अफजाई की गई। इस मौके पर मुफ्ती मोहम्मद सलमान, मुफ्ती जुबैर कासमी, मुफ्ती सुहैल अहमद, मुफ्ती सनाउल्लाह, मौलाना नसीम अहमद, मुफ्ती सुफियान, मुफ्ती मोहम्मद उवैस और मौलाना अजीम अहमद सहित कई उलेमा-ए-किराम मौजूद रहे। अंत में मुफ्ती मोहम्मद आजम ने प्रोग्राम में तशरीफ लाए तमाम उलेमाओं और मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

## याकुल्ट डैनोन इंडिया लिमिटेड सोनीपत हरियाणा का किया औद्योगिक भ्रमण

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, बिजनौर के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के छात्रों ने याकुल्ट डैनोन इंडिया लिमिटेड सोनिपत हरियाणा का एक शैक्षिक औद्योगिक भ्रमण किया, जिसका उद्देश्य औद्योगिक संचालन और आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान, छात्रों को विशिष्ट प्रक्रियाओं या तकनीकों के विभिन्न पहलुओं, जैसे विनिर्माण, उत्पादन, स्वचालन, गुणवत्ता नियंत्रण, या सॉफ्टवेयर विकास, से परिचित कराया गया। कंपनी के मानव संसाधन प्रबंधक, सगुण राणा तथा महक गर्ग कार्यकारी अधिकारी ने छात्रों को कार्यप्रवाह, सुरक्षा प्रक्रियाओं और अपने संचालन में अपनाए गए नवीनतम नवाचारों के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी।

# शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से की भेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में शिक्षकों की बढ़ती और लंबे समय से लंबित समस्याओं को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) का प्रतिनिधिमंडल आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिला। संघ ने शिक्षकों से संबंधित 15 प्रमुख मुद्दों को विस्तारपूर्वक रखते हुए उनके त्वरित निस्तारण की मांग की।

### वेतन-पेंशन सहित 15 मांगों पर चर्चा



संघ ने के समक्ष जिन समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की, उनमें वेतन अवरुद्धता, चयन/प्रोन्नत वेतनमान, सेवा पुस्तिका अद्यतन व पूर्णता, अवकाश स्वीकृति में देरी, पेंशन संबंधी अड़चनें, महिला शिक्षिकाओं को 30 दिन का बाल्य देखभाल अवकाश प्रदान करने की आवश्यकता जैसी महत्वपूर्ण माँगें शामिल थीं।

बीएसए ने सभी बिंदुओं का संज्ञान लेते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शिक्षक हितों से जुड़े मामलों के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। शीघ्र ही संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों/कर्मचारियों को इसके लिए पत्र लिखा जाएगा शिक्षकों का डीए तथा बोनस अगले सप्ताह तक शिक्षकों के खातों में भेज दिया जाएगा। संघ ने बीएसए के सकारात्मक रुख का स्वागत करते हुए कहा कि समस्याओं के समाधान से शिक्षकों में कार्य संतुष्टि और विश्वास दोनों बढ़ेंगे।

बीएसए से वार्ता के बाद संघ की संक्षिप्त बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें आगामी 24 नवम्बर को दिल्ली में होने वाली रैली की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। संघ ने कहा कि जनपद के शिक्षक टेट के काले कानून के विरोध में रैली में पूर्ण एकजुटता के साथ भाग लेंगे।

प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष सुधीर यादव जिला मंत्री राहुल राठी, जिला प्रवक्ता अंगजीत चौधरी, जिला मंत्री तरुण गुप्ता, प्रांतीय संयुक्त मंत्री विश्वपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष नजमा खातून, जिला संयुक्त मंत्री अल्फिया अफजाल, ब्लॉक अध्यक्ष अल्हापुर अर्चना सिंह, मंत्री, जय सिंह, हल्दौर ब्लॉक अध्यक्ष प्रमेंद्र रायसन, सचिन राजपूत, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष हितेश कुमार, उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं.08 के सम्पत्ति संख्या 389 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में श्रीमति सीता देवी पत्नी रामदेव प्रसाद के नाम दर्ज है। अत: श्रीमति सीता देवी पत्नी रामदेव प्रसाद का नाम निरस्त कर श्री गिरीश श्रीवास्तव पुत्र रामदेव प्रसाद का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### चोरी का खुलासा करने पर किया सम्मानित



**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी योगेश तायल के चोरी का खुलासा होने के उपलक्ष्य में जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, प्रदेश मंत्री बिन्दु सर्राफ, महीला मोर्च मधु महेशवरी, सरोज बाला ने नजीबाबाद पुलिस इंस्पेक्टर राहुल सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर जोगेंद्र सिंह स्टेशन चौकी प्रभारी सौरभ सिंह और पुरे पुलिस टीम को सम्मानित किया। जिसमें नगर अध्यक्ष शाहीद सिद्दीकी, जिला महासचिव रईस कुरैशी, नगर सचिव धीरज झा, नगर युवा अध्यक्ष शेर अली, शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, शाखा अध्यक्ष असलम भाई, शाखा उपाध्यक्ष शिताब खान, नगर सचिव राजेश तागरा, नगर संगठन मंत्री फरत अली, अन्य व्यापार संगठन पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### पिंजरे में कैद हुआ गुलदार



**नजीबाबाद।** ग्रामीणों ने गुलदार को पिंजरे में फंसा देखकर वन अधिकारियों को सूचना दी मौके पर पहुंचकर वन अधिकारियों ने गुलदार को ग्राम धनसिनी से जालपुर नर्सरी गुलदार को वन विभाग की टीम ने पहुंचाया। जहां से उच्च अधिकारियों के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और गुलदार को सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। पिंजरे में कैद हुआ गुलदार नर गुलदार बताया जा रहा है जिसकी उम्र 6 वर्ष बताई जा रही है । ग्राम धनसिनी में गुलदार देखा गया था।जिसकी सूचना वन अधिकारियों को दी गई थी सूचना पर वन अधिकारियों द्वारा ग्राम धनसिनी में पिंजरा लगाया गया था। एक हफ्ता पहले लगाया था गया था गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा । क्षेत्रीय वन अधिकारी नजीबाबाद राम कुमार प्रथम ,हरगोविंद सिंह क्षेत्र बन अधिकारी नजीबाबाद रेंज , मोहम्मद यामीन उर्फ गामा दैनिक श्रमिक , मोहम्मद अकरम दैनिक श्रमिक आदि मौका स्थल पर मौजूद रहे।

### सत्यवीर सिंह चुने गए अध्यक्ष



**नगीना।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, बिजनौर इकाई की नगीना शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन बुधवार को सर्वसम्मति से चुनाव के माध्यम से हुआ। यह चुनावी प्रक्रिया जिला मंत्री अमित मिश्रा, तहसील अध्यक्ष गौरव कुमार नजीबाबाद, तहसील अध्यक्ष धामपुर परवीन नागर, जिला संयोजक अशोक कुमार, उप जिला मंत्री राजवीर सिंह आदि पदाधिकारियों की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। नई कार्यकारिणी में सत्यवीर सिंह को अध्यक्ष चुना गया है, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकुल शर्मा, कव उपाध्यक्ष अभिलाष कुमार, सचिव जयपाल सिंह, उपसचिव तुषार चौहान, कोषाध्यक्ष हिमांशु कुमार, ऑडिटर रितिक कुमार को जिम्मेदारियां दी गईं। कुल वोट 90 थे जिनमें से 88 वोट पड़े। सत्यवीर सिंह को वोट 66 तथा विपक्ष गौरव भटनागर को 22 वोट मिले । इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम में संघ के बड़ी संख्या में सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने संगठन की एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वे लेखपालों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी के सहयोग से नियमानुसार संघर्ष करेंगे। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन करने की बात भी कही।

### शासन-प्रशासन के सख्त आदेश बेमाईने

**चान्दपुर।** शासन के दिशा निर्देशों का हो या फिर जिला स्तर के आदेषो का पालन शायद चांदपुर में कोई माईने नहीं रखते है। चांदपुर मे जिला स्तर पर बृहस्पतिवार का दिन साप्ताहिक अवकाश का दिन निर्धारित है मगर यहां कोई आदेश माईने नही रखते, यह हम नही कह रहे बल्कि चांदपुर के समस्त बाजारों में बृहस्पतिवार के दिन अधिकांशत कुछ बाजार और बाजारों में खुलने वाली अनेक दुकाने इस बात का प्रमाण है कि बृहस्पतिवार का दिन भले ही साप्ताहिक अवकाश का दिन निर्धारित हो मगर दुकाने खोलनी ही है। कुछ समय पूर्व की बात है नगर में बहस्पतिवार के दिन किसी मामू का नाम चलता था नाम का एक तरह से भय बना रहता था कि कहीं मामू न आ जाये और कहीं मोटी रसीद न कट जाये, मगर अब यहां सब कुछ होता चला आ रहा है। साप्ताहिक बंदी/साप्ताहिक अवकाश के दिन भी नगर की में बड़ी संख्यां में दुकाने खुली रहती है, रही बात शासन के आदेश इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है नगर से सटी कृषि भूमियों में कालोनाईजर कालोनियां काटने से बाज नहीं आ रहे है। मिटट्ी/रेत का अवैध खनन रोके से नहीं रोका जा रहा है। तहसील क्षेत्र में कहीं न कहीं मिटट्ी/रेत का अवैध खनन कार्य चलता मिल जायेगा। सोशल मीडिया पर हलक फाड़ कर शोर मचाने वाले शोर मचाते रहते है कि आज वहां शासन के सख्त आदेश के बावजूद भी मिटट्ी/रेत का अवैध खनन हो रहा है मगर कोई रोकने वाला नहीं। प्राय सुनने, देखने व सोशल मीडिया पर पढ़ने को मिलता रहता है कि चांदपुर में शासन के सख्त आदेशों की धाज्जियां उड़ाई जा रही है और जमकर आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या साप्ताहिक अवकाश वाले बृहस्पतिवार के दिन साप्ताहिक बंदी कड़ाई से लागू होगी, शासन और जिला प्रशासन के सख्त आदेशों का पालन होगा यह देखने वाली बात होगी।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

संस्था श्रीराम आदर्श शिशु विद्यालय समिति, ग्राम मुबारकपुर पो. शेरकोट, तह. धामपुर, जिला बिजनौर सर्वश्री 01. श्री राजेशर सिंह, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, 02. श्री विरेन्द्र कुमार, भूतपूर्व उपप्रबन्धक, 03. श्री धीरेन्द्र सिंह, भूतपूर्व संरक्षक, 04. श्री जितेन्द्र सिंह, भूतपूर्व उपसंरक्षक, 05. श्री जसवीर सिंह, भूतपूर्व मंत्री, 06. श्री बलराम सिंह, भूतपूर्व लेखा निरीक्षक, निवासीगण ग्राम मुबारकपुर पो. शेरकोट, तह. धामपुर, जिला बिजनौर

संस्था श्रीराम आदर्श शिशु विद्यालय समिति, ग्राम मुबारकपुर पो. शेरकोट, तह. धामपुर, जिला बिजनौर के नवीनीकृत की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु श्री सत्येन्द्र कुमार स्वयं को उक्त संस्था का प्रबन्धक दर्शाते हुये प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2025-2026 में आपको चयनित नहीं दर्शाया गया। अत: उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में सो. रजि. एक्ट 1860 के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसा. पंजी. अधि. 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक**

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, भतीजा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हरिद्वार नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा स्वस्तिक गार्डन के पास हुआ, जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## परिजनों में मचा कोहराम

प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम गंगाधरपुर निवासी सोनम (35 वर्ष) पत्नी कोमल सिंह अपने भतीजे प्रदीप कुमार (27 वर्ष) पुत्र करण सिंह के साथ बाइक से नगीना क्षेत्र के ग्राम समसपुर सद्दो में रिश्तेदारी के कार्यक्रम से लौट रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक धामपुर क्षेत्र में स्वस्तिक गार्डन के पास पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सोनम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे परिजनों ने तुरंत दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी धामपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सोनम को मृत घोषित कर दिया और प्रदीप को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

सूचना मिलने पर धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी।

# वर्षा मापी टांवर हटाने की मांग

**नगीना।** एम एम इंटर कालेज के हॉकी खेल मैदान में मौसम विभाग द्वारा लगाए गए वर्षा मापी टांवर को खेल मैदान से हटाकर बराबर में पड़े खाली प्लाट में शिफ्ट कराने के लिए शाईनिंग हॉकी क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ी ने अपर जिलाधिकारी बिजनौर के कार्यालय पहुंच कर उन्हें एक पत्र सौंपा। नगर में हॉकी खेलने व स्कूली छात्र-छात्राओं को स्पोर्टस के अभ्यास करने के लिए एक मात्र खेल का मैदान एमएम इंटर कॉलेज में ही है। जिसके पिछले कई वर्षों से खराब पड़े होने से हॉकी का व स्पोर्टस के खेल बंद होने के कारण हॉकी खिलाड़ी व स्पोर्टस के खेलों की तैयारी करने वाले छात्र छात्राएं खेलों से वंचित होकर रह गए हैं।

# दो पक्षों में जमकर मारपीट महिला गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव पावटी में गुरुवार दोपहर दो समुदायों के बीच मामूली कहासुनी ने अचानक विवाद का रूप ले लिया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव हुआ। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बल प्रयोग कर स्थिति पर काबू पाया और आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम निवासी मुन्ने सिंह की पत्नी गौरी और मैराज पुत्र इरफान के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद मारपीट और पथराव में बदल गया। अचानक हुए पथराव से गांव में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इसी दौरान प्राथमिक विद्यालय में रसोई कार्य कर घर लौट रही कृष्णा देवी पत्नी पुरन सिंह को एक पत्थर सिर में लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

## पुलिस ने बल प्रयोग कर पाया स्थिति पर काबू

घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी गौतम राय व थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाकर किसी तरह स्थिति शांत कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घायल महिला की तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### करंट से गाय व बछिया की मौत



**बढ़ापुर।** ग्राम किशनपुर कुंडा में विद्युत पोल में लगे तार में उतरे करंट की चपेट में आकार एक गाय व एक बछिया की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण हरपाल सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह के घर के पास ही विद्युत पोल खड़ा हुआ है। विद्युत लाइन में अर्थ के लिए पोल के पास ही जमीन में तार लगा हुआ है। रोज की तरह गुरुवार को भी उन्होंने अपनी गाय व बछिया को पोल के पास ही बांध रखा था। अचानक तार में करंट दौड़ गया और वहां पर बंधी गाय व बछिया की करंट की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि उस समय वहां पर परिवार का कोई सदस्य नही था। वरना गंभीर हादसा भी हो सकता था। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक पशुओं का पोस्टमार्टम कराने के लिए पशुचिकित्सक को सूचित किया है।

### अपर रेल मंडल प्रबंधक से मांगी रिपोर्ट




**नजीबाबाद।** चंदोक रेलवे स्टेशन पर मौजूद रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी पर अंडरपास के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से रिपोर्ट मांगी गई है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्रालय को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि चंदोक रेलवे स्टेशन पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी जोकि सहायक मंडल अभियंता रुड़की के अधीन आता हैं । उक्त मार्ग पर एक व्यस्ततम मार्ग है तथा आए दिन यहां पर जाम लगता रहता है। गन्ने का सीजन शुरू हो चुका है और गन्ने के ट्रक भी बड़ी संख्या में जा रहे हैं इसके अलावा उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर 24 घंटे में लगभग 120 ट्रेन अप और डाउन गुजरती हैं। अत सुरक्षित आवागमन के लिए यहां पर अंडरपास का निर्माण बेहद जरूरी है। इसी परिपेक्ष में संबंधित रेल मंत्रालय ने अपर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद में मौजूद अपर मंडल रेल प्रबंधक परितोष गौतम से आख्या रिपोर्ट मांगी है।

### बाइक सवार तीन घायल



**नहटौर।** क्षेत्र के गांव नंहेड़ा निवासी रिंकू, सतीश, महेंद्र एक ही बाइक से मजदूरी करके नहटौर से घर वापस लौट रहे थे। नहटौर-नूरपुर मार्ग पर गांव खंडसाल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया।। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आशीष आर्य ने बताया कि रिंकू की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रैफर किया गया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि सूचना मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### आम के पेड़ों पर चल आरा



**कालागढ़।** ग्राम पंचायत इस्लामनगर में विभाग की लापरवाही एवं बिजली विभाग की मिलीभगत से मोटे-मोटे आम के पेड़ों पर चले आरे कालोनी मेट द्वारा दी गई अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार को जानकारी दी गई। सिंचाई विभाग अधिकारी से बृजेश कुमार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर अधिकारियों को भेज कर ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर करवाई की। वहीं अवर अभियंता ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रही है। वहीं बिजली विभाग में तैनात कर्मचारी इन पेड़ों को कटवाने के खम्बों के केबिलों को हटाने के लिए मोटी रकम लेकर केबिलों को हटाते है और जब इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता धामपुर से केबिल हटाने की जानकारी ली, तो उन्होंने किसी आदेश से इनकार किया और कार्यवाही का भरोसा दिलाया। मालूम हो कि बृहस्पतिवार को आम के पेड़ों पर आरा चलने वालों से साठ गांठ शुल्क वसूल कर अनुबंधित कर्मचारियों ने सुबह से ही खम्बों के केबिल हटाकर बिजली गुलकर दी। पेड़ों पर आरा चलाने वालों ने दिनभर पेड़ों पर आरा चलाया। यह पहला मामला नहीं है। जब इस तरहा के पेड़ों पर आरा चलाया गया।

# नूरपुर में प्रेमी युगल को रंगरेलियां मनाते पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर में मुरादाबाद मार्ग पर गन्ने के खेत में प्रेमी युगल को रंगरेलियां मनाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। उनकी पिटाई भी की गई। मगर बुजुर्गों ने दखल देकर उन्हें वहां से भेज दिया।

प्राप्त समाचार के नूरपुर में मुरादाबाद मार्ग पर आज दोपहर प्रेमी युगल के सिर पर अय्याशी का भूत सवार हो गया। उन्होंने एक सूनसान जगह पर चक रोड पर बाइक खड़ी कर दी और अन्दर गन्ने के खेत में चले गए। वहां पर वह रंगरेलियां मनाने लगे। उन्हें खेत में जाते हुए एक बाइक सवार ने देख लिया था। उसे कुछ शक हुआ, तो वहां से गुजर रहे अन्य लोगों को रोक कर वह गन्ने के खेत के किनारे ले गया।

## गन्ने के खेतों को बनाया अड्डा

उन्होंने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। प्रेमी युगल घबराते हुए बाहर निकल आए। बाहर खड़े लोगों ने उनसे नाम व पता पूछा और न बताने पर पिटाई शुरू कर दी। मगर वहां मौजूद बुजुर्गों ने उन्हें फटकार लगाते हुए वहां से भगा दिया। बुजुर्गों ने भीड़ को भी तितर-बितर कर दिया। आजकल गन्ने के खेतों को अय्याशों ने अपना अड्डा बना लिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना छीलने के बहाने गन्ने के खेतों में अय्याशी हो रही है। गन्ने की कटाई के दौरान कंडोम भी मिल रहे है।

# पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद: चंद्रहास

## सिंचाई विभाग के सभी संगठनों के पदाधिकारियों की हुई बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 25 नवंबर दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर होने वाली महारैली की सफलता के लिए इरिगेशन मिनिस्ट्रियल संगठन सिंचाई एवं भंडार कर्मचारी संघ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ (सिंचाई) की संयुक्त बैठक डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में हुई।



बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 25 नवंबर की महारैली पुरानी पेंशन बहाली कि संघर्ष में मिल का पत्थर साबित होगी और संघर्ष को सफलता के आयाम पर पहुंचाएगी। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा ये श्रेय और अस्तित्व का नहीं भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का है। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भंडार कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार दिवाकर एवं सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा जिला मंत्री ब्रह्मपाल सिंह आगामी 25 नवंबर को दिल्ली हमारे संगठन के अध्यक्ष से अधिक साथी प्रतिभाग करेंगे। क्योंकि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। बैठक में अटेवा आईटी सेल जिला प्रभारी आकाश दीप, दीपक कुमार, वीरपाल सिंह, पवन कुमार, अवधेश कुमार, विनय कुमार, हेमेंद्र कुमार, संजय कुमार, मुनेंद्र सिंह, राहुल कुमार, दिलीप सिंह, सुनील कुमार, जागेश, नितिन कुमार आदि ने महारैली की सफलता का आह्वान किया।

# चुनावी वादे- दावे शुरू, प्रत्याशी एक का एक गुरु

**परीक्षित गुप्ता**

**बिजनौर।** जिले भर में ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए प्रत्याशियों की बैठक और दांव पेंच शुरू हो गए हैं। जगह-जगह दीवारों पर इन संभावित प्रत्याशियों के पोस्टर भी चस्पा हो चुके हैं। जिनमें बड़े-बड़े वादे, बड़े-बड़े दावे छपवा दिए गए हैं।

विशेष बात यह है कि इन दावेदारों में कुछ तो पूर्व ऐसे प्रत्याशी भी हैं जो जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान बनने के बाद क्षेत्र की समस्याओं से किनारा कर घर बैठ गए थे । वह ऐसे शांत होकर बैठे जैसे वह इस क्षेत्र के न होकर दूसरे ग्रह से आए हो। वहीं कुछ ऐसे दावेदार भी हैं, जिनका पेशा दलाली का रहा है और आज भी है। हालांकि कुछ नए प्रत्याशियों और पूर्व दावेदारो ने भी चुनाव लड़ने का मन बनाया है, जो लगातार बैठक भी कर रहे हैं। क्षेत्र में उनका लोगों से मिलना मिलाना भी हो रहा है और वह क्षेत्र में एक्टिव भी नजर आ रहे हैं।

हालांकि पूर्व ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत सदस्यों को देखकर जनता का यही कहना है कि इस बार सामाजिक और जिम्मेदार व्यक्ति को ही विकास के नाम पर वोट दिया जाएगा । क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लंबे-लंबे वादे और डींगें हांकने वाले प्रत्याशी से भी लोग सावधान रहें, ऐसे प्रत्याशी को वोट देकर अपना वोट खराब न करें।

## हजार का खर्चा लाख कमाई

बिजनौर। क्षेत्र में चर्चा है कि अभी तो कुछ ऐसे प्रत्याशी भी हैं, जिन्होंने क्षेत्र में दस-बीस हजार के पोस्टर लगवा दिए होंगे और नामांकन के समय पर वह किसी प्रत्याशी से लाख- दो लाख रुपये लेकर घर बैठ जाएंगे और नामांकन ही नहीं करेंगे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कुछ लोगों ने यह व्यापार बनाया हुआ है। क्योंकि उन्हें पता है कि समाज से उन्हें 50-100 वोट भी नहीं मिलेंगे। वहीं मजबूती के साथ चुनाव लड़ने वाला प्रत्याशी अपना एक भी वोट खराब नहीं करना चाहता । इसीलिए वह लाख, दो लाख देने से पीछे नहीं हटता है ।

## शराब, कबाब और शबाब

**बिजनौर।** क्षेत्र का विकास ना होना क्षेत्रीय जनता की अपनी बेवकूफी है। अपने-अपने समाज के लालची ठेकेदार बने बैठे कुछ नमूनों के चलते ही क्षेत्र का विकास नहीं हो पाता और अंधेर नगरी का कोई अनबुझ राजा बन जाता है। हालांकि कुछ लालची तो केवल शराब, कबाब, और शबाब के लालच में ही अपने पूरे समाज को उस ओर धकेल देता है, जिस ओर समाज और क्षेत्र का पतन निश्चित है।

# पुलिस चौकी का उद्घाटन किया

**कोतवाली देहात।** नहटौर विधायक ओमकुमार के अथक प्रयास से उनके पैतृक गांव महेश्वरी जट में नई पुलिस चौकी खोली गई हैं। जिसका मंत्र उच्चारण के पश्चात भाजपा विधायक ओम कुमार एवं सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गांव में पुलिस चौकी खोलकर सरकार ने क्षेत्र के शांति प्रिय जनता को सुरक्षा प्रदान करने का कार्य किया है । उन्होंने नव सर्जित पुलिस चौकी पर तैनात दीपक कुमार से हर संभव जनता को न्याय दिलाने में सहयोग करने का भी निर्देश दिया। सीओ अंजनी कुमार ने बताया कि चौकी क्षेत्र में लगभग 22 गांव को शामिल किया गया हैं। खटीमा-पानीपत हाइवे पर खोली गई चौकी सुरक्षा व हाइवे की दृष्टि से आवश्यक थी। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने सभी आगंत.कों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेश्वरी मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, रवि प्रजापति, भूरे सिंह, शिव कुमार कश्यप, कुलदीप त्यागी, दिनेश त्यागी, टीकम सिंह, विनीत चौधरी, रोबिन चौधरी, अनिल चौधरी, ऋषि त्यागी, महिपाल ग्राम प्रधान, सुरेश भगत, जितेंद्र कश्यप, डॉ. जितेंद्र, दीपक चौधरी आदि समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकार की बाल श्रम रोकने की योजनाएं हवाई साबित

## लाखों मासूम बच्चे गरीबी के कारण मजदूरी करने पर मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्म दिन स्कूलों व कॉलेजों में 11 नवम्बर को बाल दिवस के रुप में भले ही बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। लेकिन आज भी लाखों मासूम बच्चे गरीबी के कारण होटलों, कारखानों व मजदूरी करने पर मजबूर है। लेकिन बाल श्रम रोकने के लिए सरकार चाहे कितनी भी योजना बनाये या दावे करे, परन्तु यह योजनाएं हवाई साबित होती नजर आ रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज 14 नवम्बर को हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिन बाल दिवस के रुप में मनाया जाता है। जवाहरलाल नेहरू जी बच्चों से बहुत प्रेम व उनकी देखभाल करते थे। लेकिन आज के समय में यह सब कागजों में सिमट कर रह गया है। वहीं प्रदेश सरकार बाल श्रम रोकने हेतू विभाग के अधिकारियों को लाखो करोड़ों रुपये महिना सेलरी देती है। लेकिन विभाग के आलाधिकारी कार्यालयों में बैठकर कागजों में चैकिंग दिखाकर सरकार को गुमराह करने का काम कर रही। नगर में आज भी मासूमों का बच्चपन होटलों में बर्तन माझते हुए व ब्रश के कारखानों, मेट्रो रिक्शा, मजदूरी व पेट की भूख मिटाने के लिए कुछ छोटी-छोटी मासूम बच्ची चौराहों, मौहल्लों आदि में जान हथेली पर रखकर प्रोग्राम कर देखने वाले लोगों से चंदा इकट्ठा कर घर का गुजारा चलाती है। लेकिन आज तक किसी सत्ता पक्ष नेता या समा. जिक संस्थाओं ने इस ओर ध्यान देना गंवारा नहीं समझा है। जिस उम्र में इन मासूमों के हाथों में पैन और किताबें होनी चाहिये, वहीं समाज के कुछ बेरहम लोगों ने इन के बच्चपन को मानो कैद कर लिया हो, ऐसा नहीं कि बाल श्रम से जुड़े अधिकारियों को इसकी जानकारी न हो। होटलों पर दम तोड़ता बच्चपन केन्द्र व प्रदेश सरकार कि उन घोषणाओं को चिड़ाता नजर आ रहा है। जिसमें छह वर्ष से ले के 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दिया जाना बताया जाता है। इतना ही नहीं इस सरकार से जुड़े कुछ कर्मचारी भी घर बैठे ही सरकार कि इस घोषणा के अनुसार 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का स्कूलों में दाखिला होना दिखा देते है। जबकि हकीकत इस से उलट है। यदि प्रशासन ईमानदारी से सर्वे करे, तो आज भी होटलों, दुकानों ब्रश कारखानों में ऐसे बच्चे काम करते मिल जायेंगे। जिन को स्कूलों में होना चाहिए था। बताया जाता है कि यह होटल व ब्रुश कारखानों के मालिक कम सेलरी के चक्कर में इन बच्चों का भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है।

### ब्रश के कुछ कारखानों में नाबालिग बच्चों से कम रुपयों में कराई जा रही नौकरी

**शेरकोट। ब्रश के कारखानों के मालिक चंद रुपये बचाने के चक्कर मे नगर की कई फर्मों में पढ़ाई करने की उम्र में उनसे कम रुपयों में अपने यहां नौकरी करवा रहे है। यदि अधिकारी ईमानदारी के साथ नगर एवं आसपास के क्षेत्र के ब्रश कारखानों की जांच करे, तो दर्जनों नाबालिग बच्चे नौकरी करते मिल सकते है।**

# अपराध व विवेचनाओं की समीक्षा



**नगीना।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में थाना नगीना एवं थाना कोतवाली देहात के विवेचकों का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम में अपराध व विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा लम्बित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के संबंध में तथा शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान, मिशन शक्ति, यातायात माह, साइबर अपराध आदि के बारे में आमजन को जागरूक करने हेतु सर्वसम्बंधित को आवश्यक दिशा - निर्देश दिये गये एवं कृत कार्यवाही की समीक्षा भी की गयी।

# हीमपुर में वाहन जगह-जगह हुए चेक, कई ने किये बैक

**हीमपुर दीपा।** दिल्ली धमाके के बाद बिजनौर पुलिस ने चौकसी बढ़ाते हुए चप्पे चप्पे पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है । जहां एक-एक वाहन को चेक किया जा रहा है, वहीं बिना हेलमेट बाइक सवारों के जमकर चालान काटे जा रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह के निर्देशन पर हीमपुर दीपा पुलिस ने बीती देर शाम चेकिंग अभियान चलाया। स्याऊ-सब्दलपुर मार्ग पर एसआई एसआई जगत सिंह सिपाही सचिन पंवार, सचिन कुमार तो चांदपुर बिजनौर मार्ग पर एसआई रजत चौधरी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे । इसी के साथ छांछरी टीप और रावटी पुलिस चौकी पर भी वाहनों की चैकिंग की गई । थाना प्रभारी जयभगवान सिंह द्वारा गठित टीमों द्वारा चलाये गए चेकिंग अभियान से थाना क्षेत्र में खलबली मची रही । बता दें कि जहां दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षित चलने की हिदायत दी गई साथ ही बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों का चलन भी किया गया । वही चौपाइयां वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान मार्गो से निकलने वाले एक-एक वाहन को सतर्कता की दृष्टि से विशेष रूप से चेक किया गया ।

# नाले में युवक का शव मिलने से मची सनसनी





**कोतवाली देहात।** सुबह शिव मंदिर के पास नाले में एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। शव की पहचान ग्राम फरीदपुर मान उर्फ पमडावली निवासी ऋषभ कुमार पुत्र ओमपाल (26 वर्ष) के रूप में हुई।

बताया जा रहा है कि ऋषभ बिजनौर रोड पर स्थित एक क्रेशर में मजदूरी करता था। बुधवार की रात्रि वह किसी काम से बरुकी आया था। जहां खुले नाले में गिरकर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हाइवे निर्माण कर रही संस्था के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने नाला खुला छोड़ दिया है। इस दौरान शव तीन घंटे तक पुलिस चौकी बरुकी में रखा रहा। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण पुलिस चौकी पर पहुंच गए। मौके पर सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी,,थाना अध्यक्ष कोतवाली देहात प्रवेज तोमर भी पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया। परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े थे। इसके बाद मौके पर पहुंचे एनएचएआई के अधिकारियों तथा परिजनों के बीच समझौता वार्ता हुई। इसके बाद परिजन सहमत हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## परिजनों में मचा कोहराम

इस संबंध में सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी बिंदुओं पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**नगीना।** नगर के मौहल्ला काजी सराय निवासी नवेद पुत्र लईक अहमद ने ई रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि 08 नवंबर को वह सुबह 09.40 पर अपनी बैट्री रिक्शा लेकर मण्डी समीति नगीना में भाडे के लिये एक अंजान आदमी के साथ गया था। उसके कुछ समय बाद ही वह अंजान आदमी उसकी रिक्शा सहित मण्डी में कहीं नहीं मिला। उसने बताया कि वह अपरिचित व्यक्ति चालक की रिक्शा चोरी करके ले गया है। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि उसी समय पीड़ित की तबीयत भी खराब हो गयी थी, जिस कारण परिजन उसे अस्पताल लेकर गये थे। अस्पताल से इलाज के बाद पीड़ित और उसके घरवाले अभी तक अपनी रिक्शा की तलाश करते रहे। पीड़ित चालक ने थाने में आवेदन देकर कार्रावाई करने की मांग की है।

# कब्र से निकले शव ने उगला विवाहिता की मौत का राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के मौहल्ला छिप्पीपाड़ा निवासी शाजिया के शव को कब्र से निकाले जाने के बाद पोस्मार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने मृतका की बहन की शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई करते हुए ससुरालियों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मुकदमे को अमरोहा पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

गत तीन सितंबर को नगर के पहाड़ी दरवाजा स्थित कब्रिस्तान में दफनाए गए एक महिला के शव को जिलाधिकारी के आदेश पर 16 अक्तूबर को यानि 43 दिन पूर्व कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया था। मृतका की बड़ी बहन नाजिया ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया था कि उसकी छोटी बहन शाजिया (31 वर्ष) पुत्री नूर मौहम्मद की हत्या उसके ससुरालियों द्वारा की गई है। डीएम के आदेश पर शाजिया के शव को कब्र से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था।

## मृतका के पति सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाजिया के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टी होने के बाद उसकी बहन की तहरीर के आधार पर पति अजहरुद्दीन पुत्र निसार, सास शकील, रजिया पत्नी मुनव्वर, मुनव्वर पुत्र अनवर, तबस्सुम, वसीम और दाऊद कुल सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर केस अमरोहा पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

# एसआईआर पर सवाल खड़े करने वाले राजनीतिक दल नहीं गम्भीर

**राजनीतिक दलों के बीएलए फोटो खिंचवाने तक सीमति**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) पर अनेको सवालिया निशान लगाने वाले रजनैतिक दल गम्भीर दिखायी नहीं दे रहे है। घर-घर फार्म पहुंचने के बाद अंजान मतदाता फार्म भरने और अन्य नियमों को पूरा करने के लिए भटक रहे हैं जबकि राजनैतिक दलों की ओर से बनाए गए बीएलए फोटो खिंचाकर मीडिया की सुर्खियां बनने तक सीमित होकर रह गए हैं।

देश भर में मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) कराया जा रहा है। इसके लिए निर्वाचन विभाग की ओर से नियुक्त किए गए प्रपत्रों (फार्मों) को बीलएओ घर-घर वितरण कर रहे है। एसआईआर फार्म में क्या-क्या भरा जाना और किन-किन दस्तावेज़ों को उसमें शामिल करना है इससे अंजान बड़ी संख्या में मतदाता फार्म भरवाने और उसमें दिए गए कॉलम में किन-किन दस्तावेज़ों को देकर जमा किया जाना है इसे लेकर लोग इधर-उधर भटक रहे हैं। हालांकि बूथों पर मतदाताओं के सहयोग के लिए राजनैतिक दलों की ओर से बीएलए 2 बनाये गए हैं, लेकिन राजनैतिक दलों के यह बीएलए कहाँ हैं और किन स्थानों पर मतदाताओं का फार्म आदि भरने में सहयोग कर रहे हैं दूर-दूर तक अता-पता नहीं हैं। जबकि एसआइआर को लेकर अनेको सवाल राजनैतिक दलों की ओर से खड़े किये जाते रहे हैं। एसआईआर का कार्य शुरू हुए कई दिन बीत चुके हैं परन्तु राजनैतिक दलों के बीएलए 2 एक दो जगह जाकर फोटो खिंचवाकर समाचार पत्रों में स्थान पाकर नदारद हैं। जबकि राजनेतिक दलों के आला कमान की ओर से निरंतर एसआईआर को लेकर गम्भीर रहने और कोई नागरिक मतदाता बनने से रह न जाये इसके लिए बीएलए को गम्भीर रहने के निर्देश दे रहे हैं लेकिन शहर और ग्रामीण अंचलों में राजनैतिक दलों के बीएलए एसआइआर फार्म भरवाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। जबकि राजनैतिक दलों की ओर से मौहल्लों में कैम्प लगवाकर फार्म आदि भरवाकर सहयोग करना ज़रूरी है।



सम्भल- ग्राम सिहावली स्थित श्रीगोपाल धाम बाबरे आश्रम में चोरी की जानकारी करती पुलिस।

# भगवान के घर से चोरो ने उड़ाया दानपात्र

- मंदिर में चोरी से मचा हड़कम्प,, ग्रामीणों में रोष
- सोमवार को श्रद्धालु अधिक करते हैं दान, अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कड़ाके की ठंडक और कोहरे की मार अभी सही तरह से शुरू भी नहीं हो पायी है, मगर चोरों ने अपनी दस्तक का आभास करा दिया है,वहीं थाना पुलिस की ठंड में में पुलिस की रात्रि में सर्तकता की पोल खोल दी है। रात्रि गश्त के अभाव में चोरों ने भगवान के घर को भी नहीं छोड़ा। चोर मंदिर से दानपात्र चोरी कर ले गए। भोर में आरती करने उठे महंत को दानपात्र चोरी की जानकारी हो सकी।

कैला देवी थाना क्षेत्र के सिहावली स्थित श्रीगोपाल धाम बाबरे बाबा आश्रम के मुख्य मंदिर में दान पत्र रखा रहता है। जिसमें प्रतिदिन धाम पर आने अधिक भीड़ में आने वाले श्रृद्धालु अपनी सामर्थानुसार/इच्छानुसार सोमवार को दान कर दान पात्र में रुपए डालते थे। गुरुवार रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा दान पात्र चोरी कर लिया गया जबकि मंदिर के मुख्य गेट का ताला भी लगा हुआ था। भोर में आरती करने के दौरान आश्रम के महंत बालक दास महाराज ने देखा तो मंदिर से दान पात्र गायब था। इसकी जानकारी हुई तो ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच गए। चोरी की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जहां उन्होंने जानकारी ली। मंदिर में चोरी से हड़कम्प मच गया। लोग कहते सुने गए कि अभी तो ठंडक और कोहरे का कहर शुरू भी नहीं हो पाया है लेकिन चोरों ने अपनी दस्तक का आभास मंदिर का दानपात्र चोरी करके करा दिया गया। चोरी की तहरीर सौंधन चौकी पर पुलिस को अज्ञात के खिलाफ दी गई है।

# प्राथमिकताओं के आधार पर निस्तारित हो चकबंदी की समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चकबंदी चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया औ चकबंदी सम्बंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम फतेहपुर शमसोई में आयोजित चकबंदी चौपाल में जिलाधिकारी ने चकबंदी से संबंधित समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि जितनी भी चकबंदी से संबंधित समस्याएं हैं उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें और चकबंदी के कार्य में तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने समस्याओं को सुना और आश्वस्त करते हुए कहा कि चकबंदी का कार्य शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा उसका सभी लोग सहयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी से संबंधित जो भी कार्य लंबित हैं उनको संज्ञान में लेते हुए यथाशीघ्र पूर्ण किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व में रहे चकबंदी लेखपाल एवं अन्य संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारियों से संबंधित समस्या के विषय में जिलाधिकारी को जानकारी दी



सम्भल-ग्राम फतेहपुर शमसोइ में चकबंदी समस्यायें सुनते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सात दिवस के अंदर पूर्व में रहे अधिकारी एवं कर्मचारी का विवरण प्रस्तुत किया जाए जिससे उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा सके।जिलाधिकारी ग्राम वासियों से कहा कि विकसित भारत 2047 को लेकर अपने-अपने सुझाव अवश्य दें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी के कार्य में निष्पक्षता से कार्य करें और उन्होंने कहा कि जिसकी जमीन जहां है उसे अनुपात के आधार पर जमीन दी जाए। उन्होंने कहा किसी प्रकार की अगर लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी सरकार की एक महत्वपूर्ण कड़ी है उन्होंने कहा कि चक को चक मार्ग से जोड़ने का कार्य चकबंदी के द्वारा किया जाता है और उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भूमि एवं तालाब इत्यादि के लिए भूमि चकबंदी के द्वारा ही निकली जाती है उन्होंने कहा कि चकबंदी एक महत्वपूर्ण कड़ी है चकबंदी गांव के लिए आवश्यक है। बैठक में जिलाधिकारी ने तेली रोड बहजोई स्थित राजस्व निरीक्षण भवन के परिसर में निर्माणधीन बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया एवं आवश्यक सुविधाओं की जांच करते हुए संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, चकबंदी सी ओ, चकबंदी ए सी ओ,चकबंदी लेखपाल समेत संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का आधार: मुशीर

**मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता शुरू**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन किया। जबकि अतिथियों ने प्रतिभागियों को खेलों के प्रति रूचि और प्रतिस्पर्धा भावना के लिए प्रोत्साहित किया।

मिशन इंटरनेशल एकेडमी में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता का का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ में मुख्य अतिथि हुदा खान ,विशिष्ट अतिथि मैनेजर मुशीर खान तरीन, डायरेक्टर शबाना कौसर, प्रिंसिपल विल्सन राजन ने मशाल रिबन काट। जबकि स्कूल के मैदान में सभी ने मशाल जलाकर मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत की। स्पोर्ट्स कैप्टन मोहम्मद वकी तथा वाइस कैप्टन सृष्टि सिंह को मशाल दी जिसको लेकर उन्होंने पूरे ग्राउंड का चक्कर लगाया। तत्पश्चात प्रिंसिपल विल्सन राजन ने दोनों ही कप्तान और वाइस कैप्टन को खेल की नैतिकता की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता में 100 मीटर की दौड़ को तीन वर्गों में विभाजीत किया गया।इनमें अलग-अलग प्रतिभागियों ने एक दूसरे से आगे निकलकर जीत हासिल करने तो पूरा ज़ोर लगाया।, लंबी कूद के बालिकाओं ने बाजी मारी। इसके साथ रिले रेस मैं चारों हाउस के बच्चों ने अपनी हैंड, आई का गजब ताल मिलाया। पिरामिड में जहां बच्चों ने हिंदुस्तान का झंडा बुलंद किया वही, एरोबिक के बच्चे पूरे प्रोग्राम सभी का मनोरंजन करते रहे। रस्सी खींच में स्कूल मैनेजर, प्रिंसिपल ने हाथ आजमाए। वही बालिकाओं के लिए डायरेक्टर शबाना कौसर और हुदा खान ने मैदान ने पहुंच कर हौसलों बढ़ाया। दिन का समापन मुख्य अतिथि डा. हूदा खान ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य से किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, ये हमें अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास सिखाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर मुशीर खान तरीन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का आधार हैं, और ऐसी प्रतियोगिताएँ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। विद्यालय की डायरेक्टर शबाना कौसर ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रधानाचार्य ने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक हैं।



सम्भल-दो दिवसीय खेल मे दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र।

## एंजेल्स पब्लिक स्कूल के जश्न में शामिल होंगे न्यायमूर्ति

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एन्जेल्स पब्लिक स्कूल के जश्न में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शामिल होंगे।

नगर के सराय शरमीन स्थित एंजेल्स पब्लिक स्कूल का दस साला वार्षिकोत्सव का आयोजन 16 नवम्बर को शाम साढ़े चार बजे से मनाया जायेगा। जश्न में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जबकि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया विशिष्ठ अतिथि पुलिस अधीक्षक के के विशनोई रहेंगे।

## एंजेल्स पब्लिक स्कूल के जश्न में शामिल होंगे न्यायमूर्ति

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात की उपस्थिति में इस्लाम नगर चौराहा बहजोई, में निरीक्षक कोतवाली बहजोई,व यातायात प्रभारी, ने यातायात माह नवम्बर 2025 के अंतर्गत आम जनमानस को एकत्रित कर यातायात नियमों से अवगत कराया और पालन करने की हिदायत दी।

# जीवन है अनमोल, इसे वाहन दुर्घटनाओं में न गवाएं: आंचल सिद्धू

**बाबा रतनगिरि आदर्श इ. का. के छात्र-छात्राओं को दिए टिप्स**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को मिशन शक्ति टीम द्वारा यातायात के नियमों की जानकारी दी गई तथा यातायात के नियमों का पालन करने और अपने जीवन को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया तथा साइबर क्राइम के बारे में भी सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

गुरुवार को कैला देवी स्थित बाबा रतन गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम प्रभारी आंचल सिद्दू और उनकी टीम द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी।उन्होने बताया कि जीवन अनमोल है, इसे वाहन दुर्घटना में ऐसे ही न गवाएं। उन्होंने जेबरा क्रॉसिंग का उपयोग करने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलाने और शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के लिए प्रेरित किया। सभी छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया तथा वाहन चलाने की उम्र में ही वाहन चलाने के लिए कहा। स्कूली बच्चों से विद्यालय में दो पहिया वाहन नहीं लाने के निर्देश दिए तथा किसी प्रकार वाहन लाने पर ड्राइवर लाइसेंस नहीं होने या हेलमेट नहीं होने पर चालान काटने के लिए भी कहा। इसके अलावा उन्होंने गोल्डन आर के बारे में जानकारी दी तथा घायल व्यक्ति को 1 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचने पर एसपी द्वारा पुरस्कृत करने तथा सरकार द्वारा भी उन्हें पुरस्कार के रूप में धनराशि देने के लिए बारे में बताया। इतना ही नहीं सभी विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचने के टिप्स भी दिए। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य अशोक कुमार तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## एक नज़र इधर भी

### ह्यूमन केयर चैरिटेबल ने किया एसआईआर में सहयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ह्यूमन केयर चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान मे एस आई आर अभियान जागरूकता अभियान शुरू किया गया ,साथ ही सही तरीके से फार्म भरने और अफवाहों से बचने की अपील भी की गई ।बीएलओ मु. सुलेमान और मु.जुहैब के साथ मिलकर लोगों के फार्म भरवाए और फार्म भरने का सही तरीका समझाया। ट्रस्ट के अध्यक्ष नाजिश नसीर खान ने बताया कि हमारे ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा फार्म भरने में मदद की जा रही हैं ताकि फार्म में कोई गलती न हो। अधिकतर लोग फार्म में गलती करने से डर रहे हैं। हम उन्हें भरोसा दिला रहे हैं कि जिनके पास वैधदस्तावेज हैं, उनका वोट सुरक्षित है।

### लल्लू सिंह के कार्य का अनुसरण ही सच्ची श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (असली) अराजनैतिक के पूर्व मण्डल अध्यक्ष को पुण्य तिथि पर याद किया और श्रृद्धांजलि अर्पित कर उनके कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

ग्राम बबैना स्थित दिवंगत किसान नेता चौ. लल्लू सिहं यादव के आवास पर आयोजित की 12 वीं पुण्य तिथि कार्यक्रम में भाकियू असली नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने स्व. लल्लू सिंह यादव के किसान हित में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज उनके जैसे संघर्ष शील नेता का अनुसरण करना ही उनको सच्ची श्रृद्धांजलि होगी। इस अवसर पर जयवीर सिंह यादव, आशक रजा, अनीस अहमद, वीरेश यादव, शैतान सिंह यादव, विमला यादव आदि उपस्थित थे।



सम्भल- बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित होती नीरू चाहल।

### नीरू चाहल को मिला बेस्ट प्रेसिडेंट अवॉर्ड

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5 की वार्षिक अधिवेशन समारोह में नीरू चाहल को बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।बहजोई में फेडरेशन के अध्यक्ष डा. उमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुए अवार्ड सेरेमनी में जायंट्स ग्रुप ऑफ सम्भल सिटी की अध्यक्ष नीरू चाहल को अवार्ड सेरामनी में अवार्ड फॉर प्रेसिडेंट मैसेज नीरू चाहल को सम्भल सिटी एवं टी. बी. रेडिकेसन अवार्ड से सम्मानित किया गया। जबकि समर कैंप एवं टाइमली सबमिट बोर्ड और डयूज सर्टिफिकेट से जायंट्स ग्रुप ऑफ सम्भल सिटी ने अपना परचम लहराया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि हमारे वर्ल्ड अध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी फेडरेशन 1। की अध्यक्षा पूनम रावल एवं फेडरेशन 2 सी के अध्यक्ष प्रशांत माली मुंबई से मौजूद रहे। इसके अलावा समारोह में 6 राज्यों से आने वाले सौ से अधिक ग्रुप के काउंसिल पद अधिकारी एवं सदस्यों को पूरे वर्ष के लिए किए गए उत्कर्ष कार्यों के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।



सम्भल- 125वीं जयंती में शामिल क्षेत्र के श्रद्धालु।

### 125वीं जयंती पर जिले से पहुंचे श्रद्धालु

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** द हंस फाउंडेशन के प्रेरणास्रोत भोले जी महाराज और माताश्री मंगला के सानिध्य में विश्व की महान आध्यात्मिक विभूति योगीराज हंस महाराज की 125वीं जयंती श्रृषिकुल विद्यापीठ मैदान हरिद्वार में बड़ी ही श्रृद्वा, प्रेम और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। जिसमें भाग लेने शहर और देहात क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रृद्वालु शामिल होने पहुंचे।श्री हंसलोक आश्रम, छतरपुर, दिल्ली के मीडिया प्रभारी बी. के.त्यागी ने बताया कि हंस ज्योति-ए यूनिट ऑफ हंस कल्चरल द्वारा आयोजित विशाल जनकल्याण समारोह में सरस्स्वती बाल विद्या मंदिर सीनियर सैकेंड्री स्कूल सम्भल, इंटर कालेज भारतल, जिला-सम्भल, डीएसएम हाई स्कूल हबीबपुर जिला-सम्भल, श्री शिव मंदिर रिठाली, श्री हनुमान मंदिर ठिलूपुरा तथा कुश्ती खिलाड़ी कु. पलक मलिक की ननसाल सैदपुर जसकोली, जिला-सम्भल से बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं और श्रृद्वालु शामिल होने पहुंचे।

# नगर मजिस्ट्रेट ने एआरटीओ कार्यालय पर मारा अचानक छापा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** एआरटीओ कार्यालय में बिचौलियों की बढ़ती भागीदारी और अवैध वसूली की शिकायतों पर नगर मजिस्ट्रेट ने अचानक छापा मारा। छापामार कार्यवाही से दलालों में भगदड़ मच गयी,जबकि विभाग में हड़कम्प मच गया।

सदर तहसील परिसर में स्थित नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने दलबल के साथ एआरटीओ कार्यालय पर पहुंच गए। अचानक नगर मजिस्ट्रेट के पहुंचते ही वहा बिचौलये इधर-उधर भागदौड़ करने लगे। बताया जा रहा है कि एआरटीओ कार्यालय पर दलालों की सक्रियता और अवैध लेनदेन की शिकायतें मिल रही थीं। नगर मजिस्ट्रेट ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की। जबकि रजिस्टर, और अन्य अभिलेखों की जांच की।इसके अलावा उन्होने एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी से विभागीय कर्मचारियों की कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियोंकी भी विस्तार से जानकारी ली। साथ ही आम नागरिकों की ओर से मिल रही शिकायतों को लेकर सवाल किए। उधर नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने कहा कि एक आईजीआरएस सम्बंधी शिकायत की जांच करनी थी। उन्होने बताया कि शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को ठेहस नहीं पहुंचने दी जायेगीं आम नागरिकों को ईमानदारी के साथ सरकारी सेवाओं का लाभ मिला चाहिये। किसी तरह की अवैध वसूली अथवा बिचौलियों के माध्यम से कार्य करना बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## जिले की गंगा जमुनी तहज़ीब बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कलेक्ट्रेट सभागार, जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के को लेकर महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में सामाजिक समरसता बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौजूद जनप्रतिनिधियों व धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनपद की गंगा-जमुनी तहजीब हम सबकी पहचान है, इसे बनाए रखना हम सबका दायित्व है।

# सुर संगीत के बीच ली टैक्सेशन बार के पदाधिकारियों ने शपथ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला टैक्सेशन बार एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव में दायित्व धारियों को समारोह पूर्वक गीत संगीत की प्रस्तुतियों के साथ शपथ दिलायी गयी।

बेगम सराय स्थित हमसफर रिसोर्ट में आयोजित समारोह में टैक्सेशन बार के अधिवक्ताओं की एकता, निष्ठा और पेशेवर उत्कृष्टता का अद्भुत प्रदर्शन रहा। समारोह में नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष एडवोकेट मौहम्मद अकरम, महासचिव महफूज हुसैन, कोषाध्यक्ष एडवोकेट ईश्वरचन्द्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट मुश्फिक हुसैन तथा अन्य पदाधिकारियों ने अपने पद की गरिमा, निष्ठा और कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली। शपथ ग्रहण की औपचारिता राज्य कर डिप्टी कमिश्नर लल्लन प्रसाद द्वारा सम्पन्न कराई गई। समारोह में सदस्यों को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मध्य मे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम मे उ. प्र. उपकास के प्रदेश अध्यक्ष तथा जिला एवं तहसील बार के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन एडवोकेट ईश्वरचन्द्र ने किया। मुख्य अतिथि एडवोकेट आरपी यादव ने अपने ने टैक्स अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनके अधिकारों की लड़ाई में हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अखिल कुमार जैन को उनकी स्मृति और योगदान के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम मे संजीव कुमार, जियाउद्दीन, शाने आलम, आरिफ खान, मौहम्मद आजम, गुफरान खान, अजीम, मौहम्मद शुऐब, फैजान अहमद, विभोर रस्तोगी, हमजा, अजमत, कृष्णपाल, नवनीत कुमार, मौहम्मद साद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



सम्भल-टैक्शेसन बार के दायित्वधारी शपथ ग्रहण करते।

# अवनी ने जीता अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गुन्नौर तहसील के ग्राम न्योरा की प्रतिभाशाली छात्रा अवनी यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। अवनी ने 'क्वीन कॉमनवेल्थ निबंध प्रतियोगिता 2025' में कांस्य पदक प्राप्त कर क्षेत्र और विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता प्रतिवर्ष ब्रिटेन की रॉयल कॉमनवेल्थ सोसाइटी द्वारा आयोजित की जाती है। जिसमें इस वर्ष 56 देशों के पचास हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की संयोजक जेनेट कूपर ने बताया कि अवनी यादव को उनके रचनात्मक एवं मौलिक विचारों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। अवनी के पिता डा. हरीश यादव ने बताया कि अवनी वर्तमान में कक्षा 10 की मेधावी छात्रा हैं। उनकी इस अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि से उनके विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय लोगों ने अवनी की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।हर्ष व्यक्त करने में उनकी माँ प्रतीक्षा यादव, वीरपाल सिंह, जीतपाल सिंह , श्रीपाल सिंह, गोविन्द, शशिकांत आदि रहे।



# प्रत्येक शिक्षण संस्थान में अनिवार्य को वंदे मातरम का गायन

**समिति ने कराया सामूहिक वंदे मातरम का गायन**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के सप्ताह पर्यंत अभियान के तहत शिक्षण संस्थान में वंदे मातरम का सामूहिक गायन कराकर उसके अर्थ, इतिहास व महत्व पर प्रकाश डाला गया।

समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा सदस्यों के साथ भवानीपुर, फतेहपुर, मोहम्मदपुर टांडा, एंचोली आदि गांव के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचे। वहां सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कराया। अग्राम भवानीपुर के ग्रीन गार्डन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में समिति के लेखक प्रमुख उमेश श्रीमाली ने कहा कि वंदे मातरम ने आजादी के आंदोलन में भारत की सोई हुई चेतना को जागृत किया। सन 1875 के बाद हर क्रांतिकारी, बच्चा, विद्यार्थी, युवा, बुज़ुर्ग, महिला और पुरुष ने इसका उदघोष किया और आजादी के आंदोलन में कूद पड़ा था। तब हर उम्र के व्यक्ति के लिए वंदे मातरम उसके जीवन का मंत्र बन गया था। देखते ही देखते वंदे मातरम का यही उदघोष विदेशी दासता से भारत को मुक्त करने का मंत्र बन गया। समिति के जिला अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता अजय कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश की हर शिक्षण संस्था में वंदे मातरम का गायन अनिवार्य किया जाना चाहिए और वंदे मातरम का सामूहिक गायन करते हुए वीडियो विभागीय अधिकारियों को भेजी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्र धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। राष्ट्र सर्वोपरि है। और राष्ट्र का प्रतीक वंदे मातरम का सम्मान हर स्थिति परिस्थिति में होना ही चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय गीत का सांस्क्रतिक महत्व बताया। आस्था श्रृद्वा गर्व गौरव और अभिमान के साथ छात्र-छात्राओं शिक्षकों तथा समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित शर्मा, प्रबंधक अनुज शर्मा, कंचन प्रजापति, रवि पाल, प्रीति, मनी, फोजिया आदि ने वंदे मातरम पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला विद्वत प्रमुख अतुल कुमार शर्मा ने किया।

# मां की दवा लेने आई महिला के हाथ से पैसे छीनकर फरार हुए बाइक सवार बदमाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के बुद्धि विहार चौराहे पर बुधवार दोपहर दिनदहाड़े एक महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने दो हजार रुपये छीन लिए। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पीड़िता की सूचना पर पुलिस भी पहुंची और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुट गई है।जानकारी के अनुसार, अमरोहा जनपद की रहने वाली महक नामक महिला अपनी मां की दवा लेने के लिए मुरादाबाद आई थी। दवा लेकर लौटते समय वह हाथ में दवाई का पर्चा और पैसे लेकर बुद्धि विहार चौराहे से गुजर रही थी। इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने मौका पाकर उसके हाथ से दो हजार रुपये छीन लिए और तेज गति से फरार हो गए। महिला ने बदमाशों को पकड़ने के लिए शोर मचाया, लेकिन तब तक वह आंखों से ओझल हो चुके थे।घटना की सूचना मिलते



ही मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता से पूछताछ कर आसपास के इलाके की छानबीन शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे बदमाशों की पहचान की जा सके।

# सुरजननगर में लगे सीसीटीवी कैमरे बने शोपीस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र मे सुरक्षा के मद्देनजर शहर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे शोपीस बनकर रह गए हैं। इनकी मरम्मत कराने में ग्राम पंचायत महकमा उदासीन बना हुआ है। ऐसे में क्षेत्र में कोई बड़ी वारदात हो जाए तो अपराधियों को शिनाख्त करना पुलिस के लिए मुश्किल हो जाएगा। जिस उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, उसका मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। सीसीटीवी कैमरा खराब होने के पीछे बंदरों द्वारा तार तोडना व नोचना बताया जा रहा है। सुरजननगर में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस विभाग व ग्राम पंचायत सुरजन. नगर चौराहे पर चार तथा सुरजननगरमुख्य बाजार झण्डा चौक चौराहे पर चार सीसी टीवी कैमरा लगाए गए हैं। इसके अलावा स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए हैं। जबकि नगर के अत्यंत व्यस्तम इलाका है लेकिन इसमें से अधिकांश कैमरे जमीन या आसमान की ओर निगहबानी कर रहे है। इनकी मॉनिटरिंग पास की दुकानों पर होती है। लेकिन यह वर्तमान में खराब पड़े हुए हैं। उधर, सुरजननगरचौराहे पर चार कैमरे लगाए गए हैं लेकिन वर्तमान में दोनों स्थान पर लगाए गए। सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हुए हैं। सुरजननगर के फीका नदी पर स्तिथ नलो बाले बाबा के मंदिर पर चार कैमरे पुलिस महकमे द्वारा लगाए गए है। ताकि सीमा के रास्ते होने वाली तस्करी



तथा अपराधियों की निगहबानी की जा सके और किसी अपराध के होने पर अपराधियों की पहचान में कैमरे के फुटेज का सहारा लिया जा सके। यह कैमरे भी सही दिशा में नहीं लगाए गए हैं। आलम यह है कि कोई कैमरा आसमान की ओर देख रहा है तो कोई कैमरा जमीन की ओर देख रहा है। इसके प्रति पुलिस महकमा तब जागता है, जब नगर में कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है। इसके लगाने का उद्देश्य साफ है कि अपराधी अपराध करने से घबराएगा और उसके अंदर खौफ रहेगा। लेकिन पुलिस महकमा इस कवायद में फेल है। जिसके चलते अधिकांश कैमरे शोपीस बने हुए है और अपराधियों पर इसका तनिक भय नहीं है। बल्कि अपराधियों का हौसला और बुलंद है।

## एक नजर

### बैडमिंटन में रेड हाउस एवं खो-खो में येलो ने मारी बाजी




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी में चल रहे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के चौथे दिन के आयोजन में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन किया। स्पोर्ट फेस्ट के चौथे दिन विद्यालय द्वारा कई आकर्षक, मनो. रंजक एवं उत्साहवर्धक खेलों का आयोजन किया गया।

जिसमे बैडमिंटन बालिका प्रतियोगिता में रेड हाउस एवं,खो खो में येलो हाउस प्रथम स्थान पर रहा। वॉलीबॉल बालक प्रतियोगिता में ब्लू हाउस प्रथम रहा विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह ने सभी क्रीडा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हे उनके खेलों में सफल होने पर उनके खेल क्षेत्र में उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने विद्यालय के समस्त क्रीडा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमें आत्म संयम, आत्मविश्वास, शारीरिक सदुपयोग, एवं जीवन संयम की प्रेरणा प्रदान करते हैं इसलिए हमें अपने जीवन के क्रीड़ा स्थल पर पर भी संयम और अनुशासनशील के तरीके से खेलना चाहिए। विद्यालय द्वारा आयोजित खेलों को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### काउंसलिंग कर पति-पत्नी को कर दिया साथ




**कांठ ( शाह टाइम्स )** थाना क्षेत्र के गांव खूंटखेड़ा निवासी रोहित और उसकी पत्नी सुनीता के बीच किसी बात को लेकर आपस में नाराजगी हो गई बात हद से गुजरी तो दोनों ने कार्यवाही का मन बना लिया। महिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष पहुंच गई और ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कांठ पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर काउंसलिंग कराई और समझौता करा कर दोनों को साथ-साथ उनके घर भेज दिया। पुलिस के इस कदम की दोनों पक्षों ने सराहना की है।

### डीएसएम डिग्री और इंटर कॉलेज में पुलिस ने बच्चों को किया जागरूक



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए आज थाना पुलिस ने डीएसएम इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज में यातायात नियमों की पाठशाला लगाई जिसमें उन्होंने सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर बनाए गए नियमों के बारे में जानकारी दी बताया कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए इसके साथ-साथ नशे में वाहन चलाना वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने से पूरी तरह बचना चाहिए उन्होंने कहा कि इंसान की जान बहुत कीमती होती है और इसकी सुरक्षा करना भी इंसान का ही कर्तव्य है।

इसके साथ-साथ पुलिस ने साइबर क्राइम के प्रति मिशन शक्ति के तहत छात्र-छात्राओं को जागरूक किया और कहा कि किसी भी परेशानी के वक्त मुख्यमंत्री हेल्पलाइन महिला पावर हेल्पलाइन साइबर अपराध एंबुलेंस सेवा चाइल्ड हेल्पलाइन आदि के नंबरों पर कॉल करके मदद प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर उप निरीक्षक गंगा शरण संजीव कुमार शर्मा आरक्षी विजय भारती अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

### दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कई को किया नामजद

**कांठ( शाह टाइम्स )** निकटवर्ती कस्वा निवासी व्यक्ति की पुत्री की उम्र अभी 14 वर्ष 7 महीने है लेकिन उसे अमीर पुत्र सलाउद्दीन मोहल्ला विदशाह बहला फुसला कर ले गया पीड़ित का कहना है कि इस काम में लड़के की मां महफूजा ने भी उसकी मदद की पीड़ित ने पुलिस से लड़की बरामद करने की गुहार लगाई पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू की है। दूसरा मामला थाना क्षेत्र के गांव गढी का है वहां की रहने वाली शहनाज पत्नी महफूज अली का आरोप है की 10 नवंबर की शाम 7 बजे अजीम नसीम पुत्रगण अनीस निवासी गढ़ी तथा सानू शब्बू पुत्रगण नौशाद निवासी सिरसा ने उसके व उसके पति महफूज एवं नंद रजिया के साथ मारपीट और गाली गलौज की विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इस झगड़े में उसके पति को काफी चोट आई पुलिस ने उनके खिलाफ भी मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# भारतीय मंदिर ऊर्जा, संतुलन और आत्मोन्नति के केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. राजमल जैन बोले, भारतीय मंदिर केवल पूजा के स्थल नहीं, बल्कि ऊर्जा, संतुलन और आत्मोन्नति के केंद्र हैं। मंदिर समाज के नैतिक और सांस्कृतिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह हमेशा मानवता का मार्गदर्शन करते हैं। मंदिरों की पिरामिडीय संरचना और खगोलीय संरेखण को ब्रह्मांडीय चेतना से जोड़ते हुए, उन्होंने आयोनिक और आइकोनिक प्रति. निधित्व के जरिए मूर्त और अमूर्त स्तर पर आस्था और चेतना के गहरे संबंध की विस्तार से व्याख्या की। प्रो. जैन ने कहा, मंदिर भारतीय मूर्तिकला और चित्रकला आत्मबोध की प्रतीकात्मक अभिव्यक्तियां हैं, जो शांति परंपरा की प्रतिमाएँ आत्मा और ब्रह्मांड के बीच संबंध को दर्शाती हैं। प्रो. राजमल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंडियन नॉलेज सिस्टम- आईकेएस सेंटर की ओर से प्राचीन भारतीय मंदिरों का आध्यात्मिक, दार्शनिक और स्थापत्य महत्त्व पर ऑनलाइन आयोजित 9वें राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इससे पूर्व कॉन्क्लेव की शुरुआत सरस्वती वंदना के संग हुई। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, ऐसे कॉन्क्लेव भारतीय ज्ञान परंपरा को सशक्त बनाने और नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति की जड़ों को समझे बिना आधुनिक भारत का निर्माण अधूरा रहेगा। लेखक, वक्ता एवम् पुस्तक समीक्षक संदीप सिंह ने मंदिर अर्थशास्त्र पर बोलते हुए कहा, मंदिर आस्था, समाज और संस्कृति की त्रिवेणी हैं। मंदिर समाज की आर्थिक, सांस्कृतिक और नैतिक चेतना हैं और उनका वास्तविक उद्देश्य मानवता, सेवा और आध्यात्मिक उत्थान होना चाहिए, न कि धन या संसाधन प्रबंधन। श्री सिंह ने कहा, आधुनिक शिक्षा में ज्ञान के साथ नैतिकता और अध्यात्म का समावेश जरूरी है। उन्होंने मंदिरों की भूमिका की तुलना रेलवे नेटवर्क से करते हुए बताया, जैसे रेलवे देश को जोड़ता है, वैसे ही मंदिर समाज को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने वाला तंत्र हैं। केंद्रीय संस्कृत यूनिवर्सिटी, भोपाल के डॉ. योगेश कुमार जैन ने एलोरा की गुफाएं: भारतीय सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतीक पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया, एलोरा की 34 गुफाएं बौद्ध, हिंदू और जैन धर्मों की साझा विरासत हैं, जो धार्मिक सहिष्णुता, कलात्मक उत्कृष्टता और स्थापत्य नवाचार का अद्वितीय उदाहरण हैं। उन्होंने कहा, जैन गुफाओं- इंद्र सभा गुफा 32 और




जगन्नाथ सभा- गुफा 34 में उकेरी गई मूर्तियां त्याग, तपस्या और मोक्ष मार्ग के प्रतीक हैं। एलोरा की मूर्तियां केवल कलात्मक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक गहराई और प्रतीकात्मकता से पूर्ण हैं। चिन्मय विश्वविद्यापीठ, एर्नाकुलम के प्रोफेसर डॉ. प्रथीप कुमार आर. ने भारतीय मंदिर: आत्मा, कला और विज्ञान का जीवंत संगम पर बोलते हुए कहा, ये मंदिर धार्मिक, दार्शनिक, कलात्मक और वैज्ञानिक तत्वों का संयोजन हैं, जो मानव को बाह्य जगत से आत्मानुभूति की ओर ले जाते हैं। डॉ. कुमार ने कहा, मंदिर ऊर्जा, वास्तु और दर्शन का अद्वितीय मिश्रण हैं। जैसे- गर्भगृह की यात्रा बाह्य से आंत. रिक जगत की प्रतीकात्मक यात्रा है। ऊर्ध्व संरचना भौतिक से दैवीय लोक की ओर आरोहण दर्शाती है। मंदिर वास्तुकला गणित, खगोल, सौंदर्य शास्त्र और दर्शन का संगम है। उन्होंने कहा, भारतीय मंदिर सांस्कृतिक पारिस्थितिकी तंत्र हैं, जहां संगीत, नृत्य, खगोल, चिकित्सा और शिक्षा का समन्वय होता है।

डॉ. कुमार ने मंदिर संरक्षण पर जोर देते हुए कहा, मंदिरों को जीवित शिक्षण केंद्र और चेतना का पुनर्जीवित स्रोत मानना चाहिए। मंदिर मनुष्य, प्रकृति और ईश्वर के बीच सेतु हैं, जहां से आत्मा अंधकार से प्रकाश, सीमितता से अनंत की ओर अग्रसर होती है। कॉन्क्लेव अंत में टीएमयू के आईकेएस सेंटर की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। संचालन फैकल्टी डॉ. माधव शर्मा ने किया।

# चौकी इंचार्ज ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** क्षेत्र के अंतर्गत सुरजननगर में गुरुवार को चौकी इंचार्ज ओमकार सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य बाजार, सर्राफा की दुकानों, शराब ठेकों व बैंको चौराहे पर संदिग्ध लोगों की तलाशी और वाहनों की जांच की गई। वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे में भी बताया गया और हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस और कागज लेकर चलने के बारे में बताया गया। बाजार में बिना काम के घूम रहे युवकों को चौकी इंचार्ज ओमकार सिंह ने समझाते हुए घर पर रहने की हिदायत दी। हालांकि इस दौरान कोई अवैध या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। चौकी इंचार्ज ओमकार सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ क्राइम कंट्रोल करना है। और अपराध नियंत्रण के मद्देनजर चौकी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर लगातार सघन चे. कंग अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान सड़क पर आने जाने वाले वाहन चालकों व संदिग्ध लोगों की गति. विधियों पर नजर रखी जा रही है.इस दौरान चौकी प्रभारी ओमकार सिंह के अलाबां हेड कांस्टेबल विपिन राजपूत, हेड कांस्टेबल नन्द किशोर के साथ अन्य कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मधुमेह व हृदय सम्बन्धी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिएं की नुक्कड़ सभाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** गुरुवार को नगर के चिकित्सक डॉ मौहम्मद शायगान द्वारा बिलारी नगर में मधुमेह व हृदय रोगों के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक रैली व नुक्कड़ सभाओ का आयोजन किया गया। इन नुक्कड़ सभाओं में चिकित्सक शायगान एमबीबीएस एमडी शुगर व हृदय रोग विशेषज्ञ ने बताया कि मधुमेह एक दीर्घकालिक बीमारी है इससे समस्त शरीर के अंगों पर दुष्प्रभाव पड़ता है इसी बीमारी के चलते शांत हृदय घात का पता नहीं चलता और आकस्मिक मृत्यु हो जाती है।

अत: शुगर, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखें और प्रतिवर्ष गुर्दे और आंखों की जांच कराए साथ ही अपने जीवन में व्यायाम, योग, अच्छी नींद व स्वस्थ आहार को प्राथमिकता दें। बताया कि




वर्ल्ड डायबिटीज डे के अवसर पर स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम बीते दस नवम्बर से चौदह नवम्बर तक चलायें जायेंगे। यह नुक्कड़ सभायें तहसील परिसर, महाराणा प्रताप चौक, होली चौक, बाजार, नई सड़क व गांधी चौराहे पर आयोजित की गई जिसमें बिलारी सिटी हॉस्पिटल के नजर हुसैन , अजय सक्सेना,प्रमोद, राशिद, मुगीस, आनन्द, सौरभ, अयान, सलीम, नदीम,रिहान,आकाश इत्यादि के साथ सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के अध्यक्ष नोमान जमाल मौजूद रहे।

# तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष कानूनी सहायता समिति के सदस्य नामित

**शाह टाइम संवाददाता।**

**बिलारी।** तहसील बार एसोसिएशन बिलारी के 6 बार अध्यक्ष रह चुके वरिष्ठ अधिवक्ता आफाक हुसैन एडवोकेट को तहसील प्रशासन की ओर से निशुल्क कानूनी सहायता समिति तहसील बिलारी का सदस्य नामित किया गया है।

बृहस्पतिवार सुबह बार एसोसिएशन पदाधिकारी की मौजूदगी में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने आफाक हुसैन को इस आशय का पत्र सौंपा, तहसील बार एसोसिएशन के प्रस्ताव के आधार पर एसडीएम बिलारी ने आफाक हुसैन को समिति का सदस्य नामित करने का पत्र जारी कर दिया। बृहस्पतिवार दोपहर बाद तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय



कुमार सिंह, महासचिव सुनील कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष भगवान शरन माथुर, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान आदि बार पदाधिकारियों ने समिति के नए नामित सदस्य आफाक हुसैन को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

# सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने वाहनों में लगवाए रिफ्लेक्टर



**कांठ ( शाह टाइम्स )** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज पुलिस ने वाहन चालकों को रोक कर जागरूकता अभियान चलाया और वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाकर आने वाले सर्दी के दिनों में वाहन चलाते वक्त पूरी तरह से सुरक्षा कायम रखने का आवाहन किया। पुलिस की टीम सड़कों पर उतरी और थाने के सामने एवं अन्य जगहों पर जाकर गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली लकड़ी की ट्राली ट्रको डग्गामार वाहनों आदि में आगे और पीछे रिफ्लेक्टर लगाकर उनसे सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर रहने का अपील की पुलिस ने कहा कि सभी वाहन चालक अपनी लाइटों को दुरुस्त करें और कोहरे के दौरान मानक के अनुसार ही लाइट का इस्तेमाल करें उन्होंने अन्य वाहन चालकों से भी सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाए जाने का आह्वान किया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला घायल, कैमरे लगे दिखावे के लिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के बस स्टैंड से कुछ दूरी पर गुरुवार को एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में ले लिया जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई बता दे कि घायल महिला की पहचान रश्मि देवी पत्नी भूपेंद्र सिंह निवासी कानपुर की हुई है रश्मि अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए सुरजन नगर में अपनी सिलाई सेंटर की दुकान चलती है और उस के पति भूपेंद्र सिंह काशीपुर की फैक्ट्री में दैनिक मजदूरी का कार्य करता है जिससे दोनों मिलकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं रश्मि गुरुवार को सुरजन नगर अपनी दुकान से व सुरजन नगर में लगने वाले बाजार से खाद्य सामग्री लेकर अपने निजी वाहन से अपने गांव का कनकपुर को जा रही थी तभी पीछे से आ रहे हैं अज्ञात वाहन ने तीव्र गति से होरन बजाया जिस से महिला की स्कूटी असंतुलित होकर गिर गई और




वाहन की चपेट में आ गई जिससे महिला के सीधे हाथ पर वाहन का पहिया उतर गया, वाहन स्वामी ने बिना देखे ही वहां से अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार से लेकर फरार हो गया और महिला को वहीं पर छोड़ गया यह घटना को आसपास के ग्रामीणों ने घटनास्थल पर आकर महिला को पास के स्वास्थ्य चिकित्सा के पास ले गए जहां पर चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

वहीं दूसरी और ग्रामीणों ने अज्ञात वाहन को ढूंढने के लिए सुरजन नगर बस स्टैंड के चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में देखने के लिए संचालक से बात की तो संच. ालक ने केमरे में न चलने की बात कही वहीं पुलिस प्रशासन भी अज्ञात वाहन को ढूंढने के लिए निजी केमरे में तलाश जारी करना शुरू कर दी।।

# प्राथमिकताओं वाली योजनाओं से वंचित लोगों के लिए चलेगा अभियान

**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीरो पॉवर्टी अभियान को मिशन मोड में आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एक माह का विशेष अभियान चलाकर उन सभी पात्र लाभार्थियों को चिह्नित किया जाए, जो किसी कारणवश अभी तक प्राथमिकता वाली योजनाओं से वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही जीरो पावर्टी अभियान का मूल उद्देश्य है। विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र परिवार को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। प्रथम चरण में सात प्राथमिकता वाली योजनाओं राशन कार्ड, दिव्यांगजन पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, पीएम किसान सम्मान निधि, का लाभ दिलाया जाना है।

# आज से बहेगी श्री जम्भवाणी हरि कथा की बयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** चौकी क्षेत्र निकटवर्ती ग्राम लालापुर पीपलसाना में सात दिन तक श्री जांभवाणी हरिकथा की बयार बहेगी। कथा का आयोजन लालापुर के समस्त विश्नोई समाज स्थित विश्नोई धर्मशाला में किया जाएगा। श्री जांभवाणी हरिकथा में विश्नोई समाज के प्रसिद्ध संत स्वामी स्वर्गीय राजेंद्रानंद जी महाराज के शिष्य आचार्य अमृतानन्द जी महाराज श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे। कमेटी द्वारा कथा से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कथा का आयोजन विश्नोई समाज और उनसे जुड़े हुए लोगों के सहयोग से किया जा रहा है। सात दिवसीय श्री जाम्भवाणी हरि कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रात: 10:00 बजे से किया जाएगा। कथा 7 दिन तक प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से शाम 3:30 बजे तक की जाएगी। 20 नवम्बर को कथा समापन के बाद प्रात: 8:00 बजे हवन एवं दोपहर 12:00 बजे से भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अलतमश उर्फ अमान पुत्र अनजार हुसैन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अलतमश उर्फ अमान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**अनजार हुसैन पुत्र अनवार हुसैन**
निवासी पीरजादा नियर हुसैनी वाली मस्जिद थाना कटघर, जिला मुरादाबाद, मो.नं. 9557155959

# आठ वर्षीय बालक से कुकर्म कर हत्या करने वाले दो दोषियों को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल की एक दिल दहला देने वाली घटना में आठ वर्षीय अबोध बालक के साथ कुकर्म कर उसकी नृशंस हत्या करने के मामले में अदालत ने दोषियों को कड़ी सजा सुनाई है। यह मामला पूरे उत्तर प्रदेश को झकझोर देने वाला रहा। इस प्रकरण में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जनपद न्यायाधीश सम्भल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह ने अपराधियों को आजीवन कारावास और 01 लाख 13 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। मामला थाना हयातनगर, जनपद सम्भल के अंतर्गत वर्ष 2019 का है, जिसका मुकदमा अपराध संख्या 486/2019 धारा 363, 302, 201, 377 भादवि व धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया गया था। वादी राजकुमार ने अपने 08 वर्षीय पुत्र के अचानक लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस द्वारा की गई खोजबीन के दौरान बालक का शव एक आम के पेड़ के नीचे बरामद हुआ, जिसका सिर धड़ से अलग था। जांच में स्पष्ट हुआ कि हत्यारों ने पहले बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया और बाद में धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। इस जघन्य अपराध की विवेचना इंस्पेक्टर विद्युत गोयल द्वारा की गई। पर्याप्त साक्ष्य और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपित दानिश पुत्र जमील तथा बाबू उर्फ बाबूराम पुत्र रामप्रसाद निवासी हसनपुर मुनजब्ता थाना हयातनगर जिला सम्भल को दोषी ठहराया। न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने अपने निर्णय में कहा कि अपराधियों का यह कृत्य क्षमायोग्य नहीं है क्योंकि उन्होंने एक निर्दोष और मासूम बच्चे की नृशंस हत्या की है। जिस बच्चे ने अभी संसार में यह भी नहीं समझा कि वह यहां किस उद्देश्य से आया है और उसके साथ दो-दो दरिंदों द्वारा जब ऐसा कृत्य किया जा रहा हो तो उसके मस्तिष्क पटल पर वीभत्स एवं डरावना दृश्य आया होगा कि यह संसार कितना बुरा व जालिम है। बच्चे ने अपने भविष्य के लिए क्या-क्या सपने संजोये होंगे, न केवल उसके सपने चकनाचूर हुए बल्कि उसके माता-पिता के भी भविष्य के सपने भी चकनाचूर हुए। ऐसी दशा में अपराधियों के वीभत्स एवं दरिंदगीपूर्ण कृत्य को देखते हुये अपराधियों के साथ दंड के संबंध में नरमी बरते जाने का कोई औचित्य नहीं है। यह मामला जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी का एक अति दुर्लभ एवं संवेदनशील मामला माना गया, जिसमें न्यायालय ने न्याय की कठोर मिसाल पेश की। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह द्वारा लैंगिक अपराधों से जुड़े मामलों में लगातार त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिससे ऐसे मामलों में न्याय की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

## भारतीय मानव कल्याण समिति ने लगाया जागरूकता शिविर

**चन्दौसी।** भारतीय मानव कल्याण समिति के विनायक मार्ग स्थित कार्यालय पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। समिति प्रबन्धक डॉ टी.एस. पाल ने बताया कि एसआईआर के अंतर्गत प्रत्येक बूथ के बीएलओ द्वारा घर-घर दिए गए फार्मों को सही तरीके से भरने के लिए समझाने हेतु शिविर लगाया गया क्योंकि जरा सी चूक होने पर वोट कट सकता है। बड़ी ही सतर्कता से फॉर्म भरने के उद्देश्य से लोगो को जागरूक किया तथा बीएलओ का पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया। अंत मे दिल्ली में हुए ब्लास्ट के दौरान मारे गए लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए दो मिनट का मौन धारण करके ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान डॉ टी.एस. पाल, सुशील कुमार भोलेनाथ, ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ जयशंकर दुबे, आकाश कुमार शर्मा, रतन कुमार वार्ष्णेय, श्यामसुंदर दुबे, कमल कश्यप, बृजकिशोर, दिनेशचंद्र, विक्रम सिंह, मुनीश आदि उपस्थित रहे।

## देश के खिलाफ साजिश करने वालों के विरुद्ध सभी भारतवासी एक: सांसद जिया उर्रहमान बर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चन्दौसी।** संभल सांसद जिया उर्रहमान बर्क ने कहा कि देश के 140 करोड़ भारतवासी एक हैं। यदि कोई भी देश भारत के खिलाफ साजिश करेगा या नुकसान पहुँचाने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध सभी भारतवासी एकजुट होकर खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि देश के सभी नागरिक अपने धर्म, संविधान और राष्ट्र के प्रति वफादार हैं। सांसद बर्क गुरुवार को सपा नेत्री संगीता यादव के आवास पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद मीडियाकर्मियों से वार्ता कर रहे थे। मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल 'वर्तमान समय में राष्ट्रहित क्या है?' के उत्तर में उन्होंने कहा कि लोग अपनी जिम्मेदारी को समझें, क्योंकि राष्ट्रहित के मुद्दे पर सभी नागरिक एकजुट हैं। दिल्ली बम ब्लास्ट की घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि ऐसे समय में संयम बरतना आवश्यक है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार जनता से सच्चाई छिपा रही है, देश में अपराध का ग्राफ बढ़ा है, बेरोजगारी चरम पर है और जनता परेशान है। सांसद ने कहा कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी, क्योंकि जनता पहले ही जनादेश दे चुकी है। केवल कागजों में 'जीरो टॉलरेंस' दिखाकर सच्चाई को छिपाया नहीं जा सकता। जब उनसे पूछा गया कि यदि सपा सरकार बनी तो क्या अपराधियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा, तो उन्होंने कहा कि जो न्यायोचित होगा, वही कार्यवाही की जाएगी, किसी निर्दोष को द्वेषवश नहीं सताया जाएगा। वंदे मातरम् के मुद्दे पर सांसद ने कहा कि भाजपा सदैव हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करती है और ऐसे मुद्दों को समाज में विभाजन फैलाने के लिए प्रयोग करती है। इस दौरान सुधा गुप्ता, ममता, गुडिघ्या, चंदाबी आदि सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### हाईस्कूल नगलिया मशकूला में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालय स्तरीय विज्ञान व गणित प्रदर्शनी

**कुंदरकी।** गुरुवार को राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत 'विद्यालय स्तरीय विज्ञान व गणित प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घघाटन प्रोफेसर डॉ योगेंबर सिंह भौतिक विज्ञान के जी के डिग्री कॉलेज मुरादाबाद तथा डॉ स्वदेश प्रधानाचार्या राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकुला, नोडल शिक्षिका रेणुका व प्रीति ने सम्मिलित रूप से फीता काटकर सम्मिलित रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी ने की। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान फिजा रानी, द्वितीय स्थान अलफिजा और फात्मा ,तृतीय स्थान अरमान व गुरदीप सिंह, तथा सांत्वना पुरस्कार गुलनिशा व अलीशा ने प्राप्त किया। गणित प्रदर्शनी में प्रथम स्थान विनीत कुमार, द्वितीय स्थान अदीबा तथा तृतीया स्थान मोहित व अभिषेक तथा रिमशा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका मुख्य अतिथि। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रेणुका व प्रीति ने सम्मिलित रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी छात्र व छात्राओं तथा कुलदीप ,संजीव व पंकज का सहयोग रहा।

### मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

**बिलारी।** शेरपुर माफी के इकरार हुसैन ने मुकदमा दर्ज कराया कि 12 अक्टूबर को शाम 7 बजे उसके गांव के रहने वाले अनीस, इशरत जहां, अरवाना,रहनुमा आदि उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जब मना किया तो मारपीट की। जिससे उनके सिर में चोट आई। आसपास के लोग आने पर वह भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

### दुकान के गल्ले से एक लाख रुपये की नकदी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**ठाकुरद्वारा।** नगर के शगुन तिराहे पर स्थित दीपक मेडिकल के बराबर में मोबाइल की दुकान से 9 नवंबर की शाम को दुकान में काम करने वाले युवक ने दुकान के गले से एक लाख रुपये चोरी कर लिए । घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव क मालपुरी निवासी विनय कुमार पुत्र डालचंद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 9 नवंबर 2025 की शाम लगभग 6 से 7 बजे के बीच मेरी दुकान में चोरी की घटना हुयी । उस समय वह बराबर में स्थित दुकान पर गया था। दुकान पर गोपी वाला का एक युवक काम करता है । इतनी देर में ही युवक ने गले में रखे एक लाख सपये चोरी कर लिए । जब उसने दुकान में लगे सीसीटीवी कमरे देखें तो इतने में ही वह युवक चला गया । चोरी की सारी घटना कमरे में कैद हो गई । पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक से रकम वापस दिलाने और उसकी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आज नगर में निकलेगी विशाल एकता यात्रा

**ठाकुरद्वारा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर ठाकुरद्वारा में एक भव्य एकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 14 नवंबर 2025 को सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और देशभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। जानकारी के अनुसार, यात्रा का शुभारंभ सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मैदान से किया जाएगा। वहां से यात्रा बाबू रामपाल द्वार, रतूपुरा मोड़, राम सिंह कोचिंग सेंटर, कोतवाली, शगुन चौराहा, गंज बाजार, कदीर तिराहा होते हुए तिकोनिया पार्क से होते हुए रॉयल बैंकेट हॉल ठाकुरद्वारा में संपन्न होगी। यात्रा में बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के नागरिकों, समाजसेवियों, युवाओं व राजनीतिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि यह एकता यात्रा "भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक" स्वरूप में आयोजित की जाएगी।उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक ठाकुर अजय प्रताप सिंह दी तथा सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस एकता यात्रा को सफल बनाएं और लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करें।

### नायब तहसीलदार के दुव्यवहार के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार, आज से धरने की रणनीति तैयार

**ठाकुरद्वारा।** नायब तहसीलदार उत्तरी आदित्य कुमार की कार्यप्रणाली और अधिवक्ताओं के प्रति कथित दुर्व्यवहार के विरोध में सिविल बार एसोसिएशन ठाकुरद्वारा के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को राजस्व न्यायालयों के कार्य से विरत रहकर विरोध दर्ज कराया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा जारी सूचना के अनुसार, अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग को लेकर पहले ही न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय लिया था। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को भी सूचित किया गया था, किंतु अब तक किसी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक नायब तहसीलदार का स्थानांतरण नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सूत्रों के अनुसार, 14 नवंबर से इस मुद्दे को लेकर अधिवक्ता धरने पर बैठने की रणनीति तैयार करेंगे। उक्त जानकारी सिविल बार एसोसिएशन के महासचिव नवीन यादव ने दी । बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि अधिवक्ता एकजुट होकर न्यायालय परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराएंगे और मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### हापुड़ प्रकरण को लेकर लेखपाल संघ मुखर, निष्पक्ष जांच व मुआवजे की मांग

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने उपजिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जनपद हापुड़ में एक लेखपाल साथी पर ग्रामवासियों द्वारा सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया गया था। आरोप की सत्यता की पुष्टि किए बिना ही संबंधित लेखपाल को तत्काल निलंबित कर दिया गया। इस कार्रवाई से मानसिक रूप से आहत होकर उन्होंने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। लेखपाल संघ ने मांग की कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय विभागीय जांच कराई जाए और यदि मृतक लेखपाल निर्दोष पाए जाएं, तो उन्हें आधिकारिक रूप से निर्दोष घोषित किया जाए। साथ ही मृतक के आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए और परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**चन्दौसी।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश पर मंडल मुरादाबाद इकाई ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त द्वितीय शशि भूषण को सौंपा। ज्ञापन में पत्रकारों ने प्रमुख रूप से मांग की कि प्रदेश में पत्रकार मान्यता प्राप्त समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के दो-दो प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। इसके अलावा पत्रकारों की सुरक्षा एवं सम्मान की गारंटी, उत्पीड़न की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई, कार्य के दौरान आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, प्रशासन और पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय तथा पत्रकारों की समस्याओं के निवारण हेतु शिकायत प्रकोष्ठ गठित करने जैसी मांगें रखी गईं।

## लेखपाल संघ ने मानदेय भुगतान में देरी को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने गुरुवार को जिलाधिकारी संभल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आय, जाति एवं निवास प्रमाणपत्रों के मानदेय भुगतान के संबंध में पूर्व में 3 सितंबर 2025 को पत्र प्रेषित किया जा चुका है, परंतु उसके बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। लेखपाल संघ ने बताया कि जिलाधिकारी कार्यालय से पत्रांक 312, 23 दिसंबर 2024 के माध्यम से वर्ष 2019 से 2024 तक लेखपालवार जारी किए गए प्रमाणपत्रों की सूचना मांगी गई थी, जो अब तक अपूर्ण है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ई-डिस्ट्रिक्ट योजना के अंतर्गत आय, जाति, निवास आदि प्रमाणपत्रों के निर्गमन के लिए वर्ष 2019 से 2025 तक की अवधि में भी व्यय की प्रतिपूर्ति का भुगतान नहीं हुआ है। संघ ने मांग की कि लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने एसएसपी व एसपी सिटी को किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की जिला इकाई ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की सराहनीय भूमिका के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं नगर पुलिस अधीक्षक रणविजय सिंह से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और पूरी पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर पार्टी ने हाल ही में भोजपुर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मेरठ एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की वीरतापूर्ण कार्रवाई की सराहना की। मुठभेड़ में पुलिस ने कुख्यात अपराधियों आसिफ उर्फ टिड्डा और दीनू को मार गिराया था, जो लंबे समय से क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले और कई गंभीर अपराधों में वांछित थे। उन्होंने कहा कि सुभासपा पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना करती है और भविष्य में भी समाज में शांति और व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने का कार्य करती रहेगी।इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से जिला सचिव अशोक सैनी, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनुराग सक्सेना, महासचिव एडवोकेट जयप्रकाश सिंह, एडवोकेट जितेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव एडवोकेट अवरण अग्रवाल, एडवोकेट जिशान उल हक, एडवोकेट शशांक चौहान, उपाध्यक्ष एडवोकेट अजय पाल, कोषाध्यक्ष एडवोकेट प्रतीक गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सभापति डा. रतन पाल सिंह ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के मा. सभापति डॉ. रतन पाल सिंह ने समिति के सदस्य श्री विजय बहादुर पाठक, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त और एमएलसी श्री गोपाल अंजान की उपस्थिति में मुरादाबाद शहर स्थित सर्किट हाउस के सभागार में जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी सहित जनपद के अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस विभाग, अग्निशमन, नगर निगम, खाद्य सुरक्षा, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, जल निगम (नगरीय), लोक निर्माण विभाग आदि से संबंधित अधिकारियों से उनके कार्यालय से सेवानिवृत हो चुके कार्मिकों की पेंशन, ग्रेच्युटी सहित अन्य विभिन्न देयकों की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की। खाद्य सुरक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान मा. सभापति ने सहायक आयुक्त (खाद्य) से वर्ष 2017 से अब तक लिए गए नमूनों के सापेक्ष निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए की गई कार्यवाई के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही दीपावली के दौरान खाद्य पदार्थों में हानिकारक मिलावट को रोकने के लिए विभाग स्तर से किए गए प्रयासों और कार्रवाई के बारे में भी समीक्षा की। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि 01 अप्रैल 2025 से अब तक 586 नमूने लिए गए हैं, सभापति ने जिलाधिकारी से कहा कि वे टीम बनाकर 2017 से अब तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में



लिए गए नमूनों के आधार पर लंबित प्रकरणों का समाधान कराएं साथ ही कार्रवाई में विलंब होने के संबंध में अधिकारियों की भूमिका की भी कमेटी के माध्यम से जांच कराई जाए। विद्युत विभाग में लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान सभापति ने अधीक्षण अभियंता से बिजनेस प्लान 2025-26 के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि बिजनेस प्लान तैयार करने के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी अनिवार्य रूप से लिया जाए तभी आमजन की समस्याओं का समाधान और स्थानीय जरूर के अनुरूप बेहतर प्लान तैयार होगा। सभापति ने कहा कि कार्यालय स्तर पर सेवानिवृत कर्मचारियों के देयकों के भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए साथ ही मृतक आश्रित के प्रकरणों में भी विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए यथाशीघ्र समाधान होना चाहिए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक अधिकारियों ने की मीटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत (13 दिसंबर 2025) के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक



प्रचार-प्रसार के संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आद. शानुसार गुरुवार को नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट) संभल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु रणनीति पर विस्तृत चचा की गई। न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि वे अपन-अपने न्यायालयों में लाम्बेत वादों की सूची तैयार करें, जिनका निस्तारण सुलह एवं समझौते के नाध्यम से लोक अदालत में सम्भव है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आम नागरिकों को लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत एम्पलेट, बैनर सोशल मीडिया एवं स्थानीय समाचार माध्यमों का उपयोग क्रिया जायेगा, ताकि अधिक-से-अधिक पक्षकार अपने विवादों का समाधान लोक अदालत में करा सके।बैठक में विभांशु सुधीर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्मल स्थित चन्दौसी, पराग यादव सिविल जज सी.डि./ए.सी.जे.एम. चन्दौसी संभल स्थित चंदौसी, आदित्य सिंह सिविल जज (सी.डि.)/ए.सी.जे.एम. संभल स्थित चंदौसी, दिव्या गर्ग सिविल जज (जू.डि.) जे.एम, ललित कुमार सिविल जज (जू,डि.) कोर्ट नं. -01 बाह्य न्यायालय संभल, दिव्या चिंडालिया न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल स्थित चन्दौसी आदि आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बहेड़ी
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 13.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बहेड़ी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 24.11.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 24.11.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से मुस्तफा के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा आदि। | 40 मी0 | 117570/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 2 | मैन रोड से अकील के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 54 मी0 | 154167/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 3 | मैन रोड से कय्यूम के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 53 मी0 | 235000/- | 500 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत बहेड़ी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


## बाल दिवस की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के बच्चों ने तैयार किया चाचा नेहरू का भव्य पोस्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, में विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए एक आकर्षक पोस्टर प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया पंडित नेहरू का पोर्ट्रेट रहा, जिसे देखकर सभी ने छात्रों की रचनात्मकता की प्रशंसा की।कला प्रभारी डॉ. नवनीत गोस्वामी के मार्गदर्शन में छात्रों प्रिंस, अंश, वंश, केशव, ध्रुव, यश और दीपक आदि ने मिलकर चाचा नेहरू का भव्य पोस्टर तैयार किया।

बच्चों ने अपने रंगों और कल्पनाओं के माध्यम से नेहरू जी के व्यक्तित्व और उनके बच्चों के प्रति स्नेह को बड़ी ही खूबसूरती से उकेरा। प्रदर्शनी में नेहरू जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं और उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को भी कलात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर सुदेश कुमार भटनागर ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि पंडित नेहरू ने बच्चों को देश का भविष्य बताया था और उनका जीवन समर्पण, शिक्षा एवं आधुनिक भारत के निर्माण का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह नेहरू जी के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिसर में नेहरू जी के जीवन पर आधारित चित्रों और नारों से सजा वातावरण देशभक्ति और उत्साह से भर गया। अंत में डॉ. नवनीत गोस्वामी ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सृजनात्मकता, टीम भावना और इतिहास के प्रति सम्मान को बढ़ाते हैं।

कार्यक्रम के समापन पर सभी ने 'चाचा नेहरू अमर रहें' के नारों के साथ बाल दिवस का संदेश दिया कि हर बच्चा देश की आशा और उज्ज्वल भविष्य की किरण है।

## चन्दौसी में एएचटी टीम का भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान

**चन्दौसी।** भिक्षावृत्ति (भीख माँगने की प्रवृत्ति) पर नियंत्रण एवं समाज में पुनर्वास की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना एएचटी टीम द्वारा अभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रभारी निरीक्षक सत्यविजय सिंह, उपनिरीक्षक बाबूराम सैनी, कांस्टेबल अमित कुमार, नवीन कुमार, चालक मयंक, संरक्षण अधिकारी तेजपाल सिंह, एनजीओ उम्मीद की प्रमुख रैना शर्मा तथा सहायक फील्ड कॉर्डिनेटर सचिन कुमार शामिल रहे। अभियान के तहत रेलवे स्टेशन चन्दौसी, रोडवेज बस अड्डा, मंदिर परिसर, चन्दौसी बाजार एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर भिक्षावृत्ति उन्मूलन हेतु कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 12 वर्षीय बालक को रेस्क्यू कर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति जनपद सम्भल के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ नियमानुसार कार्यवाही कर उसे उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। टीम द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि वे सड़क पर भिक्षा देने के बजाय ऐसे व्यक्तियों या बच्चों को पुनर्वास केंद्र तक पहुँचाने में मदद करें ताकि शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाया जा सके और जरूरतमंदों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। साथ ही बताया गया कि बाल



भिक्षावृत्ति करना या कराना दंडनीय अपराध है तथा नागरिकों को शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 112, 1076, 181, 1090, 1098 एवं 108 की जानकारी दी गई। अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाकर भिक्षावृत्ति पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करना है।


**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2003 अनुक्रमांक 2295186 व इण्टर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2005 अनुक्रमांक 0309574 के मूल प्रमाणपत्र व अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **नीलम पुत्री लव कुमार निवासी रहमापुर उद्यमसिह नगर (उत्तराखंड)।**



**सूचना**

मु0अ0स0 118/2025 धारा 331 (6), 310 (2) BNS थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद में अभियुक्त अनित पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम हिमायतपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद के विरूद्ध उद्धघोषणा दिनांक: 11.11.2025 को मा0 न्यायालय ACJM-04 मुरादाबाद द्वारा जारी की गयी है। अभियुक्त लगातार फरार चल रहा है उक्त अभियुक्त के सम्बन्ध में जानकारी मिले तो निम्न नम्बर पर सूचित करे।

**SHO थाना छजलैट**
**जनपद मुरादाबाद।**
**9454404036**
**SSI वासिफ अहमद**
**थाना छजलैट, मुरादाबाद।**
**मोबाईल नं0-9582516367**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## अक्रूरजी कन्या पाठशाला पर अधिक फीस वसूलने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट स्थित अक्रूरजी कन्या पाठशाला पर अभिभावक ने अधिक शुल्क वसूलने और फीस की रसीद न देने का आरोप लगाया है। शहर के खुर्जा गेट निवासी ज्ञानप्रकाश शर्मा ने जिलाधिकारी को प्रेषित शिकायत में बताया कि उनकी दो बेटियाँ उक्त विद्यालय में क्रमश: कक्षा 08 और कक्षा 10 में अध्ययनरत हैं। ज्ञानप्रकाश शर्मा का कहना है कि वे समय-समय पर विद्यालय की फीस नियमित रूप से जमा करते हैं, लेकिन विद्यालय प्रशासन द्वारा न तो फीस की रसीद दी जाती है और न ही शुल्क निर्धारित मानकों के अनुरूप लिया जा रहा है। अधिक कहने पर कॉलेज द्वारा रसीद दी गई तो उसमें वसूले गई रकम से कम रकम अंकित थी। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यालय द्वारा मानक से अधिक शुल्क वसूला जा रहा है। इस मामले की शिकायत अभिभावक द्वारा सीएम पोर्टल, मुख्य विकास अधिकारी सम्भल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सम्भल तथा जिला विद्यालय निरीक्षक सम्भल को भी भेजी गई है, ताकि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जा सके। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू गुप्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाये गये आरोप निराधार है। विद्यालय में कोई भी अतिरिक्त फीस नहीं वसूली जाती।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा लॉट संख्या **PARKING-MB-HW-TW-9-25-1**, जिसे 13.11.2025 को **कैटलॉग संख्या 25-MB-Parking-15** के अंतर्गत मुरादाबाद मंडल में हरिद्वार स्टेशन पर पार्किंग हेतु नीलामी के लिए निर्धारित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से **स्थगित कर दिया गया है।** अब उक्त लॉट की नीलामी हरिद्वार स्टेशन पर पार्किंग स्थल के लिए पुनः निर्धारित की गई है, जो **दिनांक 27.11.2025** को वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक (C)/मुरादाबाद (ए.सी.ओ.) द्वारा IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। नीलामी से संबंधित संपूर्ण विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। **3520/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**प्रथम शुद्धि पत्र**

**विज्ञापित निविदा संख्या 17-EI C-MB-PQR-2x25KV-142**

**कार्य का नाम:** निविदा संख्या 17-EI C-MB-PQR-2x25KV-142 : पंजाब राज्य के तीन 2x25 के.वी. ट्रैकशन सब-स्टेशन (बिहेड़ू, दसूआ, सुजानपुर) के लिए पावर क्वालिटी रेस्टोरर की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग एंव स्थापना।

कुछ प्रशासनिक कारणों से निम्न संशोधन जारी किये जा रहे है ।

1. निविदा खुलने की तिथि 14.11.2025 के स्थान पर 25.11.2025 कर दी गई है।
2. शेष नियम व शर्ते अपरिवर्तनीय है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **3540/25**

# रोमांचक टेस्ट के लिए तैयार ईडन गार्डन्स

## भारत-द. अफ्रीका के बीच दो मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट आज से



**कोलकाता, वार्ता।** ईडन गार्डन्स में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को रोमांचक मुकाबला होने वाला है। भारत प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, लेकिन प्रोटियाज को नजरअंदाज मत कीजिए-उनके पास मैच में हलचल मचाने की क्षमता है। शुभमन गिल शांत और प्रभावशाली तरीके से मेजबान टीम की अगुवाई कर रहे हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह भारतीय बल्लेबाजी क्रम जबरदस्त है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल नई गेंद का सामना कर सकते हैं, जबकि मध्यक्रम-ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल-गहराई, लचीलापन और अप्रत्याशितता का तड़का लगाते हैं। और याद रखें, ईडन की यह पिच सिर्फ़ ताकत ही नहीं, बल्कि कौशल को भी पुरस्कृत करती है। गेंदबाजी विभाग घातक है। जसप्रीत बुम.राह और मोहम्मद सिराज अपनी तेजी और उछाल से पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिसका कोई भी बल्लेबाज सम्मान करेगा, जबकि कुलदीप यादव, जडेजा और सुंदर विकेट के टर्न लेते ही अपनी स्पिन का जादू बिखेरेंगे।

टॉस जीतने वाले कप्तान लगभग निश्चित रूप से सपाट सतह का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करेंगे, जिससे मैच के बाद के मुक़ाबले में मुक.ाबला तय हो जाएगा। टेम्बा बाव.ुमा कप्तान के रूप में फिर से मैदान पर हैं, और उन्हें पता है कि चुनौती बहुत बड़ी है। रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम को शीर्ष क्रम को संभालना होगा, जबकि बावुमा, टोनी डी जोरजी और वियान मुल्डर मध्यक्रम को संभालेंगे। गेंदबाजी के मोर्चे पर, कगिसो रबाडा और वियान मुल्डर को शुरुआत में ही जोरदार शुरुआत करनी होगी-शुरुआती सफलता अनमोल होगी।

केशव महाराज और सेनुरन मुथुस्वामी टर्निंग पिच का फ़ायदा उठाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इतिहास मेहमान टीम के पक्ष में नहीं है। दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से जडादा समय से भारत में कोई टेस्ट नहीं जीता है, लेकिन अगर वे शुरुआती झटकों को झेल सकते हैं, दबाव झेल सकते हैं और भारत की स्पिन सेना से निपट सकते हैं, तो आश्चर्य हो सकता है। यह आसान नहीं होगा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में कुछ भी संभव है। ईडन गार्डन्स की कहानी दो भागों में बयां करती है। पहली पारी के लिए पिच सपाट और सटीक है।

### संभावित एकादश

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वाशिगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम.राह, मोहम्मद सिराज

**दक्षिण अफ्रीका:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, वियान मुल्डर, काइल वेरिन (विकेटकीपर), सेनुरन मुथुस्वामी, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, रयान रिकल्टन, साइमन हार्मर।

# इस्लामाबाद विस्फोट के बाद सीरीज रावलपिंडी स्थानांतरित

● **डॉन ने बताया कि पाकिस्तान श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा वनडे मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिंडी में होगा**

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका के साथ चल रही वनडे श्रृंखला और श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ आगामी टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के संशोधित कार्यक्रम की गुरुवार को घोषणा की। साथ ही, इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के मद्देनजर सभी मैच रावलपिडी स्थानांतरित कर दिए गए हैं।

पहले यह श्रृंखला लाहौर में होने वाली थी, लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा चिंताओं के कारण, टूर्नामेंट को रावलपिडी क्रिकेट स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने बताया कि नए कार्यक्रम के अनुसार, पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिडी में खेला जाएगा। पाकिस्तान, श्रीलंका और जिम्बाब्वे की त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला अब 18 नवम्बर से शुरू होगी, जिसका फाइनल 29 नवम्बर को उसी स्थान पर होगा। पीसीबी ने कहा कि कार्यक्रम में संशोधन का निर्णय श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और जिम्बाब्वे क्रिकेट के साथ परामर्श के बाद लिया गया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जैनिक सिनर एटीपी फाइनल्स सेमीफाइनल में पहुंचे

**इटली, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन और इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार में जगह बना ली है। पुरुष टेनिस में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर ने बुधवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल में तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। सिनर की इनडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 28 जीत है। मैच के बाद सिनर ने कोर्ट पर इतालवी भाषा में कहा कि इसके पीछे बहुत मेहनत है। हमारे खेल में, आत्मविश्वास महत्वपूर्ण है, और यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप इस प्रतियोगिता में कैसे पहुंचते हैं।

### बांग्लादेश के बॉलरों ने आयरलैंड को बड़ी हार की ओर धकेला

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लदेश ने महमुदुल हसन जॉय (171) और कप्तान नजमुल शान्तो की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन स्टंप्स के समय दूसरी पारी में आयरलैंड के 86 के स्कोर पर पांच विकेट झटक कर अपनी टीम के लिए बड़ी जीत का दरवाजा खोल दिया। एक विकेट पर 338 रन से आगे खेलते हुए आज बंगलादेश को दूसरा झटका सुबह के सत्र में बैरी मक्कार्थी ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे महमुदुल हसन जॉय को आउटकर दिया। महमुदुल हसन जॉय ने 286 गेंदों में 14 चौके और चार छक्के लगाते हुए 171 रन बनाए। इसके बाद 89वें ओवर में मक्कार्थी ने मोमिनुल हक (82) को अपना शिकार बना लिया। मुशफिकुर रहीम (23), लिटन कुमार दास 60 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों को मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। कप्तान ने 114 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 100 रन बनाए।

# भारतीय टेनिस टीम इतिहास रचने की कोशिश में

● **भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया के ग्रुप में रखा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला टेनिस टीम शनिवार को बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में अपने बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ अभियान की शुरुआत करेगी। बिली जीन किंग कप रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ़ में दुनिया की 14वें नंबर की टीम नीदरलैंड और 19वें नंबर की टीम स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। तीनों टीमें राउंड-रॉबिन मैचों में आमने-सामने होंगी और ग्रुप विजेता 2026 के क्वालीफायर में पहुंच जाएंगी।

अन्य दो टीमें अगले सीजन के लिए अपने-अपने 2026 क्षेत्रीय ग्रुप एक मुकाबलों में वापस आ जाएंगी। भारत बिली जीन किंग कप के क्वालीफायर में कभी आगे नहीं बढ़ पाया है। नीदरलैंड और स्लोवेनिया शुक्रवार को ग्रुप का पहला मुकाबला खेलेंगे। नीदरलैंड की अगुवाई दुनिया की 87वें नंबर की खिलाड़ी सुजैन लामेंस करेंगी, जबकि स्लोवेनिया की टीम में पूर्व फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा जदिनसेक शामिल हैं। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा, उसके बाद रविवार को नीदरलैंड से मुकाबला होगा। विश्व की 309वें नंबर की खिलाड़ी सहजा यामालापल्ली, जो इन मुक.ाबलों के लिए भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी हैं, बेंगलुरु में टीम का नेतृत्व करेंगी। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने मेक्सिको में डब्ल्यूटीए 125 इवेंट में 2017 यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को हराया था। वह पिछले महीने चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थीं। एशियाई खेल 2018 की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना, जो वर्तमान में एकल वर्ग में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 482वें स्थान पर हैं, भी टीम में हैं। श्रीवल्ली भामिदीपती (रैंक 381), रिया भाटिया (रैंक 468) और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे टीम की अन्य सदस्य हैं।

भारतीय टेनिस टीम ने अप्रैल में बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में दूसरे स्थान पर रहकर अपनी जगह पक्की कर ली थी। भारत इससे पहले 2021 में प्ले-ऑफ में पहुंचा था, जहां उसे लातविया से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। बिली जीन किंग कप, जिसे पहले फेड कप के नाम से जाना जाता था, महिलाओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस आयोजनों में से एक है, जिसमें विभिन्न देशों की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी टीम प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ आती हैं। यह टूर्नामेंट महिलाओं के लिए केवल पुरुषों के डेविस कप के समकक्ष है। यह दूसरी बार होगा जब भारत बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ में भाग लेगा।

# फुटबॉलर पाउलो अस्पताल में भर्ती

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के साओ पाउलो फुटबॉल क्लब के मिडफील्डर ऑस्कर फिटनेस टेस्ट के दौरान हृदय संबंधी जटिलताओं के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। ब्राजीलियाई क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी कि 34 वर्षीय ऑस्कर को मंगलवार को साओ पाउलो के बारा फंडा प्रशिक्षण परिसर में परीक्षण के दौरान बेहोश होने के बाद अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ले जाया गया। साओ पाउलो ने एक बयान में कहा कि ऑस्कर की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें कार्डियोलॉजी यूनिट में निगरानी, चिकित्सा निगरानी और जांच के लिए रखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार पैरामेडिक्स के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले यह अनुभवी प्लेमेकर लगभग दो मिनट के लिए बेहोश हो गया था।

# आईपीएल-2026 से पहले मोहम्मद शमी त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में

**नई दिल्ली, वार्ता।** मोहम्मद शमी, जो हाल ही में भारतीय टीम में चयन न होने के कारण चर्चा में हैं, 2026 के आईपीएल सीजन से पहले त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज के लिए कई फ्रेंचाइजी रुचि दिखा रही हैं, और हो सकता है कि उन्हें उनमें से किसी एक के साथ ट्रेड कर दिया जाए।




● **हाल ही में पता चला है कि एसआरएच मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है**

हाल ही में पता चला है कि सनराइजर्स हैदराबाद मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो अपने 12 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में लंबे समय तक भारतीय आक्रमण का अगुआ रहा है, जिसमें 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतर्राष्ट्रीय शामिल हैं, को लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा खरीदा जा रहा है और दिल्ली कैपिटल्स भी उतनी ही उत्सुकता दिखा रही है। अब देखना यह होगा कि एसआरएच प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। अगर यह सौदा होता है, तो यह एकतरफा होगा। नीलामी पूल में शामिल होने की भी संभावना है, लेकिन पूरी तरह से नकद लेन-देन वाला विकल्प जडादा संभावित लगता है। शमी को जेद्दा में हुई पिछली मेगा नीलामी में एसआरएच ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन मामूली रहा - 56.17 के निराशाजनक औसत और 11.23 के इकॉनमी रेट से सिर्फ़ छह विकेट, जबकि उनके करियर के आंकड़े क्रमश: 28.19 और 8.63 रहे हैं। उन्होंने कुल 119 आईपीएल मैचों में 133 विकेट लिए हैं, जिनमें से जडादातर विकेट उन्होंने 2022 और 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए दो शानदार सीजन के दौरान लिए थे, जब उन्होंने कुल मिलाकर 48 विकेट (क्रमश: 20 और 28) लिए थे। चोट के कारण वह पूरे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए।

# आईपीएल 2026 में वॉटसन होंगे केकेआर के सहायक कोच



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 59 टेस्ट, 190 एकदिवसीय और 58 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेल चुके क्वींसलैंड के शेन वॉटसन, अभिषेक नायर के साथ काम करेंगे, जिन्हें हाल ही में तीन बार की पूर्व चैंपियन केकेआर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वॉटसन इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए थे। 44 वर्षीय वॉटसन आईपीएल के दिग्गज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 12 सीजन खेले हैं। उन्होंने 2008 में राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के पहले सीरीज में शानदार जीत दिलाई थी। उन्होंने उस सीजन में एमवीपी का खिताब जीता था और 2013 में फिर से यह कारनामा दोहराया था।

# भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाएं शुक्रवार को कतर के दोहा में शुरू होने वाले राइजिग स्टार्स एशिया कप 2025 में सुर्खियों में रहेंगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट जिसका पहला आयोजन 2013 में इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के रूप में हुआ था। अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है। 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी20 प्रारूप में खेली जाएगी, नए राइजिग स्टार्स बैनर तले पहली बार आयोजित की जाएगी। अंडर-23 भारतीय क्रिकेट टीम ने सिगापुर में आयोजित पहले संस्करण में जीत हासिल की थी, जबकि अफगानिस्तान ए ने पिछले साल ओमान में आयोजित पिछले इमर्जिंग टीम एशिया कप का खिताब जीता था। श्रीलंका और पाकिस्तान भी पिछले चैंपियन हैं। इस साल का संस्करण 14 से 23 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें आठ टीमें - पूर्ण सदस्य देशों की पांच 'ए' या विकासात्मक टीमें और तीन सहयोगी राष्ट्रीय टीमें -

● **अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है, 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी-20 प्रारूप में खेली जाएगी**

महाद्वीपीय टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा की अगुवाई वाली भारत ए क्रिकेट टीम को ग्रुप बी में पाकिस्तान शाहीन (पाकिस्तान ए), यूएई और ओमान के साथ रखा गया है। पिछले साल की विजेता अफगानिस्तान, ग्रुप ए में है।

### राइजिग स्टार्स एशिया कप 2025 की टीमें और ग्रुप

**ग्रुप ए:** अफ़ग़ानिस्तान ए, श्रीलंका, बांग्लादेश ए, हांगकांग

**ग्रुप बी:** भारत ए, पाकिस्तान शाहीन, यूएई, ओमान

प्रत्येक टीम अपने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ एक बार खेलेगी, उसके बाद प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 23 नवम्बर को खेला जाएगा। भारत ए शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। राइजिग स्टार्स एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान ग्रुप बी का बहुप्रतीक्षित मैच 16 नवम्बर को खेला जाएगा। दोहा स्थित वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम राइजिग स्टार्स एशिया कप 2025 के सभी मैचों का आयोजन स्थल होगा। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जो इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, भारत ए क्रिकेट टीम में भी हैं। वैभव ने इस साल की शुरुआत में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में पदार्पण किया और इस टी20 फ्रेंचाइजी लीग में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़कर वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज भारतीय शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। अपने शानदार आईपीएल सीजन के बाद भी, यह युवा खिलाड़ी भारत की युवा टीमों के लिए चमकता रहा है और अंडर-19 वनडे इतिहास में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

# एलएसजी से एमआई की टीम में जा सकते हैं शार्दुल

**मुंबई, वार्ता।** ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि मुंबई इंडियंस (एमआई) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी ) के साथ एक ऑलकैश ट्रेड डील के तहत समझौता कर लिया है। बताया गया है कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने आईपीएल को अपनी रुचि के बारे में जानकारी दी है और जरूरी औपचारिकताओं के पूरा होते ही इस सौदे को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी।

यह नया बदलाव दर्शाता है कि शार्दुल आईपीएल के इतिहास में एक अद्वितीय कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। यह उनके आईपीएल करियर का तीसरा ट्रांसफर होगा। 2017 में राइजगि पुणे सुपरजायंट ने उन्हें किग्स ग्प पंजाब (जो अब पंजाब किग्स है) से अधिग्रहित किया था। इसके बाद 2023 के सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स से



अपने साथ शामिल किया था। यह ध्यान देने योग्य है कि दोनों बार यह व्यापार पूरी तरह से ऑल कैश डील पर आधारित था। ठाकुर 2025 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे और काउंटी चैम्पियनशिप में ऐसेक्स से जुड़ने वाले थे, लेकिन एलएसजी ने उन्हें मोहसिन ख+ाान के रिप्लेसमेंट के तौर पर उनके बेस प्राइस दो करोड़ रुपए में चुना था। उस समय एलएसजी के मेंटॉर जहीर ख+ाान का यह फ़ैसला अच्छा निवेश साबित हुआ था। ठाकुर ने आईपीएल 2025 के शुरुआती दो मैचों में छह विकेट लिए थे।

# अर्जुन-प्रज्ञानंदा व हरिकृष्णा चौथे दौर में टाईब्रेक में पहुंचे




**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे दौर में बुधवार को ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और ग्रैंडमास्टर आर- प्रज्ञानंधा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि पी- हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच टाईब्रेक तक पहुंचाया।

अर्जुन ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए हंगरी के अनुभवी ग्रैंडमास्टर पीटर लेको के खिलाफ 36 चालों के बाद ड्रॉ खेला, जबकि प्रज्ञानंधा ने ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ 30 चालों के बाद

● **ग्रैंडमास्टर अर्जुन और ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच को टाईब्रेक तक पहुंचाया**

अंक बांटे, जबकि हरिकृष्णा ने भी 38 चालों के बाद ड्रॉ खेला। मंगलवार को काले मोहरों से जीत हासिल करने वाले ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा, तीन बार दोहराए गए मैच के बाद ग्रैंडमास्टर एलेक्सी सराना के खिलाफ 20 चालों में ड्रॉ खेलने के बाद अंतिम- 16 दौर में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अब उनका सामना ग्रैंडमास्टर पी- हरिकृष्णा और स्वीडन के ग्रैंडमास्टर निल्स ग्रैंडेलियस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दो बार के चैंपियन ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन भी अगले दौर में पहुंच गए हैं, जिन्होंने ग्रैंडमास्टर राडोस्लाव वोज्टास्जेक के खिलाफ काले मोहरों से 35 चालों में दूसरा गेम ड्रॉ किया।

चौथे दौर में भाग ले रहे पांच भारतीयों में से, सभी की निगाहें टॉप बोर्ड पर अर्जुन और प्रज्ञानंदा पर थीं। अर्जुन ने लेको के खिलाफ सफेद मोहरों से निमजो इंडियन ओपनिग का विकल्प चुना और ऐसा लग रहा था कि वह पूरी तरह से तैयार थे क्योंकि उन्होंने 16 चालों के बाद समय हासिल कर लिया था। लेकिन हंगरी के इस खिलाड़ी ने दृढ़ता से बचाव किया और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी ने 20वीं चाल में रानियों का ट्रेड करने का विकल्प चुना। इसके बाद उन्होंने आगे बढ़ने की को.शिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। प्रज्ञानंदा भी ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ काले मोहरों के साथ 30 चालों में ड्रॉ से संतुष्ट थे।

# न्यूजीलैंड ने विंडीज को हराया, सीरीज भी जीती




**डुनेडिन, वार्ता।** जैकब डफी (चार विकेट) के बाद डेवोन कॉनवे (नाबाद 47) और टिम रॉबिन्सन (45) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांचवें टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया और पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से अपने नाम कर ली। जैकब डफी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड ने आज टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को जैकब डफी की अगुवाई में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने 18-4 ओवर में 140 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 2-5 ओवर में 21 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए 32 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 38 रन बनाए। रोमारियो

● **जैकब डफी ने चार विकेट, कॉनवे ने नाबाद 47 रन और टिम रॉबिन्सन के 45 रनों की शानदार पारी की से न्यूजीलैंड आठ विकेट से जीता**

शेफर्ड ने 22 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 36 रन बनाए। जेसन होल्डर (20), कप्तान शाई होप और रोवमैन पॉवेल ने 11-11 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी 35 रन देकर चार विकेट लिए। जेम्स नीशम को दो विकेट मिले। काइल जैमीसन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे और टिम रॉबिन्सन की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। आठवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। टिम रॉबिन्सन ने 24 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 45 रन बनाए। 12वें ओवर में शमर स्प्रिंगर ने रचिन रवींद्र 21 को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने डेवोन कॉनवे के साथ तीसरे विकेट के लिए अविजित 35 रनों की साझेदारी

## पहले प्यार की चाह में विवाहिता पहुंची प्रेमी के घर, पति को छोड़ मांगी प्रेमी से शादी की इजाजत

**ठाकुरद्वारा।** प्रेम प्रसंग के चलते एक विवाहिता ने अपने पति का घर छोड़कर प्रेमी से शादी करने की जिद ठान ली। मामला कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुरजननगर मार्ग स्थित एक गांव का है। युवती ने कोतवाली पहुंचकर अपने प्रेमी से शादी कराने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार, उक्त गांव निवासी युवती की शादी वर्ष 2024 में रानीनांगल चौकी क्षेत्र के एक युवक से हुई थी। उस समय युवती की उम्र करीब 17 वर्ष थी। बताया जा रहा है कि शादी से पहले युवती का प्रेम प्रसंग अपने ही बिरादरी के एक युवक से चल रहा था। परिजनों ने सामाजिक मान,सम्मान के चलते युवती का विवाह किसी अन्य युवक से कर दिया। हालांकि, विवाहिता अपने पहले प्यार को भूल नहीं सकी।

नाबालिग होने के कारण उसने बालिग होने तक का इंतजार किया। बालिग होते ही युवती अपने मायके पहुंची और वहां से सीधे अपने प्रेमी के घर जाकर शादी की जिद पर अड़ गई। जब परिजनों ने युवती के इस कदम का विरोध किया, तो वह कोतवाली पहुंच गई और पुलिस से अपने प्रेमी के साथ विवाह कराने की मांग की। सूचना पर पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को समझाने का प्रयास किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### ब्लॉक मिशन प्रबंधक को स्पष्टीकरण नोटिस

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक मिशन प्रबंधक ठाकुरद्वारा की विभागीय कार्यों में लापरवाही और अधिकारियों के निर्देशों के प्रति उदासीनता के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। संतोष जनक जवाब न दिए जाने की दशा में इनके विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इन पर राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान भी अनुशासनहीनता बरतने का आरोप है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि 25 नवम्बर तक प्रगति में सुधार लाए अन्यथा वेतन/मानदेय नहीं दिया जाएगा।

# रेलवे स्टेशन पर चलाया गया सघन टिकट चेकिंग अभियान, बिना टिकट यात्रियों पर की गई कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे प्रशासन द्वारा बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा तथा स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने पर रोक लगाने के उद्देश्य से मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर कड़े निरीक्षण के तहत किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देशन में संचालित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रेलवे कर्मियों ने भाग लिया।इस अभियान में कुल 21 टिकट चेकिंग स्टाफ एवं 07 रेलवे सुरक्षा बल (त्व्थ्) कर्मियों की टीम ने मिलकर स्टेशन परिसर और ट्रेनों में सघन जांच की। अभियान के दौरान कुल 26 गाड़ियों की चेकिंग की गई, जिसमें यात्रियों के टिकटों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान 88 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे 47,380 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं 282 अनियमित यात्रियों से 1,25,650 रुपये का जुर्माना प्राप्त किया गया। इसके अलावा 3 मामलों में स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने पर 500 रुपये



का दंड लगाया गया।इस प्रकार मुरादाबाद स्टेशन पर दिनांक 12 नवम्बर को हुए इस विशेष अभियान से रेलवे को कुल 1,73,530 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। रेलवे प्रशासन ने बताया कि ऐसे अभियान समय-समय पर विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में अचानक रूप से संचालित किए जाते हैं, ताकि यात्रियों में अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना बनी रहे।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने यात्रियों से अपील की है कि वह बिना टिकट या गलत श्रेणी में यात्रा करने से बचें तथा नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि रेलवे का उद्देश्य केवल राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि यात्रा को सुरक्षित, स्वच्छ और अनुशासित बनाना है।रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया कि वह किसी भी समस्या या सहायता के लिए एकीकृत हेल्पलाइन नंबर 139 या ष्त्पस व्दमष् मोबाइल ऐप का उपयोग करें। इस अभियान के माध्यम से रेलवे ने स्पष्ट संदेश दिया कि बिना टिकट यात्रा और नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### फर्जी डिग्री देने के मामले में पिता-पुत्र समेत चार के खिलाफ किया गया मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** एसएसपी के आदेश पर थाना प्रभारी ने बाप-बेटे समेत चार लोगों के खिलाफ बीएससी नर्सिंग का कोर्स कराने के नाम पर करीब छह लाख रुपए लेकर फर्जी डिग्री देने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को दिये शिकायती पत्र में गांव बीजना निवासी शिव ओम ने कहा है कि वर्ष 23 को रिश्तेदार अमरनाथ निवासी गांव लालपुर मूंढापांडे एवं उसके साथियों राजेश कुमार गांव सिरसखेड़ा थाना मूंढापांडे और मुरशद निवासी हसन सुमाली स्वार रामपुर ने राजीव गांधी यूनिवर्सिटी एंड हेल्थ सेंटर बेंगलोर कर्नाटक से बीएससी नर्सिंग का कोर्स कराने के लिए पांच लाख 99 हजार सौ रुपए ले लिए। राजेश ने यूनिवर्सिटी की प्रोफेशनल डिग्री दे दी। यूपी में रजिस्ट्रेशन कराने के दौरान डिग्री फर्जी होने का पता चला। रिश्तेदारों को लेकर आरोपियों के पास गया तो राजेश एवं मुर्शद ने तीन लाख रुपए का चौक दे दिया। बाकी रकम बाद में लौटाने का आश्वासन दिया। चौक क्लियर करने बैंक में लगाया तो खाते में पैसे नही होने पर बाउंस हो गया। राजेश के घर शिकायत करने गया तो आरोपी राजेश उसके पिता वीर सिंह, अमरनाथ एवं मुर्शद ने रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाल दिवस की पूर्व संध्या पर प्रीतम कुंवर स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

**बिलारी।** प्रीतम कुंवर स्कूल प्रथम प्रधानमंत्री के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। किंडर गार्डन और प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने हीट द वाली, कप बैलेंस ,बाल बैलेंसिंग रेस , म्यूजिकल चेयर ,स्टैक एंड रन चौलेंज आदि रेसों का आनंद लिया। वहीं सीनियर वर्ग रिले रेस ,लंबी कूद ,गोला और भाला फेंक जैसे खेलों में प्रतिभाग करके आनंद लिया। खेलों का फाइनल बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को खेला जाएगा। इस अवसर पर निदेशिका सोनिया व नीरजा ,विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत ईश्वर , वरिष्ठ अध्यापक परमानन्द सक्सेना के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा। खेल दिवस के आयोजन में गतिविधि प्रभारी अमित सक्सेना, नायला खान, महक खान , हेमलता सक्सेना ,अंजू सिंह ,पीटीई नादिर रजा के साथ समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### दुर्घटना मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** क्षेत्र के गांव गोरा शाहगढ़ के रहने वाले मित्रपाल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया की उनका बेटा सत्यपाल व सोनम पुत्री सत्यपाल नयागांव सैदपुर की निवासी हैं। वह किसी काम से 25 अक्टूबर को शाम 5 बजे स्योंड़ारा जा रहे थे रास्ते में उसके बेटे को सोनम मिली। वह भी स्योंडारा जा रही थी। जिसे उसने बैठा लिया। इसी बीच गलत दिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे सतपाल व सोनम के गंभीर चोटें आई। जिन्हें मुरादाबाद ले जाया गया। दोनों की हालत गंभीर होने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने को थाने नहीं पहुंच सके। इस मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### टिमिट में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलिज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा कम्युनिटी एंगेजमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एकता सेवा समिति (पंजी.) के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें कॉमर्स एवं मैनेजमेंट के अनेक छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे हुआ। छात्रों ने समाजसेवा की भावना के साथ उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदान टीम ने बताया कि एक यूनिट रक्त तीन जीवन बचा सकता है, इसलिए युवाओं में इस प्रकार की पहल समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर टीमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने कहा कि "रक्तदान एक महान मानवीय कार्य है जो जीवन बचाने की भावना को साकार करता है। हमारे संस्थान के छात्र न केवल अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर हैं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी सदैव आगे रहते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में संवेदनशीलता, करुणा और समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराते हैं। टीमिट सदैव ऐसे सामाजिक अभियानों को प्रोत्साहित करता रहेगा जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर प्रो. विपिन जैन, ने कहा कि "रक्तदान मानवता का सबसे बड़ा उपहार है।

यह केवल एक व्यक्ति की जान नहीं बचाता, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदना और एकता की भावना को भी सशक्त बनाता है। मैं उन सभी छात्रों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस पुनीत कार्य में भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया है। टीमिट परिवार को गर्व है कि हमारे विद्यार्थी सदैव ऐसे नेक कार्यों में अग्रणी रहते हैं। मैं आशा करता हूँ कि भविष्य में भी छात्र इसी उत्साह और निष्ठा से समाजसेवा के कार्यों में योगदान देते रहेंगे।" "कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्रों को उनके सामाजिक योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे ही जनहितकारी कार्यों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया।

### तंबाकू मुक्त अभियान को लेकर दिलाई गई शपथ

**कुंदरकी।** तंबाकू मुक्त अभियान के अंतर्गत विकासखंड कुंदरकी के 50



ग्राम पंचायत के प्रधान एवं सचिव स्वास्थ्य विभाग के सी एच ओ एवं जिले से आए हुए डॉ प्रशांत राजपूत जनपद सलाहकार, पंकज चौहान सोशल वर्कर, सीमा यादव मुकेश कुमार एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप सिंह इन ग्राम पंचायत को तंबाकू मुक्त कैसे किया जाएगा उसकी ट्रेनिंग दी गई तथा उन्हें शपथ दिलाई दिलाई।

### फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी कर दी धमकी, ग्रामीण ने की कार्रवाई की मांग

ठाकुरद्वारा। सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने और धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम फरीदनगर निवासी गुफरान पुत्र मौ0 फारूख ने थाना ठाकुरद्वारा में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। गुफरान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह एक सीधा-सादा ग्रामीण व्यक्ति है। दिनांक 03 सितंबर 2025 की रात लगभग तीन बजे उसकी फेसबुक आईडी पर लुकमान बादशाह नाम के प्रोफाइल से अभद्र टिप्पणियां की गईं। यह फेसबुक आईडी थाना डिलारी के गांव कांकरखेड़ा, निवासी युवक की बताई जा रही है ।जो वर्तमान में दिल्ली स्थित एसबीआई बैंक में नौकरी करता है। गुफरान का कहना है कि उक्त व्यक्ति ने न केवल उसके और उसके परिजनों के फोटो पर अभद्र टिप्पणियां कीं, बल्कि फेसबुक चौटिंग में भी अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने भविष्य में भी इसी तरह की टिप्पणियां जारी रखने की धमकी दी। प्रार्थी ने बताया कि इस घटना से वह और उसका परिवार मानसिक रूप से काफी परेशान हैं और तनाव में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध शीघ्र सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## अब्दुल्लाह शाह का सालाना उर्स कुल शरीफ के बाद संपन्न

### मुल्क व कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए मांगी गई दुआ



**कुंदरकी।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू में रविवार को हजरत अब्दुल्लाह शाह रहमतुल्ला अलैह का 89 वा दो रोजा उर्स का रविवार की शाम को कुल शरीफ के साथ समापन हो गया। जिसमें दूर दराज से आए अकीदतमंदों के साथ-साथ हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने की शिरकत, मुल्क व कौम की तरक्की और खुशहाली के लिए मांगी गई दुआएं। बृहस्पतिवार को दरगाह शरीफ आने वाले जायरीनों के लिए लंगर का भी अहतमाम भी किया गया था। गौरतलब है कि हाथीपुर चित्तू स्थित हजरत अब्दुल्लाह शाह का 89 वा उर्स बुधवार से गुल व चादर पोशी कर मुल्क व कौम तरक्की की दुआ के साथ शुरू हुआ था।। हजरत अब्दुल्लाह शाह का यह 89 वा उर्स मनाया गया। हजरत अब्दुल्लाह के दरगाह पर दूर दराज से लोग आते हैं और चादर व गुल पोशी करते हैं लोगों अकीदा है की यहां पर जो भी जायज दुआएं मांगी जाती हैं वह पूरी होती हैं। जायरीन यहां पर नजरों नियाज भी करते हैंध् रविवार को 3 बजे कुल शरीफ का आयोजन किया गया कुल शरीफ में हजरत अब्दुल्लाह शाह दरगाह के सज्जादा नशीन हाजी नौशे मियाँ और इमाम हाफिज कमर आलम ने दुआ कराई। इस मौके पर मुख्य रूप से मुहम्मद जान तुर्की रियासत हुसैन फिरासत चौधरी हाजी बाबू , अरहान पाशा , गुड्डू पाशा, मजरुल , मासूम अली, बाबू, नाजिर हुसैन, मुहम्मद इस्लाम, अनीस प्रधान, जमीर अहमद, , ताहिर हुसैन, अबरार, अरहान पाशा, दिलशाद हुसैन, रियासत हुसैन, हाजी बाबू मुहम्मद नदीम, फैजान, कारी यूनुस, हाफिज नाजिम, हाफिज शमीम, मुसर्रत हुसैन उर्फ बाबू हाजी, हाजी जुनैद ,रियासत हुसैन, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद नदीम, , मोहम्मद हनीफ, मुहम्मद जीशान,इल्यास चौधरी, डॉक्टर नासिर हाजी इफ्तेखार हित आदि लोग मौजूद थे।

## सहारनपुर में मामा के घर गया मुरादाबाद का युवक हुआ लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र के गांव देवापुर शंभू वाली मिलक निवासी शहाबुद्दीन का परिवार इन दिनों गहरे दुख और चिंता में है। उनका बड़ा बेटा शुएब कई दिनों से लापता है। परिवार के अनुसार शुएब अपने मामू मोहम्मद जुनैद पुत्र नन्नू निवासी ग्राम खुशहालपुर, थाना टांडा, जिला रामपुर के साथ सहारनपुर गया था, जहां उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है।जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद जुनैद इन दिनों जनक नगर, थाना जनकपुरी, जिला सहारनपुर में किराए के मकान में रहते हैं और वहां अपनी दाढ़-दांत की लैब चलाते हैं। शुएब 20 जून को अपने मामू के साथ घूमने के लिए गया था, लेकिन इसके बाद वह वहीं रहने लगा। शहाबुद्दीन ने बताया कि 5 नवंबर की शाम मामू और भांजे के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद जुनैद ने शुएब को डांट दिया। इसी के बाद शुएब घर से बिना बताए निकल गया और अब तक वापस नहीं लौटा है।परिजनों ने बताया कि जब शुएब का कोई पता



नहीं चला तो उन्होंने अपने साले के साथ मिलकर थाना जनकपुरी, सहारनपुर में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी शुएब का कोई सुराग नहीं लग सका है।शुएब के पिता शहाबुद्दीन ने कहा, "हमारा बेटा कहां गया, किसी को कुछ पता नहीं। उसकी वजह से पूरा परिवार परेशान है। हमने पुलिस से बार-बार गुहार लगाई है कि हमारे बेटे को जल्द से जल्द खोजा जाए।"परिजनों का कहना है कि शुएब का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है और न तो किसी रिश्तेदार के पास वह गया है और न ही किसी ने उसे कहीं देखा है। अब परिवार सहारनपुर पुलिस से उम्मीद लगाए बैठा है कि वह लापता बेटे को ढूंढ निकालेगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि शुएब के गायब होने के बाद से शहाबुद्दीन का परिवार दिन-रात उसकी सलामती की दुआ कर रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एसडीएम के आदेश पर गाय का उपचार, भेजा गोशाला



**ठाकुरद्वारा।** नगर के एक मोहल्लें घायल अवस्था में बैठी गाय को देखकर मोहल्ले के लोगों ने सोशाल मीडिया पर घायल गाय का फोटो वायरल किया । इस पर उपजिलाधिकारी के आदेश पर घायल गाय का पशु चिकित्सक द्वारा उपचार किया। ब्तादें कि कई दिन से काले रंग की गाय नगर के मोहल्लो में घुमती नजर आ रही थी। शुक्रवार को वही गाय नगर के मोहल्ला नई बस्ती वार्ड 21 में घायल अवस्था में देखी गई। घायल गाय के फोटो खींचकर मोहल्ले लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। इस पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल ने गाय के मामले को गंभीर लेते हुए , तत्काल सूचना प्रशासन को दी। एसडीएम प्रीति सिंह के आदेश घायल गाय का उपचार किया गया। साथ ही एसडीएम के आदेश पर नगरपालिका टीम ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल के प्रयास से घायल गाय का उपचार कराकर गौशाला भेज दिया गया है।

## आईएफटीएम में 'प्राचीन और पारंपरिक भारतीय जल संरक्षण प्रणालियां' विषय पर आयोजित हुआ व्याख्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से ''कंटेंपरेरी एप्रोचेज इन साइंस एजुकेशन रिसर्च'' विषय पर चल रही इंटरएक्टिव व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग के द्वारा ''प्राचीन और पारंपरिक भारतीय जल संरक्षण प्रणालियां" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए बेहद आवश्यक हैं, क्योंकि ये उन्हें जल संकट, जलवायु परिवर्तन और घटते भूजल स्तर जैसी आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए टिकाऊ, स्थानीय और वैज्ञानिक समाधान के लिए जागरूकता प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में



उपस्थित स्कूल ऑफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. समीर चंद्रा ने अपने व्याख्यान में पारंपरिक जल प्रबंधन प्रणालियाँ कम लागत वाले टिकाऊ समाधान प्रदान करती हैं। गुजरात के वाव (सीढ़ीदार कुएँ), जैसे यूनेस्को-सूचीबद्ध रानी की वाव, जलगति इंजीनियरिंग और आद्र जलवायु नियंत्रण के एक परिष्कृत मिश्रण को प्रदर्शित करते हैं। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ये प्रणालियाँ जल के गैर-टिकाऊ उपयोग के नकारात्मक प्रभावों और जल संरक्षण के महत्व को उजागर करती हैं, जो विद्यार्थियों को भविष्य के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करती हैं। वहीं कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि ये प्रणालियाँ इंजीनियरिंग और जल प्रबंधन के प्राचीन उदाहरण प्रस्तुत करती हैं, जो विद्यार्थियों को रचनात्मक और नवीन समाधानों को समझने और विकसित करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ. प्रज्ञा पाली ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देश दीपक, डॉ. एस. डी. शर्मा, डॉ. पूजा नारंग, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. शोभित राज, डॉ. स्मिता ज्योति, डॉ. संजना तिवारी एवं डॉ. तृप्ति पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में डॉ. अशोक कुमार ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस व्याख्यान में स्कूल ऑफ साइंसेज के 56 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## अवैध खनन को लेकर भाकियू टिकेट का कुंदरकी थाने में प्रदर्शन, पुलिस पर पक्षपात के आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कुंदरकी क्षेत्र में बढ़ते अवैध खनन के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकेट) के कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को कुंदरकी थाना परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और थाने का घेराव कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।



भाकियू नेताओं का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। जब भी किसी ट्रैक्टर या वाहन को पकड़ा जाता है तो नाम मात्र की कार्रवाई कर छोड़ दिया जाता है। किसानों का कहना है कि यह सब पुलिस की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए, तो संगठन विस्तृत आंदोलन करेंगे। इस दौरान भाकियू टिकेट के स्थानीय पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए खनन माफियाओं और लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुंदरकी क्षेत्र में खनन माफिया सक्रिय हैं और पुलिस की ढीली कार्यशैली के कारण यह कारोबार फल-फूल रहा है।

## महानगर में निकाली गई एकता पदयात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत रत्न और लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नगर विधानसभा मुरादाबाद में "एकता पदयात्रा" का भव्य आयोजन किया गया। यह पदयात्रा नगर विधानसभा के विधायक रितेश गुप्ता के नेतृत्व में गुरुवार को शरबती धर्मशाला, बाजीगरान मंडी चौक से प्रारंभ की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान को याद किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री भाजपा चंद्र मोहन, विधानसभा प्रभारी मोहनलाल सैनी, महापौर विनोद अग्रवाल, नगर विधायक रितेश गुप्ता, तथा महानगर अध्यक्ष गिरीश भांडुला विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने एकता, अखंडता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ पदयात्रा में भाग लिया। पदयात्रा के दौरान



कार्यकर्ताओं ने एक भारत श्रेष्ठ भारतष, ष्आत्मनिर्भर भारत और ष्सरदार पटेल अमर रहें। जैसे नारे लगाते हुए राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश दिया। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए विभिन्न क्षेत्रों में पहुंची, जहां स्थानीय नागरिकों ने भी पुष्प वर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया।विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की अखंडता और एकता को सशक्त नींव दी, उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज का भारत उनकी ही एकता की भावना पर अग्रसर है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वह सरदार पटेल के आदर्शों पर चलते हुए समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को और सशक्त बनाएंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण के साथ किया गया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

देश की राजधानी और एनसीआर के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से लोगों की सांसे भारी पड़ रही हैं। किसी को नजला खांसी तो किसी को ब्रांकाइटिस और वायरल बुखार हो रहा है। क्या सरकार के पास इसे रोकने का कोई उपाय नहीं है, या सरकार के अधिकारी इस पर काम नहीं करना चाहते, यह मंथन का विषय है। गुरुवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार बवाना में सबसे उच्च एक्यूआई 460 दर्ज हुआ, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इस पर देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने भी नाराजगी जताई और कहा कि इससे बचने के लिए केवल मास्क ही पर्याप्त नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का साफ संदेश है कि इस पर सरकार को बहुत कुछ करने की जरूरत है, क्योंकि यह इसी साल नहीं, हर साल होता है और मामला सुप्रीम कोर्ट में चला जाता है। यानि हर साल लोगों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार से निर्देश दिया कि वे स्टबल बर्निंग यानी फसल अवशेष जलाने की रोकथाम में उठाए गए कदमों की पूरी जानकारी एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने कहा कि राज्य प्रशासन को वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। चीफ जस्टिस का कहना है कि इस मामले में ठोस प्रमाण और नीति कार्रवाई दिखाना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने आम जनमानस की चिंता की है, क्योंकि सीवियर एक्यूआई का स्तर सामान्य लोगों सहित हृदय और श्वसन संबंधी रोगों से प्रभावित लोगों के लिए खतरनाक है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि प्रदूषित हवा में लंबा समय बिताने से स्थायी स्वास्थ्य नुकसान हो सकता है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे बाहर निकलते समय मास्क पहनें और बच्चों तथा बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है। प्रदूषण बढ़ने से स्वास्थ्य पर कई प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं, जैसे सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी, अस्थमा, हार्ट डिजीज आदि। इस बढ़ते प्रदूषण से बचने के लिए कुछ जरूरी उपाय करना बेहद जरूरी। प्रदूषण से बचने के लिए एन 95 या पी100 मास्क का प्रयोग करें। यह मास्क हानिकारक कणों और प्रदूषकों को शरीर में प्रवेश करने से रोकने में मदद कर सकता है। खासकर बाहर जाते समय मास्क का प्रयोग अनिवार्य करें। घर के अंदर की एयर क्वालिटी को बेहतर बनाए रखने के लिए एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें। प्यूरीफायर हवा में मौजूद हानिकारक कणों को फिल्टर कर देता है और घर के अंदर शुद्ध वायु बनाए रखता है। जहां तक संभव हो हरी-भरी जगहों जैसे पार्क और बगीचों में समय बिताएं। ये स्थान तुलनात्मक रूप से कम प्रदूषित होते हैं और यहां की हवा ज्यादा स्वच्छ होती है। प्रदूषण के समय सुबह या देर शाम की बजाय घर के अंदर व्यायाम करें। बाहर की दौड़-भाग करने से बचें, क्योंकि उस समय प्रदूषक कण सांसों के साथ शरीर में जा सकते हैं। उद्योग प्रदूषण का प्रमुख कारक है। उद्योगों में ऊर्जा संसाधन के प्रयोग से अर्थात चिमनियों के धुएं से वायु प्रदूषण फैलता है। इसमें प्रयुक्त जल तथा उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जलाशयों में प्रवाहित किए जाते हैं, जिससे विभिन्न प्रकार के रसायन जल में घुलनकर प्रदूषित करते हैं। इसे मृदा प्रदूषण व भूमि प्रदूषण भी फैलता है। इनके अलावा दिल्ली और आसपास के राज्यों के किसान इस समय फसल के अवशेषों को जला देते हैं। उनका मानना है कि अवेशषों की राख खेत में खाद का काम करती है। 21 सदी में प्रवेश कर रहे भारत में ये धारणा भी प्रदूषण का कारण बनती है। सरकार का काम है कि किसानों को खाद अगर आसानी से उपलब्ध हो, तो वे ऐसा नहीं कर पाएंगे।

## हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं



दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है, जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, यह विस्फोट बेहद निंदनीय है, किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है, घटना की जांच होनी चाहिए, जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है, अगर हम हर कश्मीरी को एक ही नजर से देखेंगे और उसे आतंकवादी मानेंगे, तो लोगों को सही रास्ते पर लाना मुश्किल हो जाएगा, इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन उनके परिवारों या निर्दोष नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। **-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# और कितना गिरेंगे टीवी चैनल






**रजनीश कपूर**

**गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों।**

हाल ही में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा फैलाई गई, जिसने न केवल उनके परिवार और प्रशंसकों को दुखी किया, बल्कि देश के लाखों नागरिकों को भी भ्रमित कर दिया। यह घटना आज के मीडिया की विश्वसनीयता, जिम्मेदारी और नैतिकता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। आज का मीडिया, खघसकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सच्चाई की जगह टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें तेजी से प्रचारित करता है, बिना उसकी पुष्टि किए। इसके चलते न केवल सेलिब्रिटीज या किसी चर्चित व्यक्ति की निजता का उल्लंघन होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर तेजी से सोशल मीडिया और कई इलेक्ट्रॉनिक चौनलों पर फैल गई, जिसके बाद उनकी पत्नी हेमा मालिनी और बेटी ईषा देओल ने खुद सामने आकर इस खबर को गलत बताया। इस घटना ने दिखाया कि आज के मीडिया की जल्दबाजी और बिना जांच के खबर छापने की आदत कितनी खतरनाक है। इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन द्धप्थ्क्ष्ट।ऋ ने भी इस तरह की झूठी खबरों की निंदा करते हुए मीडिया से जिम्मेदारी और संयम का आह्वान किया है।

आज के मीडिया में टीआरपी द्धटेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्सऋ की दौड़ इतनी तेज है कि अक्सर सच्चाई और नैतिकता को पीछे छोड़ दिया जाता है। मनमाने दामों पर अधीक से अधिक विज्ञापन पाने की होड़ में, कुछ चौनलों को छोड़ कर ज्यादातर चौनल्स अपनी रेटिंग बढ़ाने के लिए ऐसी खबरें दिखाते हैं जो दर्शकों का ध्यान तुरंत खींचती हैं, चाहे वह सच हो या न हो। इसके चलते सेलिब्रिटीज या मशहूर हस्तियों की निजता का उल्लंघन होता है। उनकी निजी जिंदगी को खुले आम उजागर किया जाता है और उनकी तस्वीरें, वीडियो बिना अनुमति के शेयर की जाती हैं। यह न केवल अनैतिक है, बल्कि कानूनी .ष्टि से भी गलत है। आज के मीडिया में ऐसी खबरें छापने या प्रसारित करने का उद्देश्य केवल टीआरपी और लो. कप्रियता की भूख होता है, न कि सच्चाई को जनता तक पहुंचाना।किसी की भी निजी जानकारी का खुलासा करने से पहले यह जांच अवश्य करनी चाहिए कि उससे सार्वजनिक हित में कोई बड़ा लाभ होगा या नहीं। यदि नहीं है, तो उसका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। पुराने जमाने में जब टीवी चौनलों की भीड़ नहीं होती थी, मीडिया की जिम्मेदारी और नैतिकता बहुत ज्यादा थी। खबरें छापने व प्रसारित करने से पहले उनकी भरपूर पुष्टि की जाती थी और बिना जांच के कोई भी खबर नहीं छापी या दिखाई जाती थी। तब मीडिया का उद्देश्य सच्चाई और जानकारी देना होता था, न कि टीआरपी या लोकप्रियता बढ़ाना। आज की तुलना में तब की खबरें अधिक विश्वसनीय और जिम्मेदार थीं। तब के पत्रकार अपनी जिम्मेदारी को समझते थे और खबरों को छापने से पहले उनकी सत्यता की जांच करते थे। आज के मीडिया के एक विशेष वर्ग में इस तरह की जिम्मेदारी लगभग खत्म हो गई है। उनका उद्देश्य केवल अपने चौनल मालिकों या राजनैतिक आकाओं को खुश करना है।

गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता का अधिकार मौलिक अधिक. ार है, लेकिन इसकी व्याख्या और लागू करने के लिए और स्पष्ट नियम बनाए जाने चाहिए। इसमें सेलिब्रिटीज या मशहूर व्यक्तियों की निजी जानकारी, चिकित्सा इतिहास और व्यक्तिगत जीवन की जानकारी को बिना अनुमति के प्रका. शित करने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। ऐसे कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खघ्लिाफ कड़ी कार्यवाही का प्रावधान भी होना चाहिए, जिससे भविष्य में कि कोई भी ऐसी गलती करने से पहले कई बार सोचे। धर्मेंद्र की झूठी मौत की खबर ने एक बार फिर दिखाया कि आज का मीडिया अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को भूल चुका है। टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें छापना और सेलिब्रिटीज की निजता का उल्लंघन करना अब आम बात हो गई है। इससे न केवल सेलिब्रिटीज को नुकसान होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। मीडिया को अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को फिर से याद करना चाहिए और खबरें छापने से पहले उनकी पुष्टि करनी चाहिए। इससे ही मीडिया की विश्वसनीयता बनी रहेगी और जनता को सही जानकारी मिलेगी।नए कानूनों के साथ-साथ मीडिया और जनता के लिए जागरूकता अभियान भी जरूरी है, ताकि वे सेलिब्रिटीज की प्राइवेसी का सम्मान करें और उनकी निजी जानकारी को बिना अनुमति के न फैलाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बाल दिवस व राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का है खास महत्व



**शहजाद अली**

भारत हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाता है, जो स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। इसके कुछ दिनों बाद, 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है, जो बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है।बाल दिवस बच्चों के अधिकारों और कल्याण को समर्पित है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस देश की शिक्षा प्रणाली के विकास पर केंद्रित है। ये दोनों दिन एक राष्ट्र के रूप में भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। 14 नवंबर को, बाल दिवस मनाया जाता है।

यह दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है। नेहरू जी का मानना था कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और उनके उचित पालन-पोषण और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों - शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता के अधिकार - के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन बच्चों के जीवन में खुशी और उल्लास लाने के लिए समर्पित है, जहां स्कूलों और समुदायों में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और बाल दिवस, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जो कि एक बच्चे के पूरे जीवन को व्यवस्थित करता है।मौलाना आजाद की उपलब्धियां हमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व को बताती हैं, जबकि बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि यह शिक्षा हमारे बच्चों, हमारे भविष्य तक पहुंचनी चाहिए। एक शिक्षित और पोषित बचपन ही एक मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रख सकता है। ए दोनों दिवस मिलकर एक ऐसे भारत के सपने को साकार करने की प्रेरणा देते हैं, जहां हर बच्चे को सीखने, बढ़ने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने का अवसर मिले।

**कलाम आजाद का शैक्षिक योगदान**

भारत में हर साल 11 नवंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। यह दिन एक महान विद्वान, स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी नेता को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भारत की आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव रखी। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां असंख्य हैं, जिन्होंने देश के बौद्धिक और सांस्कृतिक स्वरूप को आकार देने में मदद की।

**मौलाना आजाद की उपलब्धियां और योगदान**

एक शिक्षा मंत्री (1947-1958) के रूप में, मौलाना आजाद का दृष्टिकोण केवल साक्षरता दर बढ़ाने तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समावेशी, आधुनिक और वैज्ञानिक सोच वाले समाज का निर्माण करना था।

**उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना**

आजाद ने भारत में वैज्ञानिक और तकनीकी शिक्षा के महत्व को पहचाना। उनकी पहल के परिणामस्वरूप कई प्रमुख संस्थानों की स्थापना हुईरू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान IITs भारत के पहले IIT (IIT खड़गपुर) की स्थापना 1951 में उनकी देखरेख में हुई, जिसका उद्देश्य देश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना था। इंडियन इंस्टिटड्ूट ऑफ साइंस बैंगलोर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग UGC उच्च शिक्षा के मानकों को विनियमित करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 1953 में UGC की स्थापना में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद AICTE तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने के लिए AICTE को भी उनके कार्यकाल में बल मिला। मौलाना आजाद का दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की पुरजोर वकालत की, इसे राष्ट्रीय प्रगति की कुंजी माना। उन्होंने महिला शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया, यह मानते हुए कि समाज की उन्नति के लिए महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है। सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्थाओं का विक. ासशिक्षा के अलावा, आजाद ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर भी ध्यान केंद्रित किया। उनकी पहल पर स्थापित प्रमुख अकादमियांरूसाहित्यअकादमी ,ललित कला अकादमी,संगीत नाटक अकादमी आदि ए संस्थान आज भी भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**शिक्षा का एक एकीकृत दृष्टिकोण**

आजाद ने शिक्षा के एक ऐसे मॉडल की कल्पना की जो पूर्वी आध्यात्मिक मूल्यों को पश्चिमी सामाजिक प्रगति और उपलब्धियों की अवधारणाओं के साथ एकीकृत करता हो। उनका उद्देश्य केवल अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि आलोचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और नागरिक उत्तरदायित्व का विकास करना था। मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को 2008 में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में घोषित किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को राष्ट्रीय मान्यता देता है।

# सर्दियों में कुछ ऐसे करें दुल्हनों का श्रृंगार



**शहनाज हुसैन**

सर्दियों को प्यार के खिलने और नई शुरुआत का मौसम माना जाता हैध्‍ सर्दियों का मौसम यानी शादियों का सबसे अच्छा समय आ रहा है। सर्दियों की शादी में जादुई आकर्षण होता है। सुहावने मौसम में ठंडी हवाएं और सुकून भरे माहौल में गर्म चटख रंगों की छटाएं समारोह को एक खूबसूरत तस्वीर जैसा बना देती है और इसीलिए दुलहन के इलाबा सभी पारिवारिक महिलाओं पर भी आकर्षक और खूबसूरत दिखने का दबाव बना रहता है। स्वाभाविक रूप से, एक दुल्हन के रूप में आप सर्दियों की शादियों के दौरान अधिक सहज महसूस करती हैं, भले ही आपको लंबे समय तक रस्मों और समारोहों में बैठना पड़ता है, लेकिन इस सारे आकर्षण के साथ एक खूबसूरती की चुनौती भी आती है। ठंड और शुष्क महीनों में अपनी दुल्हन की त्वचा को चमकदार और हाइड्रेटेड बनाए रखना। शादी के दिन दुल्हन का सुन्दर दिखना महज मेकअप या ड्रैस में ही जुड़ा नहीं होता बल्कि इसमें काफी हफ्तो की कड़ी मेहनत शामिल होती है। यदि शादी से कुछ हफ्ता पहले त्वचा के प्रति सावधनी बरती जाए तो यह शादी के दिन काफी मददगार साबित हो सकती है, सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क पड जाती है जबकि शुष्क त्वचा को क्रीम तथा तेल की मदद से माइस्चराइज तथा पोषक बनाना पड़ता है।

अपनी रोजाना फेशियल केयर रूटीन के अर्न्तगत अपनी त्वचा को दिन में दो बार साफ करें। रात्रि में सोने से पहले चेहरे पर जमी मैल को साफ करना अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। रात्रि को सोने से पहले प्रतिदिन त्वचा को साफ कीजिए तथा ताजे साफ पानी से धोईए। इसके लिए आप गुनगुना पानी उपयोग में ला सकती है। सामान्य तथा शुष्क दोनों प्रकार की त्वचा के लिए क्लीजिंग क्रीम या जैल का प्रयोग कीजिए। वैकल्पिक रूप में आप आधे कप ठण्डे पानी में तिल, सूरजमुखी तथा जैतून के वनस्पति तेल की पांच बूंदे मिलाकर इसे बोतल में डालकर भली भांति मिला लीजिए। अब काटनवूल की मदद से इस मिश्रण से त्वचा को साफ कीजिए। बाकी बचे मिश्रण को फीज में रख लीजिए। यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो क्लीनजींग लोशन या फेश वाश का प्रयोग कीजिए। तैलीय त्वचा के गहरे छिद्रों को साफ करने की जरूरत होती है। चावल के पाउडर को दही से मिलाकर हफ्ते में एक या दो बार लगाईए तथा त्वचा के दोनों ओर हल्के से रब करके पानी से धो डालिए। सर्दियों में तैलीय त्वचा में माथे पर काले धब्बे पड़ सकते है। सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क हो जाती है लेकिन जब इसमें क्रीम लगाई जाती है तो इससे चेहरे पर मुंहासे आ जाते है। इस समस्या के निदान के लिए एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन को 100 मिली लीटर गुलाब जल में मिला कर बोतल को फीज में रख दीजिए। इस लोशन को रोजाना त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए उपयोग कीजिए। सभी प्रकार की त्वचा में नमी तथा मुलायम बनाने के लिए शहद तथा अलोवेरा जैल का प्रयोग किया जा सकता है। इसे चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को स्वच्छ ताजें पानी से धो डालिए। सभी प्रकार की त्वचा के मामले में प्रतिदिन त्वचा को काटनवूल पैड से ठण्डे गुलाब जल से टोन कीजिए। त्वचा को साफ करके सहलाइए तथा इसके बाद तेजी से गुलाब जल से संचित काटनवूल पैड से पौछिए। इसे त्वचा की आभा निखरेगी। सामान्य से शुष्क त्वचा को रोजाना रात्रि को नारिशिंग क्रीम से पोषण किया जा सकता है। त्वचा को साफ करने के बाद क्रीम को पूरे चेहरे पर हल्की-हल्की मालिश करते हुए 2 मिनट बाद गीली काटनवूल से हटा लीजिए। चेहरे के लिए, मास्क का घर में मिश्रण बनाकर इसे हफ्ते में दो तीन बार लगाऐं। सामान्य से शुष्क तवचा के लिए दो चम्मच चोकर में एक चम्मच बादाम, दही शुद्ध तथा गुलाब जल मिलाईए। तैलीय तथा मिश्रित त्वचा के लिए तीन चम्मच जई में दही, शहद तथा गुलाब जल मिलाऐं।



इस सब का पेस्ट बना होठों तथा आंखों को धोकर बाकी चेहरे पर लगा ले तथा 20 मिनट बाद साफ पानी से धो डालिए। चेहरे पर फेस मास्क लगाने के बाद, दो काटनवूल पैड को गुलाब जल में भिगों दीजिए तथा इन्हें आई पैड की तरह प्रयोग कीजिए। इन्हें आंखों पर रख कर लेटकर कर आराम करें। इससे शरीर को काफी ताजगी तथा आराम मिलता है। गुलाब जल का काफी आरामदायक तथा शान्तिवर्धक प्रभाव पड़ता है। जिससे थकान दूर होती है तथा आंखों में चमक आ जाती है। आंखों के इर्द-गिर्द की त्वचा काफी पतली तथा संवे. दनशील होती है। इस भाग में झुर्रियां काफी आसानी से आ जाती हैं। आंखों के इर्द गिर्द क्रीम लगाकर 15 मिनट बाद गीले काटनवूल से धो डालिए। प्रतिदिन बादम तेल के प्रयोग करने तथा इसकी हल्के-2 मालिश करने से आंखों के इर्द-गिर्द त्वचा को निखारने में काफी मदद मिलती है। होठों की त्वचा भी काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी होती है।

सर्दियों में होठ आसानी से शुष्क तथा फट जाते है। होठों पर प्रतिदिन धोने के बाद बादाम तेल या बादाम क्रीम लगाकर पूरी रात लगी रहने दीजिए। दिन में त्वचा में नमी की कमी न होन दें। घर से निकलने से पहले सनस्क्रीन का चेहरे पर प्रयोग करें। ज्यादातर सनस्क्रीन क्रीमों में माईस्चराईज विद्यमान होते है। माइस्चराईजर क्रीम द्रव्य रूप में उपलब्ध होते है। अगर आपकी त्वचा में अत्याधिक शुष्कता है तो क्रीम का उपयोग कीजिए। सर्दियों में शरीर की त्वचा का तैलीय पौषाहार करना चाहिए। पुराने समय में त्वचा की देखभाल के लिए उबटन बनाया जाता था। सबसे पहले शरीर की तिल के तेल से मालिश की जाती है तथा उसके बाद घर में बनाया गया उबटन लगाया जाता है। यह उबटन मुख्यत: चोकर, बेसन, दही, मलाई तथा हल्दी का मिश्रण होता है। इस सबका मिश्रण करके इसे नहाने से पहले शरीर पर लगाया जाता है तथा आधा घंटा बाद उबटन को रगड़कर हटाकर स्नान किया जाता है। इससे नहाने के दौरान त्वचा की मृत कोशिकाओं का साफ करने में मदद मिलती है जिससे त्वचा चमकीली चिकनी, मुलायम होकर निखर जाती है। चमकीली त्वचा के लिए सभी संघटको को पोटली में डालकर पोटली को गीला कर शरीर के सभी अंगों पर रगड़ने तथा उसके बाद स्नान कर लें। पाऊडर, दूध, बादाम, चावल पाऊडर तथा गुलाब की पंखुडियों का मिश्रण तैयार कर लें।

इस मिश्रण को त्वचा पर लगाने से त्वचा साफ, मुलायम हो जाती है तथा इसमें प्राकृतिक आभा आ जाती है। इससे शरीर रेशम की तरह मुलायम हो जाता है तथा शरीर में ताजगी तथा प्राकृतिक सुगन्ध आती है। शादी से पहले सभी दुल्हनें किसी न किसी प्रकार के तनाव के दौर से गुजरती है जिसका प्रतिदिन उनके चेहरे पर झलकता है। इस प्रकार के मानसिक तनाव की मुक्ति के लिए आराम काफी मददगार साबित होता है। शारीरिक व्यायाम से मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। शादी से कुछ माह पहले नियमित रूप से व्यायाम कीजिए तथा सुबह सैर के लिए निकलिए। वास्तव में सुबह की सैर शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक साबित होती है। शरीर तथा मन की शांति के लिए लम्बी सांसे तथा ध्यान काफी लाभदायक साबित होते है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से आठ लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी कालीमंतन प्रांत में महाक. ाम नदी में एक जहाज के डूबने से आठ लोग की मौत हो गई। प्रांत के खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख डोडी सेतियावान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार शाम को घटित हुई। तीन चालक दल के सदस्यों सहित 28 लोगों को ले जा रहा जहाज पश्चिम कुताई रीजेंसी में नदी के ऊपरी इलाके में डूब गया। उन्होंने बताया कि 20 लोगों को बच गए थे, जबकि जबकि आठ अन्य के लापता होने की सूचना मिली थी।

### भर्ती प्रक्रिया के दौरान मची भगदड़ में छह की मौत, 37 घायल

**अकरा।** घाना की राजधानी अकरा में बुधवार को सैन्य भर्ती अभ्यास से पहले मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई, 37 अन्य लोग घायल हुए हैं। घाना सशस्त्र बलों ने एक बयान में कहा है कि ए छह लोग उन लोगों में शामिल थे जो एल-वाक स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आए थे। बयान में कहा गया कि घाना सशस्त्र बलों को आम जनता को 2025/2026 भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले हुई मची भगदड़ की सूचना देते हुए गहरा दुख हो रहा है। इस घटना में छह संभावित रंगरूटों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

### रूस में अस्पताल में आग लगने से सात लोग घायल

**मास्को।** रूस के सारातोव क्षेत्रीय संक्रामक रोग क्लिनिकल अस्पताल में बुधवार देर रात आग लगने से सात लोग झुलस गए। क्षेत्रीय कानून प्रवर्तन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। सारातोव क्षेत्र के अभियोजक कार्यालय के अनुसार स्थानीय समयानुसार देर रात 2:40 बजे आग लग गई। आग ने अस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्थित तीन उपचार कक्षों को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें सात लोग झुलस गए। इन सभी का इलाज चल रहा है।


नई दिल्ली। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पानी की बूंदों को छिड़काव करती एंटी स्मॉग गन।

## श्रीलंका ने 2025 में 328 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार


**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 2025 में अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अब तक 328 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी श्रीलंका के एक उप मंत्री ने गुरुवार को दी। श्रीलंका के मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन उप मंत्री रत्ना गामेज ने संवाददाताओं से कहा कि नौसेना ने मछुआरों द्वारा उपयोग किए गए 41 मछली पकड़ने वाले नावों को भी जब्त किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में विदेशी मछुआरों के अवैध प्रवेश पर नकेल कसने के लिए अभियान तेज कर दिया है तथा 2024 की तुलना में इस वर्ष गिरफ्तारियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री गामेज ने कहा कि इन प्रयासों में नौसेना को मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन मंत्रालय तथा श्रीलंकाई पुलिस का सहयोग प्राप्त है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले विदेशी मछुआरे स्थानीय मछुआरों एवं देश के समुद्री पर्यावरण के लिए अस्तित्व का खतरा उत्पन्न करते हैं।

# पाकिस्तान के संविधान में 48 अनुच्छेद में बदलाव

## आर्मी चीफ आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का कमांड मिला, विपक्ष नाराज, बिल की कापियां फाड़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की शक्तियों को बढ़ाने और सुप्रीम कोर्ट के ताकत को कम करने वाले 27वें संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दे दी। पाकिस्तानी आब्जर्वर की रिपोर्ट के मुताबिक, इस संशोधन में 48 आर्टिकल में बदलाव का प्रस्ताव दिया गया है।

नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया। चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया, जबकि सीनेट ने इसे दो दिन पहले ही मंजूर कर लिया था। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साइन के बाद यह कानून बन जाएगा। मुनीर को तीनों सेनाओं का चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) बनाया जा रहा है। यह 27 नवम्बर 2025 से लागू हो जाएगा। पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी। अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद भी वह अपने पद पर बने रहेंगे और


■ नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया, चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया

उन्हें आजीवन कानूनी छूट मिलती रहेगी। वहीं, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। कुछ विपक्षी दलों ने बिल की कापियां फाड़ दीं।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष नवाज शरीफ 12 नवम्बर को नेशनल असेंबली के सत्र में मौजूद रहे। 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड (एनएससी) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निंगरानी और नियंत्रण करेगी। अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथारिटी (एनसीए) के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएससी के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख (सीडीएफ) की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा। 10 मुख्य संशोधन-सेना प्रमुख को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस की जिम्मेदारी मिलेगी, अगर किसी अधिकारी को फील्ड मार्शल, मार्शल ऑफ द एयर फोर्स या एडमिरल ऑफ द फ्लीट की रैंक दी जाती है, तो यह रैंक आजीवन रहेगी। फील्ड मार्शल को राष्ट्रपति जैसी सुरक्षा, बिना सरकार की इजाजत के कोई आपराधिक मुक. दमा नहीं चल सकता। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश अपनी अवधि पूरी होने तक चीफ जस्टिस बने रहेंगे, फेडरल कान्सटीटयूशन कोर्ट की स्थापना होगी, याचिकाओं पर सुओ मोटो (स्वत: संज्ञान) लेने का अधिकार,कानूनी नियुक्तियों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की अहम भूमिका रहेगी, राष्ट्रपति को कार्यकाल के बाद कोई सार्वजनिक पद लेने पर छूट सीमित, हाई कोर्ट जजों के तबादले न्यायिक आयोग तय करेगा, तबा. दलों पर आपत्ति सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल देखेगी।

# अमेरिका आओ, हमें प्रतिशिक्षत करो और घर जाओ

## ट्रम्प प्रशासन अब देश की एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की कर रहा है तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन अब एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी कर रहा है। नई नीति के तहत विदेशी कुशल कामगारों को अमे. रिका में अस्थायी रूप से बुलाया जाएगा, ताकि वे अमेरिकी कामगारों को उच्च तकनीकी कामों की ट्रेनिंग दे सकें, और उसके बाद वापस अपने देश लौट जाएं।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि यह नीति ट्रम्प के उस बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके जरिए वे महत्वपूर्ण उद्योगों को दोबारा अमेरिका में लाना और आयात पर निर्भरता घटाना चाहते हैं। स्काट बेसेंट ने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति की सोच यह है कि विदेशी विशेषज्ञों को तीन, पांच या सात साल के लिए अमेरिका लाया जाए ताकि वे यहां के कामगारों को प्रशिक्षित करें। उसके बाद वे लौट जाएं और अमेरिकी कामगार उनकी जगह काम संभालें।

उन्होंने इसे ज्ञान हस्तांतरण (नालेज ट्रांसफर) की रणनीति बताया। इसके तहत अमेरिकी सरकार सेमीकंडक्टर, जहाज निर्माण और प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग जैसे उद्योगों को फिर से खड़ा करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 20-30 वर्षों में हमने प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग या शिपबिल्डिंग जैसी चीजें देश में नहीं की



■ खत्म हुआ अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन, बिल पर ट्रम्प ने किए हस्ताक्षर
■ अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा: स्कॉट

हैं। अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा। हमें कुशल विदेशी विशेषज्ञों की जरूरत है, जो अमेरिकियों को सिखा सकें। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे अमेरिकी नौकरियां खतरे में पड़ेंगी, तो उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि एक अमेरिकी उस नौकरी को नहीं पा सकता। सच यह है कि, अभी नहीं पा सकता। हमें उन्हें तैयार करना होगा, और इसमें विदेशी विशेषज्ञ मदद करेंगे। बेसेंट ने आगे कहा कि विद. ेशी पार्टनर्स आकर अमेरिकी कामगारों को सिखाएं, यही असली जीत है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने इस बातचीत में ट्रम्प प्रशासन की आर्थिक नीतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया की कि प्रशासन +100000 से कम आय वाले परिवारों को +2000 का टैरिफ छूट देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, श्राष्ट्रपति चाहते हैं कि मजबूत व्यापार नीति का फायदा हर परिवार तक पहुंचे। +2000 का छूट इसी दिशा में एक कदम है। अमेरिकी वित्त मंत्री आगे ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की दृष्टि समान समृद्धि की है। इसके लिए जरूरी है कि अमे. रिकी ट्रेजरी मार्केट स्थिर और मजबूत रहे, ताकि अर्थव्यवस्था में भरोसा बना रहे। दूसरी ओर अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन आखिरकार खत्म हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस ने शटडाउन खत्म करने वाले विधेयक को पारित किया। जिस पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने हस्ताक्षर कर दिए। इसके साथ ही 43 दिन तक चला शटडाउन खत्म हो गया। शटडाउन खत्म करने के समझौते के तहत बीते 43 दिनों में नौकरी से निकाले गए संघीय कर्मचारियों को फिर से नौकरी पर बहाल किया जाएगा। प्रतिनिधि सदन में सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी ने 222-209 के मतों से विधेयक पारित करा लिया। सीनेट पहले ही इस विधेयक को पारित कर चुकी थी और अब बस राष्ट्रपति ट्रम्प के भी हस्ताक्षर हो गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने विधेयक पारित होने को बहुत बड़ी जीत बताया। गौरतलब है कि डेमोक्रेटिक पार्टी किफायती देखभाल कानून के तहत मिलने वाले स्वास्थ्य कवरेज के लिए टैक्स क्रेडिट बढ़ाने की मांग कर रही थी। इस साल के अंत में यह टैक्स क्रेडिट खत्म हो रही है। अगर सरकार टैक्स क्रेडिट नहीं बढ़ाती है तो लोगों को मिलने वाला स्वास्थ्य कवरेज महंगा हो जाएगा।

## अमेरिका ने भारतीय कंपनी पर लगाए प्रतिबंध

■ ईरान के मिसाइल और यूएवी कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने का मामला

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने के मामले में भारत , चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, और अन्य क्षेत्रों में 32 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

अमेरिकी वित्त विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इन प्रतिबंधित कंपनियों में एक भारतीय कंपनी फार्मलेन प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। उस पर मिसाइल उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण रासायनिक पूर्व-उत्पाद उपलब्ध कराने का आरोप है। भारतीय कंपनी एमवीएम पार्टनरशिप नेटवर्क का हिस्सा थीं जिसने 2023 से चीन से सैकड़ों मीट्रिक टन मिसाइल प्रणोदक सामग्री खरीदी है। इन सामग्रियों का उपयोग अमोनियम परक्लोरेट के निर्माण में किया जाता है जो ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर्स का एक प्रमुख घटक है। अमेरिका का आरोप है कि इस भारतीय कंपनी ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम्स के लिए सामग्री और टेक्नोलॉजी मुहैया कराई।

वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) की ओर से यह कार्रवाई, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, चीन, हांगकांग, भारत, जर्मनी और यूक्रेन में 32 व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रभावित करने वाले एक व्यापक प्रतिबंध पैकेज का हिस्सा है। यह कदम ईरान की सैन्य क्षमताओं पर अंकुश लगाने के अमे. रिकी प्रयासों को दर्शाता है। प्रतिबंधित कंपनियां कथित तौर पर ईरान के हथियार उत्पादन का समर्थन करने वाले कई खरीद नेटवर्क का हिस्सा थीं।

## कांगो में 2.5 करोड़ लोग कर रहे खाद्य संकट का सामना: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में लगभग 2.5 करोड़ यानी कुल आबादी का 20 प्रतिशत से ज़्डादा लोग गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफ़न दुजारिक ने बुधवार को एक दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि डीआरसी खाद्य असुरक्षा से सबसे जयादा प्रभावित देशों में से एक है और पूर्वी हिस्से में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा कि नवीनतम एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण विश्लेषण के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में यह संख्या लगभग 2. 7 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) उत्तरी किवु प्रांत के बेनी और लुबेरो क्षेत्रों और इतुरी प्रांत में नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर बेहद चिंतित है। इस साल की शुरुआत से इन दोनों प्रांतों में कथित तौर पर 1000 से जयादा लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका प्रभाव विनाशकारी रहा है।

# बलूचिस्तान में बगावत की आग भड़कने से दहशत

■ प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गृहयुद्ध जैसे हालात गहराते जा रहे हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से आम नागरिकों की हत्याओं और बलोच नेताओं के अपहरण की घटनाओं के बीच बलूचिस्तान में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी सुरक्षा अलर्ट के बाद राजधानी क्वेटा को छोड़कर पूरे बलूचिस्तान प्रांत में इंटरनेट बैन लगा दिया गया है। बलूचिस्तान प्रांत की सरकार के गृह विभाग की ओर से बुधवार (12 नवम्बर, 2025) को जारी अलर्ट के बाद 16 नवम्बर, 2025 तक के लिए मोबाइल इंटरनेट को बैन कर दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग एन-70 के लोरलाई खंड तक गाड़ियों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। ये रोक 14 नवम्बर तक जारी रहेगी। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने का ये फैसला प्रांत में सुरक्षा अलर्ट और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया है। अधिकारियों ने ये भी एलान किया कि क्वेटा के कैंटोनमेंट इलाके के सारे स्कूल सुरक्षा कारणों से 16 नवम्बर तक बंद रहेंगे। बलूचिस्तान प्रांत के अधिकारियों ने कहा कि प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। क्वेटा में ये प्रति. बंध लागू नहीं होगा। हालांकि बुधवार को क्वेटा में कई इंटरनेट यूजर्स ने सेवाओं के काम न करने की शिकायत दर्ज कराई थी। गृह विभाग की ओर से सारे जिला प्रशासनों, पुलिस और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस फैसले को तत्काल लागू कराया जाए। इसके साथ ही जनता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। बलूचिस्तान में लंबे समय से बलोच आर्मी की ओर से पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाया जाता रहा है। वहीं जवाबी कार्रवाई पाकिस्तानी सेना भी बलोच नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों पर भी जुल्म ढाने में कोई कोताही नहीं बरतती है। 18 सितम्बर, 2025 को पाकिस्तानी सेना ने बलूचिस्तान के जेहरी इलाके में एयरस्ट्राइक की थी, जिसमें 3 आम नागरिक मारे गए थे।

## तुर्की सैन्य विमान दुर्घअना में मारे गए 20 सैनिकों के शव मिले

**अंकारा।** जॉर्जिया में तुर्की के सैन्य विमान हादसे में मारे गए सभी 20 सैनिकों के शव मिले गए हैं। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लॉकहीड सी-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को कहा था कि दुर्घटना में मारे गए 19 सैनिकों के शव मिल गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अज़रबैजान-जॉर्जियाई सीमा पर सैन्य परिवहन विमान दुर्घटना स्थल पर तलाशी अभियान में 20वें मृत सैनिक का शव बरामद कर लिया गया है।

# बांग्लादेश में 15 फरवरी तक होंगे संसदीय चुनाव

## अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस का ऐलान, 17 नवम्बर को शेख हसीना को सजा सुनाई जाएगी

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में 15 तारीख से पहले संसदीय चुनाव होंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने देश को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी। वहीं, शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मानवता के खिलाफ अपराध मामले में आज फैसले की तारीख का ऐलान हो गया है। ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) 17 नवम्बर, सोमवार को अपना फैसला सुनाएगी।

आज फैसले से पहले आईसीटी के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैसले के खिलाफ अवामी लीग ने लाकडाउन का ऐलान किया था। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता गुरुवार को ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर



जुलूस भी निकाले। दूसरी तरफ बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर करीब 1 बजे प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग के मुख्यालय में आग लगा दी।

ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक करीब 10 से 15 लोगों ने इमारत की चौथी मंजिल पर लकड़ियां, पेपर कार्टन और अन्य सामान इकट्ठा करके आग लगा दिया। 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार गिरने के बाद भी इसी इमारत में आग लगाई गई थी। अवामी लीग को बांग्लादेश को बैन किया जा चुका है। यूनुस ने यह भी घोषणा की कि जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) भी संसदीय चुनाव के दिन कराया जाएगा, जिस दिन संसदीय चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि मकसद देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना है। जुलाई 2025 में, देश के राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों के बीच एक 'जुलाई चार्टर' नाम का संविधान सुधार प्रस्ताव बना था। इसमें 4 अहम चीजें तय करने की को. शिश हुई थी। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने आज घोषणा की कि राष्ट्रीय चुनाव और जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह दोनों एक ही दिन होंगे। सरकार ने यह फैसला मौजूदा राजनीतिक संकट को सुलझाने के प्रयास के तहत लिया है। यूनुस ने गुरुवार दोपहर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि जनमत संग्रह में जनता से जुलाई चार्टर को लागू करने के आदेश पर राय मांगी जाएगी।

# पाक से 3 महीने में बिजनेस बंद करेगा अफगान

## तालिबान ने अफगानी व्यापारियों को अल्टीमेटम दिया, कहा: कोई दूसरा रास्ता तलाशें

ढाका। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने व्यापारियों और उद्योग. पतियों से बिजनेस के दूसरे रास्ते तलाशने को कहा है।

अफगानिस्तान के उपप्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने कहा कि, पाकिस्तान के साथ सीमा बंद होने से व्यापार ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे हर महीने करीब 200 मिलियन अमेरिकी डालर (लगभग 1700 करोड़ रुपये) का नुकसान हो रहा है। बरादर ने सीमा बंदी को 'आर्थिक युद्ध' करार दिया। उन्होंने पाकिस्तान से आने वाली दवाओं की खराब क्वालिटी की भी आलोचना की। साथ ही लेन-देन खत्म करने के लिए 3 महीने का समय दिया है। वहीं,


■ व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की

व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की। अजीजी ने कहा कि पाकिस्तान ने अक्सर बाधाएं खड़ी की हैं, खासकर फलों के निर्यात के मौसम में। ये रुकावटें बिना किसी बुनियादी या तार्किक आधार के हैं, और ये दोनों देशों के लिए नुकसानदेह हैं। दोनों देशों के बीच तोरखम और स्पिन बोल्डक सहित पांच प्रमुख क्रासिंग एक महीने से ज्यादा से बंद हैं। उपप्रधानमंत्री बरादर ने कहा कि अफगानिस्तान को अक्सर राजनीतिक दबाव के तहत निशाना बनाया जाता है। व्यापार संबंधों और शरणार्थियों की कठिनाइयों का इस्तेमाल राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए किया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह नकारा नहीं जा सकता कि व्यापार के मामले में सभी देश आपस में निर्भर हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान को सीमेंट, दवाइयां, आटा, स्टील, कपड़े, फल और सब्जियां निर्यात करता है, जबकि वो सीमा पार से कोयला, साबुन पत्थर, मेवे और ताजे फल आयात करता है। फल, सब्जियां, मांस, डेयरी जैसे प्रोडक्ट एक-दूसरे को भेजते हैं। बरादर ने कहा कि अगर पाकिस्तान व्यापार मार्गों को फिर से खोलने का इरादा रखता है, तो उसे इस बात की पुख्ता गारंटी देनी होगी कि किसी भी कारण से या किसी भी परिस्थिति में सीमाएं फिर से बंद नहीं होंगी। यह बयान दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है। जो हाल के हफ्तों में सीमा पर हुई झड़पों से और बढ़ गया है।

## कनाडा ने रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध

**ओटावा।** कनाडा ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र, सैन्य क्षमताओं और साइबर बुनियादी ढांचे से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि ये उपाय देश के विशेष आर्थिक उपाय (रूस) विनियमों के तहत 13 व्यक्तियों और 11 संस्थाओं को लक्षित करते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, ये उपाय रूस की पारंपरिक और हाइब्रिड सैन्य क्षमताओं को कम करने के साथ-साथ उसके ऊर्जा राजस्व और वित्तीय संसाधनों को भी प्रभावित करने पर केंद्रित हैं। लक्षित लोगों में रूस के ड्रोन कार्यक्रम से जुड़े कई व्यक्ति और संस्थाएं शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि ये उपाय पहली बार कनाडा द्वारा उन संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने का भी संकेत देते हैं जो यूक्रेन के खिलाफ रूसी हाइब्रिड रणनीतियों में कथित तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले साइबर बुनियादी ढांचे की आपूर्ति करती हैं। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंधों में कई रूसी तरलीकृत प्राकृतिक गैस संस्थाओं के साथ-साथ रूस के छाया बेड़े के हिस्से के रूप में वर्णित 100 जहाजों को भी सूचीबद्ध किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये कदम अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा हाल ही में घोषित प्रतिबंधों के अनुरूप उठाए गए हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108